वाराणसी, रविवार, 9 अप्रैल, 2023

बैशाख मास, कृष्ण पक्ष 3, वर्ष 12, अंक 60, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news






अन्दर : ट्रेंट बोल्ट के झटकों से जीता राजस्थान रॉयल्स

अन्दर : 'जाली' की अवधारणा के खिलाफ 'जाली किताब'

# यूपी में कानून का राज : सीएम योगी

## गोरखपुर में किया पेप्सिको फ्रेंचाइजी के दूसरे सबसे बड़े प्लांट का शिलान्यास

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखनगरी में अंतरराष्ट्रीय कंपनी पेप्सिको के फ्रेंचाइजी प्लांट का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पेप्सिको का प्लांट लगने से 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा, इसके अलावा कई लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। गोरखपुर में इतने प्लांट लग रहे हैं कि अब युवाओं को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि यूपी में अपराध कम हो गए हैं। यहां पुलिस का राज चल रहा है, वहीं कानून के डर से अपराधियों की पैंट गीली हो जा रही है। उन्होंने कहा कि एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्यूमबल गुड्स) का बड़े प्लांट लगने से रोजगार के साथ ही छोटी आपूर्तिकर्ता कंपनियों, पैकेजिंग और ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर का विस्तार होगा। कंपनी गोरखपुर के अलावा प्रयागराज, अमेठी और चित्रकूट में भी प्लांट लगाएगी।

### बोले सीएम

**डर से अपराधियों की पैंट गीली हो रही, छह वर्षों में बदल गई गोरखपुर की छवि**

पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज ने गीडा में करीब 1100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू किया है। इस निवेश के धरातल पर आने से 1500 लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार मिलेगा। गीडा की तरफ से औद्योगिक गलियारे में इसके लिए 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। सीएम ने कहा कि आम समाज को जागरूक करने में प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका होती है। आज यूपी और गोरखपुर विकास व सुशासन के जिस नए प्रतिमान को स्थापित कर रहा है, उसमें प्रबुद्धजनों की बड़ी भूमिका है। इसी का परिणाम है कि देश में यूपी और गोरखपुर की छवि बदली है। योगी ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा हमेशा आगे बढ़ाती है। इसी का परिणाम है कि सुशासन व बेहतर कानून व्यवस्था के जरिए निवेश, पर्यटन, आर्थिक समेत सभी क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदेश ने खुद को स्थापित किया है। गोरखपुर इसका उदाहरण है। गोरखपुर पहले उपेक्षित था। कानून व्यवस्था, यहां की छवि, बिजली, सड़कें, संपर्क माध्यम की सुविधा ठीक नहीं थी। कोई निवेश नहीं करना चाहता था। गोरखपुर के नाम से लोगों में भय होता था, लेकिन पिछले छह वर्षों में गोरखपुर की छवि बदल गई है। अब गोरखपुर का नाम लेने से सम्मान का भाव प्रदर्शित होता है। इसे बरकरार रखने और अभिवृद्धि करने का दायित्व हर नागरिक पर है।

इस प्लांट में तीन लाख लीटर दूध की खपत रोज होगी। फल की जरूरत होगी। अब हर मौसम में किसान एवं पशुपालकों को अच्छा दाम मिलेगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू हुआ था और आज यह योजना धरातल पर उतर रही है। अभी प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में तीन और प्लांट लगेंगे। इससे छह हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व 50 हजार किसानों व पशुपालकों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यही सपना है। मुख्यमंत्री नर कहा कि लिंक एक्सप्रेस वे भी प्लांट लगने तक बन जाएगा। यहां से सवा तीन घण्टे में लखनऊ, दो घण्टे में बनारस पहुंच सकेंगे। उत्पाद ले जाने के लिए सड़क मार्ग, रेल मार्ग व बनारस से जलमार्ग की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ढेर सारे उद्योग आ रहे हैं। धुरियापार तक एक हजार एकड़ जमीन देने जा रहे हैं। प्लास्टिक पार्क विकसित होगा।



### प्रयागराज, अमेठी व चित्रकूट में भी लगेगा प्लांट

सीएम ने कहा कि फास्ट मूविंग कंज्यूमबल गुड्स का बड़ा प्लांट लगने से रोजगार के साथ ही छोटी सप्लायर कंपनियों, पैकेजिंग और ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर का विस्तार होगा। कंपनी गोरखपुर के अलावा प्रयागराज, अमेठी और चित्रकूट में भी प्लांट लगाएगी। योगी ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा हमेशा आगे बढ़ाती है। इसी का परिणाम है कि सुशासन और बेहतर कानून व्यवस्था के जरिये निवेश, पर्यटन, आर्थिक समेत सभी क्षेत्रों में विकास के लिए प्रदेश ने खुद को स्थापित किया है। गोरखपुर इसका उदाहरण है। गोरखपुर पहले उपेक्षित था। कानून व्यवस्था, यहां की छवि, बिजली, सड़कें, संपर्क माध्यम की सुविधा ठीक नहीं थी। कोई निवेश नहीं करना चाहता था। अब गोरखपुर का नाम लेने से सम्मान का भाव प्रदर्शित होता है। इसे बरकरार रखने और अभिवृद्धि करने का दायित्व हर नागरिक पर है।

# मां ने दो बच्चों का सिर काट धड़ से किया अलग

## नौ वर्षीय परी बची, मां की खराब थी मानसिक स्थिति

### गाजीपुर में वारदात

**दोनों के कटे सिर को अलग-अलग कमरे में छिपाया पति आर्मी में है तैनात**

**बेटी का सिर बेडरूम में, बेटे का बगल वाले कमरे में मिला**

**बिरनो/मरदह(गाजीपुर)।** थाना क्षेत्र के हमीरपुर बिजौरा गांव में एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। एक मां ने अपने ही दो बच्चों की चाकू से हत्या कर उनका सिर धड़ से अलग कर दिया। गनीमत रही कि नौ वर्षीय बच्ची जिसका नाम परी था बाल-बाल बच गई। हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर कई थाने की फोर्स मौजूद है और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। हमीरपुर निवासी रामबचन यादव के दो लड़कों में अजित यादव आर्मी में है वह जम्मू-कश्मीर में तैनात है, जबकि दूसरा बेटा अमित घर पर रहता है। ससुर राम बचन यादव ने बताया कि रात को सभी लोगों ने साथ में खाना खाया और सोने चले गए। इस दौरान अजित की पत्नी नीतू यादव (35) भी अपने तीनों बच्चों को लेकर जिनकी हार्दिक (10), हैप्पी (6) साल, जबकि बच्ची (9) साल की परी को लेकर अपने कमरे में सोने चली गई। इस दौरान रात्रि में चाकू से वार कर दोनों बच्चों की हत्या कर सिर धड़ से अलग कर दिया। गनीमत रही कि तीसरी बच्ची बच गई।

ससुर ने बताया कि रात में बहू नीतू ने पोती हार्दिक और पोता हैप्पी की गला काटकर हत्या कर दी। शनिवार सुबह जब बच्चे नहीं दिखे, तो मैंने उसने बच्चों के बारे में पूछा। जवाब में उसने कहा कि दोनों बच्चों की हत्या कर दी है। इतना कहते ही मेरे ही सामने उसने चाकू से अपना गला काटने का प्रयास किया। ये देखते ही मैंने शोर मचा कर बाकी लोगों को बुलाया और हाथ से चाकू छीन कर उसे कमरे में बंद कर दिया। ससुर ने बताया कि इसके बाद हमने बच्चों की तलाश की। हमें बेटी हार्दिक का सिर नीतू के बेडरूम में बेड के सिरहाने पड़ा मिला। जबकि हैप्पी का सिर बगल वाले कमरे में था। दोनों के धड़ बेडरूम में ही पड़े थे। बच्चों की सिर कटी लाशें देखकर रूह कांप गई। पूरे कमरे में सिर्फ खून ही खून नजर आ रहा था।

सूचना मिलते ही मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कमरा खुलवा कर नीतू को पकड़ा और गिरफ्तार कर थाने ले गई। एसपी ओमवीर सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। एसपी ने बताया कि महिला ने अपने दो बच्चों की गला काटकर हत्या की है। परिजनों के अनुसार महिला मानसिक रूप से परेशान है। उसका इलाज भी चल रहा है। पति सेना में जम्मू-कश्मीर में तैनात है। उन्हें सूचना दे दी गई है। बातचीत में महिला मानसिक रूप से कमजोर लग रही है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। पति के आने पर कार्रवाई आगे बढ़ाई जाएगी।



पुलिस गिरफ्त में हत्यारिन मां नीतू यादव।

# विपक्षी दलों की छवि धूमिल करना षड्यंत्र, इसकी जांच हो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों की छवि धूमिल करने के लिए सत्ताधारियों द्वारा पोषित वेबसाइटों, फेसबुक पेजों व अन्य सोशल मीडिया को पैसे देकर प्रचार करना, लोकतांत्रिक षड्यंत्र है। इसकी गहन जांच हो और षड्यंत्रकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज हो।



इसके पहले सपा अध्यक्ष ने कहा कि हर तरफ से शिकायतें आ रही हैं कि भाजपा सरकार में अधिकांश गेहूं की खरीद प्राइवेट कंपनियां कर रही हैं। किसान को एमएसपी नहीं मिल रही है। बिचौलिए औने-पौने दाम पर गेहूं खरीद रहे हैं। सरकार पूरी खरीद भी नहीं कर रही है। भाजपा ने जता दिया है कि वह किसानों की शोषक और पूंजी घरानों की पोषक है। किसान को उपज का मूल्य और लागत तक नहीं मिल रही है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में अन्नदाता किसान सबसे ज्यादा मुसीबत में है। भाजपा सरकार को किसानों की कोई परवाह नहीं है।

### बोले अखिलेश

**षड्यंत्रकारियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज हो**

## दस लाख रुपये और फ्लैट की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक

**लखनऊ।** दहेज में 10 लाख रुपये और फ्लैट की मांग पूरी न होने पर एक विवाहिता को पहले पति और ससुराल वालों ने प्रताड़ित किया और फिर पति ने तीन तलाक दे दिया। अब पीड़िता ने इस संबंध में पति सहित आठ लोगों के खिलाफ ठाकुरगंज थाने में केस दर्ज कराया है। वहीं, चिनहट इलाके में रहने वाली एक विवाहिता को दहेज के लिए पति, जेठ और जेठानी ने प्रताड़ित किया और फिर तीन तलाक दे दिया। पीड़ित ने अब तीनों के खिलाफ चिनहट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। ठाकुरगंज के मल्लपुर निवासी सादिया बानो अंसारी की शादी एक जून 2022 में हरदोई अतरौली निवासी हसीब अंसारी से हुई थी। शादी के दो महीने बाद से ही पति व ससुराल वाले उसको दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। पति व ससुराल वालों ने उससे 10 लाख रुपये और फ्लैट की मांग की।

# मुंबई में घुसे तीन आतंकी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कॉल के जरिए सूचना दी गई है कि तीन आतंकी दुबई से मुंबई आए हैं। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। दरअसल पुलिस कंट्रोल रूम में किसी ने फोन करके कहा कि मुंबई में 3 आतंकी आ गए हैं।

तीनों आतंकियों के दुबई से मुंबई आने की सूचना इस फोन कॉल से दी गई है और इससे सनसनी फैल गई है। फोन करने वाले ने दावा किया है कि तीन आतंकवादी शुक्रवार (7 अप्रैल) सुबह दुबई से मुंबई में दाखिल हुए और उनका पाकिस्तान से संबंध है। इसको लेकर मुंबई पुलिस फोर्स को अलर्ट कर दिया गया है।

मुंबई पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अज्ञात लोगों ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर सूचना दी है कि तीन आतंकवादी मुंबई में आ गए हैं। फोन करने वाले ने दावा किया कि तीन आतंकवादी शुक्रवार सुबह तड़के दुबई से आए थे और उनका संबंध पाकिस्तान से है। फोन करने वाले ने एक आतंकी का नाम भी बताया है। एक आतंकी का नाम मुजीब सैयद है और फोन करने वाले ने पुलिस को अपना मोबाइल नंबर और कार का नंबर भी दिया है। मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करने वाले ने बताया कि आतंकी नंबर दो के धंधे में काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि राजा थोंगे नाम के शख्स ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया था। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### अलर्ट मोड पर पुलिस

**फोन कॉल से हड़कंप, मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉलर ने फोन कर दी सूचना**

**कॉल करके कॉलर ने कहा, मुंबई में तीन आतंकवादी घुस गए हैं**

**मुंबई पुलिस जांच में जुटी, कॉलर के दावों को वेरिफाई किया जा रहा**











# कांग्रेस छोड़ने वालों पर राहुल का निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को अडाणी के मुद्दे पर फिर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सच्चाई छिपाते हैं, इसलिए रोज भटकाते हैं। उन्होंने सवाल किया कि अडाणी की कंपनियों में 20,000 करोड़ रुपए बेनामी पैसे किसके हैं? राहुल ने इसके अलावा कांग्रेस के पूर्व 5 नेताओं को भी अडाणी से जोड़ा। उन्होंने ट्विटर पर एक फोटो शेयर की।

इसमें वर्ड प्ले पजल के जरिए पांच नेताओं के नाम का जिक्र किया। इसमें अडाणी (अडाइदक) के 'ए' अक्षर के साथ गुलाम (नबी आजाद), डी अक्षर के साथ सिंधिया (ज्योतिरादित्य), 'ए' के साथ किरण (रेड्डी), 'एन' के साथ हिमंता (बिस्व सरमा) और 'आई' के साथ अनिल (एंटनी) लिखा गया। उन्होंने कहा कि मैं भारत की आवाज के लिए लड़ रहा हूं। मैं हर कीमत चुकाने को तैयार हूं। राहुल के इस पजल को लेकर असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा और हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस नेता एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी ने जवाब दिया है। हिमंता बिस्वा सरमा ने राहुल गांधी के ट्वीट को री-ट्वीट करते हुए लिखा, 'यह हमारी शालीनता थी कि हमने आपसे कभी नहीं पूछा कि आपने बोफोर्स और नेशनल हेराल्ड घोटालों की कमाई को कहां छुपाया है। और आपने कैसे कई बार ओतावियो क्वात्रोची को भारतीय कानून के शिकंजे से बचने दिया। अब हम कोर्ट में ही मिलेंगे।' राहुल गांधी के इस ट्वीट के बाद हाल में बीजेपी में शामिल हुए अनिल एंटनी ने उन पर पलटवार किया। अनिल एंटनी ने इस तरह के ट्वीट करने पर राहुल गांधी की आलोचना की और लिखा, 'एक राष्ट्रीय पार्टी के पूर्व अध्यक्ष, कांग्रेस के तथाकथित पीएम उम्मीदवार को देखकर दुख होता है कि वह एक ऑनलाइन/सोशल मीडिया सेल ट्रोल की तरह बोले, न कि एक राष्ट्रीय नेता की तरह। राष्ट्र निर्माण के काम में दशकों तक योगदान देने वाले इन बड़े दिग्गजों के साथ अपना नाम देखकर बहुत खुशी हुई, और उन्हें पार्टी छोड़नी पड़ी क्योंकि वे भारत और हमारे लोगों के लिए काम करना पसंद करते हैं, न कि एक परिवार के लिए।'

### साधा निशाना

**राहुल गांधी ने 5 पूर्व कांग्रेसियों को अडाणी से जोड़ाः गुलाम, सिंधिया, एंटनी का जिक्र किया**



# भारत देख रहा क्रांतिकारी बदलावः पीएम

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को तमिलनाडु और तेलंगाना में कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कई परियोजनाओं को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेन्नई में 5200 करोड़ तो तेलंगाना में 11 हजार करोड़ की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। जिसमें पीएम मोदी ने चेन्नई और कोयंबटूर और सिकंदराबाद-तिरुपति के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को चेन्नई एयरपोर्ट पर बने नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल का उद्घाटन किया।

चेन्नई एयरपोर्ट की नई बिल्डिंग में लोगों को तमिल संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इसमें कोलम (दक्षिण भारतीय घरों के आगे बनाई जाने वाली रंगोली), साड़ी, मंदिर और अन्य चीजें भी शामिल हैं। फिर चेन्नई स्टेशन पर चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद पीएम ने चेन्नई में रामकृष्ण मठ के 125 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। पीएम मोदी ने चेन्नई में एक जनसभा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीते कुछ सालों में भारत बुनियादी ढांचे के मामले में क्रांति देख रहा है। 2014 तक देश में केवल 74 एयरपोर्ट थे, लेकिन 2014 के बाद यह संख्या 150 हो गई है। साल 2014 से पहले की तुलना में हर साल बने नेशनल हाईवे की लंबाई दोगुनी हो गई है। 2014 से पहले हर साल 600 रूट किलोमीटर रेल लाइनों को इलेक्ट्रीफाइड किया जाता था। अब यह दर बढ़कर 4,000 रूट किमी तक पहुंच रही है। वहीं, 2014 से पहले की तुलना में बंदरगाहों की क्षमता भी बढ़कर दोगुनी हो गई है। यह नई आशाओं, नई आकांक्षाओं और नई शुरूआत का समय है। वहीं पीएम एयरपोर्ट से चेन्नई रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुए। उन्होंने एयरपोर्ट से चेन्नई रेलवे स्टेशन तक रोड शो किया। 10 किमी के इस शो के दौरान सड़क के किनारे खड़े लोगों ने फूल बरसाकर पीएम का स्वागत किया। पीएम ने भी कार के अंदर से ही हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। पीएम ने चेन्नई-कोयंबटूर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।

मोदी ने ट्रेन में स्कूली बच्चों से भी बातचीत की। इस ट्रेन से दोनों शहरों के बीच ट्रेन यात्रा के समय में एक घंटे से अधिक की कमी आएगी। यह ट्रेन दोनों शहरों के बीच की दूरी 5 घंटे 50 मिनट में तय करेगी।

### सौगात

**चेन्नई और तेलंगाना में मोदी ने करोड़ों की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया**



# यूपी में कोरोना का कहर

**लखनऊ।** यूपी में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्रदेश में 188 नए मरीज मिले हैं जबकि 154 संक्रमित ठीक होकर घर वापस लौट गए। प्रदेश में इस समय कुल 1025 कोरोना संक्रमित हैं। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने जिला स्तर पर स्थापित इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर शुरू करने के निर्देश दिए हैं। कोविड के तेजी से बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य महकमा चौकन्ना हो गया है। प्रदेश सरकार ने सभी कोविड पॉजिटिव नमूनों की जीनोम सीक्वेंसिंग कराने के आदेश दिए हैं। सरकारी व निजी अस्पतालों की ओपीडी में आ रहे ऐसे लोग जिन्हें सर्दी-जुकाम, बुखार व सांस लेने में दिक्कत है, उनकी 24 घंटे के भीतर कोरोना जांच कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। वहीं विदेश यात्रा से लौट रहे लोगों की अनिवार्य रूप से कोरोना जांच कराई जाएगी। इसके तहत सभी जिलों की लैब से कोरोना संक्रमित लोगों के सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग कराने के लिए इसे केजीएमयू भेजन के निर्देश दिए गए हैं।

निगरानी समितियां लक्षण युक्त लोगों को मेडिकल किट का वितरण करेंगी। आरआरटी में एक चिकित्सक अनिवार्य रूप से शामिल हो और कोरोना संक्रमित मरीज के घर का भ्रमण कर उसके संपर्क में आए लोगों की 24 घंटे के भीतर जांच कराना सुनिश्चित किया जाए। वहीं कोरोना जांच के लिए एयरपोर्ट, रेलवे व बस स्टेशन पर हेल्प डेस्क बनाकर लोगों की स्क्रीनिंग की जाएगी। एजेंसी

### गाइडलाइन

**कोरोना के नए 188 संक्रमित मिले शासन ने जारी किए दिशा-निर्देश**

# अमित शाह को प्रमोद कृष्णम की चुनौती

## आचार्य बोले- यूपी में चाहे जहां से चुनाव लड़ लें मैं तैयार हूं

**प्रयागराज।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर पलटवार किया है। आचार्य ने कहा है कि वो अमित शाह के खिलाफ यूपी की किसी भी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। बता दें कि शुक्रवार को अमित शाह उत्तर प्रदेश के कौशांबी महोत्सव में शामिल होने पहुंचे थे। यहां उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के चुनाव लड़ने पर कटाक्ष किया था। इस बयान पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने जवाब देते हुए कहा कि इस देश में मौजूदा सरकार को जितनी चिंता कांग्रेस और राहुल गांधी के चुनाव की रहती है उतनी चिंता जनता की क्यों नहीं रहती है। आचार्य ने कहा कि मैं अमित शाह को चुनौती देता हूं उन्हें यूपी की जिस भी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना है लड़ें हम उनके खिलाफ उसी सीट पर चुनाव लड़ने को तैयार हूं। राहुल गांधी की बराबरी अमित शाह कभी नहीं कर सकते है राहुल गांधी आम जन मानस के नेता है उन्हें भीड़ में जाने से डर नहीं लगता है, राहुल गांधी ने जनता के दिलों जगह बनाई। जबकि आपके आगमन पर विपक्षी नेता नजर बंद किए जाते है। आचार्य ने विपक्षी एकता पर कहा कि गठबंधन का फैसला क्षेत्रीय दलों को करना है। इस का फैसला कांग्रेस को नहीं सभी दलों को करना है। अब पीएम पद की उम्मीदवार प्रियंका गांधी है। इस देश को एक पढ़ी लिखी और ईमानदार महिला पीएम मिलेगी। गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नेता सोनिया-राहुल गांधी और विपक्ष को निशाने पर लेते हुए कहा कि देश का लोकतंत्र नहीं इनका 'परिवार' खतरे में है। शाह का आशय परिवारवाद से रहा जिस पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष ने इस देश के लोकतंत्र को जातिवाद और परिवारवाद में जकड़कर रखा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परिवारवादी पार्टियों को हराया। शाह ने कहा कि जितनी बार सोनिया गांधी, राहुल गांधी या किसी और ने मोदी को गाली दी है तो जनता ने इन गालियों के कीचड़ में कमल को और मजबूत करके खिलाया है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि संसद का बजट सत्र बिना चर्चा के समाप्त हो गया। विपक्ष ने संसद नहीं चलने दी। बजट सत्र को चलने नहीं दिया। राहुल ने विदेश में जाकर भारत का अपमान किया।



# बिजलीकर्मियों की हर बात मानना असंभव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि बिजली कर्मियों और अभियंताओं के एकतरफा दबाव बनाने पर उनकी हर बात को सरकार मान ले यह संभव नहीं है। बिजली कर्मियों की हर समस्या का निस्तारण होगा मगर संगठन और सरकार के आमने-सामने बैठने के बाद। ऊर्जा मंत्री शनिवार को विद्युत मजदूर पंचायत के 24 वें अधिवेशन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। गन्ना संस्थान में आयोजित अधिवेशन में ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हड़ताल के संबंध में एक कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी जांच कर रही है कि किसने हड़ताल की और उससे कितना नुकसान हुआ है जिन्होंने हड़ताल नहीं की और वेतन रोका गया साथ ही उनके खिलाफ कार्रवाई हुई है तो उनके साथ न्याय होगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कमचारी उनके परिवार का अंग है और हम सबको एकजुट होकर जनता की सेवा करने की जरूरत है। हम समाज के बहुत महत्वपूर्ण हैं बिजली बंद होने से सांसे रुक जाती है। यह जानकर भी हड़ताल के दौरान बिजली कर्मियों और अभियंताओं ने आपूर्ति में अवरोध उत्पन्न करने के लिए कई हथकंडे अपनाए।

### दो टूक

**प्रदर्शन करने वाले बिजली कर्मियों से ऊर्जा मंत्री बोले**



# ओवरलोड ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत, एक घायल





**हादसा**

**रोहनिया विधायक और एसडीएम के आश्वासन पर माने ग्रामीण**

**रोहनिया।** रोहनिया और लंका थानाक्षेत्र के बीच मुड़ाडीह के पास ओवरलोड मिट्टी लदी ट्रैक्टर ने दो मासूमों को कुचल दिया। दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि तीसरा बच्चा गंभीर रूप से घायल हुआ उसे इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग निकला। मामले की जानकारी होने पर परिजन और ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। रोहनिया विधायक और एसडीएम ने उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया इसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

जानकारी के अनुसार मुड़ाडीह निवासी रामचंद के दोनों बेटे आदित्य साहनी (8) और अंकित साहनी (10) घर से स्कूटी लेकर किसी काम से निकले थे साथ में उसी गांव के निवासी छेटी का बेटा धीरज साहनी भी था। इस बीच मिट्टी लदी ट्रैक्टर की चपेट में तीनों आ गये। आदित्य और अंकित की मौके पर मौत हो गयी जबकि धीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन-फानन में अस्पताल भिजवाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीणों ने आपा खो दिया और कार्रवाई की मांग को लेकर घंटो चक्काजाम किया। मौके पर पहुंचे रोहनिया थाना प्रभारी उपेंद्र सिंह लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन आक्रोशित भीड़ उनकी एक न सुनी। बात में रोहनिया विधायक सुनील पटेल और एसडीएम वहां पहुंचे और उचित कार्रवाई के साथ मुआवजे की मांग को पूरा करने के आश्वासन दिया तब जाकर लोग शांत हुए। इसके बाद पुलिस ने डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# रिटायर्ड रोजवेज कर्मी की कार गायब, नहीं दर्ज हो रहा मुकदमा

**गुहार**

**शिवपुर पुलिस का कहना मामला राउरकेला का, पीड़ित ने एडिशनल सीपी से लगायी गुहार**

**तरना।** शिवपुर निवासी रविंद्र कुमार श्रीवास्तव का चार पहिया वाहन गायब हो गया। रविंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वह रोडवेज विभाग के सहायक यातायात निरीक्षक पद से रिटायर हुए हैं। आरोप है कि उनकी कार परिचित के माध्यम से बिहार गयी वहां से चालक राउरकेला पहुंचा और बताया कि कार में जो सवारी थी वो कार को लेकर भाग गयी। इस संदर्भ में पुलिस रपट दर्ज नहीं कर रही। ऐसे में पीड़ित ने एडिशनल सीपी से गुहार लगायी।

जानकारी के अनुसार उनके परिचित संजय जायसवाल और मनीष ने कहा कि उसके रिश्तेदार का स्वास्थ्य खराब है उन्हें देखने डेहरी बिहार जाना है। संजय ने चालक अमरजीत पटेल उर्फ गुड्डू को कार लेकर मनीष और संजय के पास भेजा। लेकिन कार से ये दोनों न जाकर किसी किरन नाम क महिला और एक अज्ञात को भेज दिया।

इस दौरान जब उसने चालक से संपर्क साधा तो उसने बताया कि वह सवारी लेकर राउलकेला आया और किसी प्रिंस नामक होटल में रूका है क्योंकि कार में जो महिला और आदमी था उसने चाभी छीनकर कार समेत भाग निकले। इसके बाद से चालक का फोन बंद है। पीड़ित शिवपुर थाने में शिकायत दर्ज कराने गया लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस संदर्भ में शिवपुर थानाध्यक्ष बैधनाथ सिंह ने कहना है कि घटनास्थल राउरकेला है इसलिए शिवपुर में मुकदमा दर्ज नहीं हो सकता। पीड़ित ने अपर पुलिस आयुक्त से गुहार लगायी।



जी-20 की तैयारी तेज, शहर में जगह-जगह बने सेल्फी प्वांइट पर लग रहा लोगों का जमावड़ा

## संक्षेप

### दहेज प्रताड़ना को लेकर पति समेत अन्य पर मुकदमा

**वाराणसी।** लंका पुलिस ने मारुति नगर सामनेघाट थाना लंका निवासी महिला की तहरीर पर दहेज उत्पीड़ का मुकदमा दर्ज किया। मीरजापुर जिले के अदलहट थाना क्षेत्र के प्रतापपुर की किरण पाल की शादी चार साल पहले मारुति नगर सामनेघाट में रहने वाले अनिल पाल के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद दहेज की मांग को लेकर पति और उसके परिजन प्रताड़ित करते थे और मारपीट। मारपीट को लेकर इसके पूर्व लंका थाने पर पंचायत हो चुका है लेकिन ससुराल वाले सुधरने का नाम नहीं ले रहे। किरण पाल की शिकायत पर पति अनिल पाल ससुर रमापति पाल और अज्ञात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

### भटकी बच्ची को पुलिस ने मिलाया

**मिर्जामुराद।** खजुरी गांव में शनिवार की दोपहर हाइवे किनारे भटकी बच्ची रागिनी को पुलिस ने शोसल मीडिया के माध्यम से बरामद किया और परिजनों को सौंपा। मीरजापुर जिले के कछवां थानांतर्गत गढ़ौली गांव निवासी मुन्नू की पुत्री रागिनी पिता की फटकार से नाराज होकर घर से निकल गयी और मिर्जामुराद के खजुरी पहुंच गयी। इस दौरान सभाजीत यादव की नजर उसपर पड़ी उन्होंने पूछताछ के बाद उन्होंने पत्रकार साथी शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू' के माध्यम से वाट्सएप ग्रुपो में शेयर कराया। थोड़ी देर बाद ही दुकानदार सभाजीत यादव के मोबाइल पर फोन आने लगे। प्रतापपुर गांव निवासी बालिका के नाना पखंडू मौके पर पहुंचे और उसे अपने साथ घर ले गए।

### मकान निर्माण के लिए लिया उधारी नहीं लौटाया

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थानाक्षेत्र के खालिसपुर गांव निवासी शेष नाथ शर्मा ने मिर्जामुराद थाने में पट्टीदार विजय विश्वकर्मा पर पैसा पांच लाख गबन का आरोप लगाया और थाने में तहरीर दी। उनका कहना है कि जनवरी 2021 में मकान बनवाने व व्यवसाय के लिए पांच लाख रुपया विजय विश्वकर्मा ने मांगा। उसे 2.50 लाख विजय के दिये खाते में डाला दिया। फरवरी 2021 में विजय ने शेष नाथ शर्मा के बड़े भाई उमा शंकर शर्मा से भी 2.50 लाख कर्ज लिया और पैसा अपने परिचितों के खाते में डलवाया। पैसे की जरूरत पड़ने पर जब उससे मांगा गया तो आनाकानी करने लगा। बीते दिनों उससे पैसा मांगने घर गया तो वहां मौजूद विजय विश्वकर्मा, किशन विश्वकर्मा व मनोज विश्वकर्मा ने दुर्व्यवहार किया और पैसा भूल जाने को कहा। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

### दरोगा की बाइक चोरी

**वाराणसी।** लंका थाना क्षेत्र के सामने घाट इलाके में परमहंस आश्रम के बगल में रहने वाले उपनिरीक्षक अशोक राय के घर में खड़ी बाइक चोरों ने उड़ा दी। बाइक चोरी होने की सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस दी। पुलिस मौके पर पहुंची जांच पड़ताल कर लौट आयी। अशोक राय का आरोप है कि घटना के 24 घंटे से अधिक बीच समय बीत जाने के बाद भी ना तो बाइक मिली ना ही रपट दर्ज हुई। अशोक राय वर्तमान समय में विश्वनाथ मंदिर सुरक्षा में तैनात है और सामने घाट में मकान बनवा कर रहते हैं।

### पर्स लूटने वाला गिरफ्तार

**वाराणसी।** अर्दली बाजार स्थित भुवनेश्वर नगर कॉलोनी काशी नेत्रालय में बुधवार को बाइक सवार युवक ने महिला राजकुमारी सिंह का पर्स छीनने वाले अभियुक्त को दबोचा और पर्स बरामद किया। महिला के पर्स में 15 हजार रुपया, एक मोबाइल व अन्य सामान था। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान महेश दुबे निवासी अमुआ गोपीगंज भदोही के तौर पर हुई। पुलिस की माने तो उसे शिवदासपुर ब्लाक के समीप से गिरफ्तार किया गया और हैण्डपर्स मोबाइल, 770 रुपया नकद और वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की बाइक बरामद की गयी।

# कुएं में गिरकर वृद्ध की मौत

**दुखद**

**एनडीआरएफ की टीम ने निकाला बाहर**

**वाराणसी।** लालपुर-पाण्डेयपुर थाना अंतर्गत नईबस्ती कोहराना निवासी 85 साल के वृद्ध मुन्ना नाथ तिवारी अचानक से पास के ही एक कुएं में गिर गया और उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एनडीआरएफ को मदद के लिए बुलाया। एनडीआरएफ की टीम ने शव को बाहर निकाला। पुलिस ने पंचनामा भरकर परिवार को डेड बॉडी सौंप दी।

जानकारी के अनुसार कोहराना नईबस्ती पाण्डेयपुर, मूल निवासी मुन्ना नाथ तिवारी लक्ष्मणगढ़ धानापुर घर से 1.30 बजे निलले थे और नईबस्ती वार्ड के पास एक गली में स्थित कुएं पर पहुंचे यहां कैसे और किन परिस्थितियों में वह गिरे ये किसी को जानकारी नहीं। जबकि कुएं पर पड़ी और गमछा पड़ा था।

## फाइनेंस कंपनी व शाखा प्रबंधक पर मुकदमा

**वाराणसी।** वाहन पर किस्त बकाया होने और सर्विस सेंटर से खींच लेने के बाद उसे बेच देने के मामले में पीड़ित ने फाइनेंस कंपनी के एमडी और स्थानीय शाखा प्रबंधक के खिलाफ आपराधिक साजिश व धोखाधड़ी का मुकदमा कैंट थाने में कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ। शंकरपुर चिरई गांव चौबेपुर निवासी बृजेश सोनकर ने न्यायालय में दिए गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि खजुरी स्थित चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी के मैनेजर रूपेश शुक्ला उनकी स्विफ्ट डिजायर कार को बीते साल नौ नवंबर को नदेशर स्थित सर्विस सेंटर से किस्त बकाया होने की बात कहकर कब्ज में लिया। ऐसे में उसने किस्त जमा कर जब वाहन को लेने पहुंचा तो आरोप है कि मैनेजर रूपेश शुक्ला ने जाति सूचक शब्दो का प्रयोग किया और वाहन को एमडी के आदेश पर बेच देने की बात की। पीड़ित ने स्थानीय पुलिस व उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन सुनवाई नहीं हुई, ऐसे में उसने कोर्ट का सहारा लिया और कोर्ट के आदेश पर एमडी और शाख प्रबंधक के खिलाफ रपट दर्ज की गयी।

## हैंडलूम की बारीकियों से अवगत हुए प्रौद्योगिकी के छात्र

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ विज्ञान एवं प्रोद्योगोकी संकाय में सेव हैंडलूम बनारसी संघ की ओर से कार्यशाला का आयोजन हुआ। एक जिसमे हैंडलूम एवं टेक्सटाइल के छात्रों को जानकादी हैंडलूम बनारसी संघ की अध्यक्ष डॉ. समता पांडेय दी। उन्होने बनारसी साड़ी तथा अन्य ब्रोकेड वेब्स के बारे में न केवल विस्तार से बताया बल्कि स्क्रीन पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से छात्र छात्राओं को उसकी बारीकियों से भी परिचित कराया । अध्यक्षता संकाय प्रमुख डॉक्टर आशुतोष कुमार ने किया। इस दौरान अनुपम श्रीवास्तव, प्रो. रचना श्रीवास्तव, तनवीर अंसारी,मकबूल एखलाक आदि लोग मौजूद रहे। संचालन प्रवीण वर्मा और धन्यवाद अनुपम श्रीवास्तव ने दिया।

# जोनल कार्यालयों में होगा नामांकन

**बैठक**

**नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराए जाने हेतु अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वाहन प्राथमिकता पर सुनिश्चित करें : जिलाधिकारी**

**एडीएम सिटी पुलिस अधिकारी के साथ नामांकन स्थलों का निरीक्षण कर ले, नामांकन के दौरान 200 मीटर परिधि में बैरिकेडिंग हो जानी चाहिए**

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को निष्पक्षता के साथ सकुशल व सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराए जाने हेतु प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ समयबद्ध ढंग से निष्पादित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कराये जाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अन्य निर्वाचन सामग्री, स्टेशनरी की तैयारियों के प्रगति एवं टेंडर आदि की प्रक्रिया पूर्ण होने की जानकारी ली।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम ने नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को निष्पक्षता के साथ सकुशल व सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराए जाने के संबंध में शनिवार को विकास भवन सभागार में बैठक संपन्न हुई। निर्वाचन के दौरान नामांकन जोनल ऑफिस में होगा।

नामांकन स्थल का एक बार फिर से निरीक्षण कर लिया जाए। मौके पर कोई भी कमी मिले तो उसे तत्काल ठीक करा लिया जाए। एडीएम सिटी पुलिस अधिकारी के साथ नामांकन स्थलों का निरीक्षण कर ले और यह सुनिश्चित कराए कि नामांकन के दौरान 200 मीटर परिधि में बैरिकेडिंग हो जानी चाहिए। बैठक में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु चरणबद्ध विभिन्न कार्यों को संपन्न कराए जाने हेतु 28 बनाए गए प्रभारी अधिकारियों निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने सौपे पर गए दायित्वों का निर्वाहन निर्धारित समय अवधि में प्राथमिकता पर सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, नगर आयुक्त शिपू गिरी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी रणविजय सिंह, एडीएम सिटी गुलाबचंद सहित सभी एडीएम, एसडीएम एवं प्रभारी अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# रंग बनारस में कलाकारों ने जमाया रंग

**आयोजन**

**गायन पर सभी झूमते रहे**

**वाराणसी।** म्यूजिक स्टेशन के बैनरतले सिगरा स्थित रासरंग में एक संगीतमय शाम ₹रंग बनारस₹ का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषकर लाइट म्यूजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों एवं संगीत प्रेमियों के लिए कार्यक्रम रखा गया जिसमें वाराणसी एवं चंदौली जिले के लगभग सभी कलाकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य संगीत के क्षेत्र के कुछ कलाकारों को मदद और सम्मानित करना था जिसमें चमन



चंचल, जानू, चार्ल्स एवं मरणोपरांत भोला मेहरोत्रा को लाईफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गायक एवम संगीतकार पीयूष मिश्र ने कार्यक्रम की शुरूआत मंत्रोचारण से किया गया। साबिर सैफ, निहारिका, अयान, प्रणव,ताहिर, प्रमोद,विनोद, अरुण, श्रीदेवी ,सिद्धि, रितिका, भाविका, दीपू,सुमित,अजय, अग्रिमा इत्यादि ने अपने गीतों से समा बांध दिया। संचालन का कार्य जोगी ने किया। पीयूष मिश्र के निर्देशन में सभी म्यूजिशियन ओ पी, रवि,हेमंत,सतीश,राहुल,अनिल,एवम जीतू ने बेहतरीन संगीत दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस आयुक्त संतोष सिंह रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष राजेंद्र गोयनका व देवेशपति त्रिपाठी,आचार्य वागीश दत्त मिश्र, आलोक पारिख, डा आलोक भारद्वाज,त्रिलोकी मिश्र इवान तापस आदि ने ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मशहूर संगीतकार पीयूष मिश्र ने दिया।

## सात दिन बाद नहीं जागा नगर निगम

**रामनगर।** स्थानीय क्षेत्र के पंचवटी रोड पर बटाऊबीर दैत्राबीर बाबा के सामने स्थापित कूड़ाघर हटाने आदि की मांग लेकर आम आदमी पार्टी का बेमियादी धरना सातवें दिन शनिवार को भी जारी रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि एक सप्ताह बीतने के बावजूद नगर निगम के किसी भी अफसर ने इस समस्या की ओर ध्यान देने की जरूरत तक नहीं समझी है। अब आमरण अनशन की रणनीति तय की जाएगी। धरने में अमित वर्मा, डॉ. अखिलेश पांडेय, अब्दुल रकीब एडवोकेट, रवि मौर्य, राहुल द्विवेदी एडवोकेट, रोहित मौर्य, अरविंद यादव, प्रमोद श्रीवास्तव, फिरोज अहमद, पीयूष श्रीवास्तव, संजय कुमार, शिखा देवी, आरके उपाध्याय, लोरिक यादव, संतोष गुप्ता, रजनीकांत, संतोष पार्थ एवं चंद्र प्रकाश आदि रहे।




# चेन स्नेचिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार



**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के खालिसपुर नहर के पास शनिवार सुबह पुलिस ने दो चेन स्नेचिंग करने वाले बदमाशों को दबोचा। अभियुक्तों की पहचान राजन राजभर और आशीष राजभर निवासी मई हरदो पट्टी पोस्ट बहरी थाना चौरी भदोही के तौर हुई। आगे की कार्रवाई में दोनों को जेल भेजा गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत ने बताया 6 अप्रैल को हिरूपुर करधना में महिला के गले से छीना गया था। तहरीर के आधार पर छानबीन चल रही थी कि मुखबिर खास से सूचना मिली चेन स्नेचिंग करने वाले दोनों युवक खालिसपुर नहर के पास मौजूद हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, चौकी प्रभारी करधना विनोद पटेल, एसआई मयंक सिंह, कांस्टेबल वंशराज, रमेश यादव रहे।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** तक्षशिला महिला महाविद्यालय मिजार्बाद मुहम्मदाबाद गाजीपुर संबद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववितपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर कला एवं विज्ञान संकाय हेतु प्राचार्य एक पद। हिंदी, सस्कृत, राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, भूगोल, समाज शास्त्र विषयों में एक एक पद। वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित में दो -दो पद एवं रसायन विज्ञान में तीन पद प्रवक्ताओं पद हेतु वेतन एवं शैक्षिक योग्यता यूजीसी रेगुलेशन 2016 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाणपत्रों की छाया प्रति एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो के साथ संस्था के पते पर 21दिनों के अंदर प्रबंधक के पदनाम डाक /ब्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जाएगी। **प्रबंधक** 9450464563 ,9044782990

**आवश्यकता है-** स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत **विद्यावती महिला महाविद्यालय** मनियारेपुर, चन्दवक, जौनपुर में स्नातक स्तर पर प्राचार्य-1 एवं प्रवक्ता प्रत्येक विषय में एक विषय- हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, गृहविज्ञान, मनोविज्ञान, समाज शास्त्र, प्राचीन इतिहास की आवश्यकता है। योग्यता यू0जी0सी0 विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार, 21 दिन के अन्दर समस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति दो फोटो सहित आवेदन करें।

प्रबंधक
मो0 नं. 9415296564

# गायन, वादन व नृत्य में मुखर होगी ठुमरी

**महोत्सव**

**21 से 25 तक काशी के तीन स्थानों पर होगा बागेश्वरी देवी महोत्सव**

**पद्मश्री डा. सोमा घोष के संयोजन में होगा आयोजन**

**वाराणसी।** प्रख्यात गायिका स्व. बागेश्वरी देवी की याद में काशी में त्रिदिवसीय बागेश्वरी देवी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बागेश्वरी देवी के अलावा अन्य गायिकाओं की ठुमरी मुखर होगी। सांगीतिक विरासत की ध्वजवाहिका पद्मश्री डा. सोमा घोष की ओर से आयोजित इस आयोजन में कई नामचीन कलाकार गायन, वादन व नृत्य के माध्यम से ठुमरी को जीवंत करेंगे। संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से हो रहे पांच दिवसीय ठुमरी महोत्सव में गायन शैली के प्रधान पटियाला, बनारस, लखनऊ के अलावा किराना घराना के कलाकार प्रस्तुति देंगे।




लगभग 22 साल बाद नई शान-ओ-शौकत के साथ यह आयोजन 21 से 25 अप्रैल तक काशी के तीन स्थानों पर होगा। प्रथम दो दिन का आयोजन महमूरगंज स्थित रमन निवास में आयोजित है। गौरतलब हो कि पद्मश्री डा. सोमा घोष ने ही बागेश्वरी देवी की याद में पहला ठुमरी महोत्सव उनके निधन के एक वर्ष बाद 2001 में मुंबई में कराया था।

रमन निवास की ख्याति ठुमरी तीर्थ के रूप में है। इस परिवार के पुरखे शेरशाह सूरी के वित्त मंत्री थे। इसी वंश के राजा कामेश्वर प्रसाद नारायण सिंह की माता काशीवास करती थीं। उनकी अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए राजा परिवार समेत गया छोड़ कर 1855 में काशी को निवास बनाया।वर्तमान में यह रमन निवास के रूप में जाना जाता है। यहां पर दिग्गज ठुमरी गायिकाओं में बड़ी मोती, छोटी मोती, रसूलन बाई, सिद्धेश्वरी देवी के अलावा बागेश्वरी देवी, गिरिजा देवी, भारतरत्न पं. रविशंकर व उस्ताद बिस्मिल्लाह खान ने रमन निवास की शान में इजाफा किया है।

# स्टार्टअप इंडिया की योजनाओं के बारे में बताया

**बैठक**

**कैरियर एंड स्टार्टअप इको सिस्टम इन इंडिया पर हुआ वर्कशॉप**

**तरना।** उदय प्रताप महाविद्यालय में शनिवार को कैरियर एंड स्टार्टअप इको सिस्टम इन इंडिया पर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सीनियर साइंटिस्ट डीआरडीओ एनसीआरआई मेंबर ऑफ स्टार्टअप इनक्यूबेशन सेंटर आईआईटी, कानपुर डॉ.आदित्य ने भारत सरकार द्वारा स्टार्टअप इंडिया के तहत चलाए जा रहे सभी योजनाओं के बारे में बताया। भारत की जनसंख्या विश्व की द्वितीय है और देश में सबसे ज्यादा युवाओं की संख्या है। सभी युवाओं की प्रतिभा एवं बौद्धिक क्षमता अलग-अलग होती है। इसलिए अपनी क्षमता और कौशल के अनुसार कार्य करना चाहिए।




कार्यक्रम संयोजक प्रो. नरेंद्र प्रताप सिंह ने स्टार्टअप कार्यक्रम की प्रशंसा करते की, कहा कि इससे युवा वर्ग खुद का रोजगार उत्पन्न करके दूसरो को भी रोजगार प्रदान कर सकता है। अध्यक्षता वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. नरेंद्र कुमार ने किया। संचालन आयोजन सचिव डॉ. अग्नि प्रकाश शर्मा और धन्यवाद ज्ञापन डा.नरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह.(यूजीसी कॉर्डिनेटर), प्रो. एस के शाही, डॉ.संजीव कुमार सिंह, डॉ. आशुतोष गुप्ता, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. प्रताप गौतम, डॉ. सत्येंद्र सिंह आदि थे।



# वाराणसी



# लालू यादव के बेटे तेज प्रताप का सामान होटल के कमरे से निकाला

**हड़कंप**

## प्रबंधन की माने तो किसी अन्य के नाम से बुक थे कमरे

**वाराणसी।** बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री तेज प्रताप यादव अपने निजी दौरे पर पहुंचे थे। शुक्रवार की रात एक होटल मैनेजमेंट के कारण उन्हें देर रात भटकना पड़ा। देर रात जब वह सिगरा स्थित होटल पहुंचे, जहां वो टिके हुए थे तो उन्हें होटल प्रबंधन ने बेदखल कर दिया।

इस मामले में सिगरा थाने में तहरीर दी गयी। वहीं होटल प्रबंधन का कहना है कि उनका सामान होटल के रिसेप्शन पर लाकर रखा गया था क्योंकि उक्त कमरा किसी और को एलॉट था। तेज प्रताप के सहायक विशाल सिन्हा की माने तो अरकडिया होटल में कमरा नंबर 205 और 206 में सामान रखा गया था। कमरा नंबर 206 मंत्री तेजप्रताप यादव रुके हुए थे। जबकि 205 में निजी सहायक एवं सुरक्षाकर्मी रुके हुए थे। शुक्रवार रात में गंगा में नौकायन के बाद मंत्री एवं अन्य सभी जब होटल पहुंचे तो दोनों कमरे का सामान रिसेप्शन पर रखा हुआ था। इस संबंध में होटल कर्मियों से पूछताछ करने पर बताया गया कि होटल के जीएम के कहने पर ऐसा किया गया। घटनाक्रम के बाद मंत्री, उनके निजी सहायक एवं सुरक्षाकर्मी कार से सामान समेत वहां से रवाना हो गए। होटल प्रबंधन के मुताबिक दोनों कमरे ऑनलाइन किसी अन्य ने बुक किए थे। जबकि मंत्री एवं उनके लोगों ने यह कमरा बिना बुक कराए ही अपना सामान रख दिया था। इसी कारण उनका सामान निकलवाया गया। बिना बुकिंग के ही मंत्री एवं अन्य के सामान कैसे होटल में रखे गए। इस संबंध में छानबीन कराई जा रही।



## पार्किंग नहीं होने से सब्जी मंडी में लग रहा जाम

**रामनगर।** रामनगर सब्जी मंडी में पार्किंग व्यवस्था नही होने से यहां आये दिन लोगों को जाम से दो चार होना पड़ रहा है। हालाम ये है कि जिसको जहां जगह मिली रही वाहन पार्क कर देता है ओर सब्जी मंडी के कारोबारी भी सड़क को जागीर समझ बैठे हैं जहां मन करे वहां दुकान सजा ले रहे हैं। ऐसे में दिक्कतों का सामना आमजन को करना पड़ रहा है। दुर्ग से रामनगर चौराहे तक की दूरी लगभग 500 सौ मीटर है लेकिन सड़कों पर सब्जी का बाजार सजने से उक्त दूरी को तय करने में घंटे भर लग जाता है। सड़क जाम होने से वाहनों की लंबी कतार लग जाती हैं। वही इस जाम में चार चांद यहां खड़ी अनियंत्रित बाइक और छोटे वाहन लगा देते हैं। जाम का आलम ये है कि अगर मरीज को ले जा रही एंबुलेंस इसमें फंस जाए तो उसे निकलाने में चालक के पसीने छूट आए। जबकि इधर से ट्रामा सेंटर बीएचयू समेत अन्य अस्पतालों के लिए दिन भर में सैकड़ों बार एंबुलेंस गुजरती है। रामनगर चौराहे से लेकर शास्त्री चौक तक आये दिन जाम लगता है।



रामनगर सब्जी मंडी में पार्किंग व्यवस्था नही होने से लगा भीषण जाम

# चौदह दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया समर सिंह

**कार्रवाई**

## कोर्ट में पेशी से लौटने के दौरान समर सिंह पर टूट पड़ी भीड़

## पुलिस ने कोर्ट में कहा मोबाइल को छीपाकर रखा है समर सिंह बरामदी जरूरी

**वाराणसी।** भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे आत्महत्या प्रकरण का आरोपी समर सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार की शाम रिमांड मजिस्ट्रेट कीर्ति सिंह की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा जेल भेज दिया। पुलिस ने कोर्ट से समर सिंह को 72 घंटे की रिमांड पर लेने की गुहार लगायी। कोर्ट पुलिस कस्टडी रिमांड की अर्जी पर सुनवाई दस अप्रैल को करेगी। पेश से जेल जाते समय कोर्ट परिसर का माहौल उस वक्त गर्म हो गया जब आकांक्षा के समर्थक समर सिंह पर टूट पड़े, बाद में समर सिंह के समर्थक भी हमलवार हुए। हालांकि पुलिस सुरक्षा तगड़ी होने की वहज समर को बचाकर पुलिस जेल तक पहुंचायी।

एपीओ नागेंद्र कुमार मिश्र और विजय पांडेय ने बताया कि जब उसे गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया तो उसके पास मोबाइल नहीं थी। पूछने पर उसने बताया कि छिपाकर रखा है। हालांकि उसने कबूला कि वह मोबाइल बरामद करा देगा। आरोपी की ओर से अधिवक्ता आशीष सिंह , प्रवीण श्रीवास्तव, राणा यादव और अनूप सिंह ने जमानत अर्जी दाखिल की है। जमानत अर्जी में कहा गया की आरोपी को सिर्फ परेशान व बेइज्जत करने की नियत से साजिश के तहत फंसाया गया है। वह निर्दोष है और उसे उक्त कथित घटना के बारे में कोई जानकारी नही है। आरोपी के खिलाफ खुद्कुशी करने के मामला नहीं बनता है। महज संदेह के आधार पर आरोपी बना दिया गया है। जबकि अभियोजन की ओर से एपीओ के आलावा वादिनि के निजी अधिवक्ता शशांक शेखर त्रिपाठी, अशोक यादव ,अनिल पांडेय आदि ने जमानत अर्जी का विरोध किया।



गायक समर सिंह को कोर्ट में ले जाते पुलिसकर्मी

### ये है पूरा मामला

सारनाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत होटल सोमेंद्र के कमरे में आकांक्षा दुबे की लाश 26 मार्च फांसी पर लटकी मिली थी। आकांक्षा की मां ने इस मामले में सिंगर समर सिंह और संजय सिंह के खिलाफ सारनाथ थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही समर सिंह और संजय सिंह फरार चल रहे थे। पुलिस ने समर के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी की थी साथ ही कोर्ट से गैर जमानती वारंट भी। इस बीच क्राइम ब्रांच को सूचना मिली की वो गाजियाबाद की एक सोसाइटी में अपने किसी करीबी दोस्त के घर रूका है। पुलिस ने गाजियाबाद पुलिस की मदद से उसे गिरफ्तार किया। सूत्र बताते हैं कि वह विदेश भागने की फिराक में था लेकिर लुकआउट नोटिस जारी होने के बाद वह गाजियाबाद में अपने दोस्त के यहां रूक गया था।

### आकांक्षा दुबे की मां का ये है आरोप

आकांक्षा दुबे की मां मधु दुबे का आरोप है कि समर सिंह आकांक्षा के साथ रिलेशनशिप में था और उसे धोखा दिया। करीब तीन साल तक आकांक्षा से काम लिया और उसके मेहनताना का पैसा जो लाखों में है गबन कर लिया। भोजपुरी इंडस्ट्री के बड़े कलाकारों के साथ काम करने से मना करता था और ऐसा नहीं करने पर प्रताड़ित करता था। उसने ही आकांक्षा को आत्महत्या के लिए उकसाया था।

# महत्वपूर्ण साबित होगा 'वरिष्ठों का साथ और युवाओं का हाथ'

**मीटिंग**

## निकाय चुनाव की तैयारी बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेश तिवारी बोले

**वाराणसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री एवं संगठन में उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेश तिवारी ने कहा है कि पार्टी वाराणसी में नगर निकाय चुनाव मजबूती से लड़ेगी। लक्ष्य है कि अधिक से अधिक पार्षद व महापौर की सीट कांग्रेस उम्मीदवारों के हिस्से में जाय। इसके लिए बूथ स्तर तक की तैयारी जारी है। 'वरिष्ठों का साथ और युवाओं का हाथ' इस इलेक्शन में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह निर्वाचन आगामी लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल है जिसे मजबूती से फतह करना हम सभी का पहला लक्ष्य है। मैदागिन स्थित कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को महानगर कांग्रेस की ओर से नगर निकाय चुनाव को लेकर हुई तैयारी बैठक में श्री तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। अध्यक्षता करते हुए संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने सरकार की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव में जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बढ़े हाउस टैक्स, वॉटर टैक्स और बिजली के रेट में वृद्धि आदि के खिलाफ वोट देगी। सरकार को महंगाई और जनता को हो रही परेशानियों का जवाब देना होगा। मीटिंग के दौरान कई निवर्तमान पार्षदों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल, प्रमोद पांडेय, अनिल श्रीवास्तव, प्रजानाथ शर्मा, सीताराम केशरी, देवेंद्र सिंह, दुर्गा प्रसाद गुप्त, कमलेश ओझा, प्रो. सतीश राय, विजय शंकर मेहता, फसाहत हुसैन बाबू आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।



यूपी प्रभारी राजेश तिवारी ने निकाय चुनाव संबंधी बैठक को संबोधित किया

# कबड्डी प्रतियोगिता में महिलाओं का दमखम



**जनसंदेश न्यूज**

**हरहुआ।** बाल विद्या स्पोर्टिंग क्लब के तत्वाधान में जिला स्तरीय महिला एवं कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं उद्घाघाटन भाजपा के जिला मंत्री शिवा नंद राय द्वारा किया गया।

शनिवार को उद्घाटन मैच बाल विद्या स्पोर्टिंग क्लब रसूलपुर एवं हरिहरपुर के बीच खेला गया जिसमें हरिहरपुर ने बाल विद्या स्पोर्टिंग क्लब को 43-13 के मुकाबले से मैच को जीत लिया तथा दूसरा मैच परमानंदपुर एवं गौरा कला के बीच खेला गया जिसमें परमानंदपुर 32/14 के मुकाबले से विजय हासिल किया तथा तीसरा देव वस्त्रालय बड़ा लालपुर एवं बाल विद्या स्पोर्टिंग क्लब रसूलपुर बी के बीच खेला गया जिसमें बाल विद्या स्पोर्ट्स क्लब 385 के स्कोर से विजय हासिल किया इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की कुल 20 टीमों ने प्रतिभाग किया देर रात तक में चलता रहा।

## सौ का आंकड़ा छूने की ओर कोरोना, मिले छह मरीज

**वाराणसी।** एक बार फिर से कोरोना के मरीजों के मिलने से लोगों में दहशत हो गयी है। बीते एक पखवाड़े से लगातार कोरोना के मरीजों के मिलने का क्रम जारी है। शनिवार को जिले से कुल छह मरीज मिलने से इनकी कुल संख्या 72 हो गयी, एक्टिव मरीजों की संख्या 49 है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार लोगों को सावधानियां बरतने को कहा जा रहा है। इसके चलते मॉस्क लगाने के साथ ही सोशल डिस्टेंसिग का पालन भी करने का निर्देश दिया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को जाने से बचने को कहा जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.संदीप चौधरी ने लोगों से अपील किया है कि वह बिना काम के सार्वजनिक स्थानों पर जाने से बचे इसके साथ ही मास्क प्रयोग करें।

**इन स्थानों पर मिले मरीज :** हड़हा सराय बेनियाबाग, कॉटन मिल नाटी इमली, साई बाबा मंदिर चितईपुर, सुशांत हॉस्टल ट्रॉमा सेंटर, सुन्दपुर शामिल है।

# जी-20 की तैयारियों में न रहे कोई कसर : अनिल

**जनसंदेश न्यूज**

**समीक्षा बैठक संपन्न**

## यातायात सबसे बड़ा चैलेंज है, प्लान बना कर तैयारी की जाए-दयाशंकर मिश्र

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, एवं आयुष एवं औषधि प्रशाधन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु' की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को सर्किट हाउस सभागार में जी 20 की समीक्षा बैठक हुई। जनपद में जी-20 की तैयारियों की प्रगति का विस्तार से जायजा लेने के पश्चात मंत्रीगण अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग जी 20 की तैयारियों को पूरे मनोयोग से पूर्ण करें, जिससे कि वाराणसी की अच्छी छवि प्रस्तुत हो।

मंत्री अनिल राजभर ने अपने संबोधन में कहा कि तैयारियों को और अच्छा रूप देने के लिए आगरा के अधिकारियों से वार्ता करके उनके अनुभव से लाभ उठाया जाय। साथ ही यातायात व्यवस्था पे ध्यान दिया जाए। कचहरी के पार्किंग स्थल का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए कदम उठाए जाएं। उन्होंने इस बात पर विदेश बल दिया कि काशी में आयोजित होने वाली बैठक पूरे भारत में सबसे अच्छी हो। शहर की धरोहरों को कोई क्षतिग्रस्त न करे इस पर पुलिस पूरी तरह सक्रिय रहे। साथ ही शहर वासियों से अपील की जाए कि वो अपने सामान अपने प्रतिष्ठानों के अंदर ही रखे। पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा ऐसी हो की काशी की संस्कृति पूरी तरह निखर के सामने आए।

मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा की इस आयोजन में यातायात सबसे बड़ा चैलेंज है। इस पर सबसे अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है।इसके लिए फुल फ्रूफ प्लान बना कर तैयारी की जाए। उन्होंने पार्किंग की व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि काशी विश्व की सबसे प्राचीन नगरी है सभी आगंतुकों को काशी के इतिहास और उसके गौरव से परिचित कराया जाय। उन्होंने नगर निगम द्वारा लगाए जाने वाले गमले व्यवस्थित तरीके से रखे जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने अब तक की तैयारियों के बारे में मंत्रीगण को संक्षिप्त रूप से बताया। उन्होंने जी 20 के लिए बनाई गई, सभी समितियों के निर्धारित कार्यों का विवरण दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं जिन बिंदुओं पर प्रगति धीमी है उसे तीव्रता से पूर्ण करा लिया जाएगा। वीडीए उपाध्यक्ष अभिषेक गोयल ने शहर में कराई जा रही पेंटिंग/चित्रकारी के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि फुट ब्रिज, फ्लाई ओवर आदि की भी पेंटिंग कराई जा रही है। नगर आयुक्त शिपू गिरी ने नगर निगम द्वारा कराए जा रहे प्लांटेशन,लाइटिंग आदि के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही जनसहभागिता के कार्यों के बारे में भी अवगत कराया। बैठक में डीसीपी प्रोटोकॉल/ट्रैफिक प्रबल प्रताप सिंह ने ट्रैफिक एवं सुरक्षा से संबंधित अपना प्रजेंटेशन प्रस्तुत किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रण विजय सिंह,एडीएम (प्रोटोकॉल) बच्चू सिंह, एडीएम (सिटी) गुलाब चंद्र,एडीएम (आपूर्ति) जवाहर श्रीवास्तव, अपर नगर आयुक्त राजीव राय एवं अन्य संबंधित अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# संवासियों को उनके घर तक सुरक्षित पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

**मौका-मुआयना**

## जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने किया राजकीय बालगृह (बालक) का निरीक्षण, बच्चों से की बातचीत

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** डीएम एस. राजलिंगम रामनगर स्थित राजकीय बालगृह (बालक) में रखे गये संवासियों को आश्वस्त किया है कि उन्हें जल्द ही उनके घर भेजा जाएगा। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। बच्चों को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता में है। बच्चों के घरवालों को ट्रेस करके इन्हें उनके घर वालों तक पहुंचाने का हर सम्भव प्रयास किया जाये। इस कार्य में वीडियो कान्फ्रेंसिंग की मदद लें या वहां के प्रोबेशन कार्यालय से भी संपर्क कया जाये।

जिलाधिकारी शनिवार को इस संवासी गृह का मौका-मुआयना करने पहुंचे थे। भवन की गैलरी में गंदगी देखकर उन्होंने प्रभारी अधीक्षक अशोक कुमार को सफाईकर्मी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि इन बच्चों के घरवालों का पता लगाकर संवासियों को उनके परिवार तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास करें। इसके लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की मदद लें अथवा संबंधित जनपद के प्रोबेशन कार्यालय से भी संपर्क किया जाय।

दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन से इस बालगृह लाए गये 13 वर्षीय एक संवासी को दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन से उन्होंने बातचीत कर घर-परिवार की जानकारी ली। साथ ही डीपीओ से पूछा कि इसके घरवालों को ट्रेस करने के लिए क्या कार्यवाही हुई। इस पर बताया गया कि बच्चे द्वारा बताए गये मुरादाबाद के गंगपुर का सत्यापन करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये वहां के प्रभारी अफसर व संबंधित थाना प्रभारी को जोड़ा गया है। जरूरत पड़ने पर स्वयं भी संपर्क के लिए बातचीत करेंगे।

श्री राजलिंगम ने इस बारे में डीएम मुरादाबाद को भी पत्र लिखने को कहा। निरीक्षण के दौरान परिसर में चल रही बालसभा में शामिल बच्चों से जिलाधिकारी ने बातचीत की। उस दौरान अधिकांश संवासियों ने अपने-अपने घर जाने की इच्छा व्यक्त की। इस पर डीएम ने उन्हें इस दिशा में पहल का भरोसा दिया।

वहीं. डीपीओ ने उन्हें बताया कि 23 बच्चे घर जाने के लिए तैयार हैं। उनके घर भेजने के लिए पता का सत्यापन और घरवालों से संपर्क किया जा रहा है। डीएम ने बालगृह में रह रहे कुछ मूक-बघिर व दिव्यांग बच्चों से भी मुलाकात कर प्रभारी अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिये।



डीएम एस. राजलिंगम ने शनिवार को रामनगर स्थित राजकीय बालगृह (बालक) का मौका-मुआयना किया

### हेड मास्टर को दें चार्जशीट

जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने शनिवार को निरीक्षण के क्रम में स्कूल चलो अभियान के तहत रामनगर क्षेत्र के वाजिदपुर और पीएसी तिराहा स्थित मलिन बस्तियों का जायजा लिया। बस्ती में स्कूल न जाने वाले बच्चों के माता-पिता से बातचीत कर विद्यालय में बच्चों का एडमिशन कराने के लिए मौके पर संबंधित अफसर को निर्देश दिये। इन बस्तियों के बच्चों का स्कूल में नाम न लिखाए जाने की जानकारी पर उन्होंने बीएसए को संबंधित इलाके के स्कूल हेड मास्टर को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिये। साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्वयं स्कूल चलो अभियान में छूटे हुए बच्चों को एनरोलमेंट कर आज ही रिपोर्ट तलब की। मलिन बस्तियों में राशन कार्ड न बनाए जाने की जानकारी पर डीएम ने डीएसओ को तत्काल बस्ती के लोगों का राशन कार्ड बनवाने की कार्यवाही शुरू कराने को कहा।













# अस्पताल में मैन पावर की कमी जल्द होगी दूर : डॉ. लिली सिंह

**निरीक्षण**

### डीजी स्वास्थ्य ने मण्डलीय अस्पताल का निरीक्षण कर आगामी योजनाओं पर किया चर्चा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. लिली सिंह ने शनिवार को मण्डलीय अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंच गयी। उन्होंने मण्डलीय अस्पताल के आकस्मिक विभाग व महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। अस्पताल में मैन पावर की कमी को जल्द दूर कराने का भरोसा दिलाया।



मण्डलीय अस्पताल का निरीक्षण करती महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. लिली सिंह

महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (डीजी) डॉ. लिली सिंह शनिवार को एडिशनल सीएमओ डॉक्टर एसएस कन्नौजिया को साथ लेकर एसएसपीजी अस्पताल निरीक्षण करने पहुंच गयीं। उनके आने की जानकारी होने पर अस्पताल के एसआईसी डॉ एसपी सिंह, वरिष्ठ डॉक्टर वीएस त्रिपाठी व डॉक्टर मुकुंद श्रीवास्तव भी पहुंच गये। उन्हें साथ लेकर आकस्मिक कक्ष व वार्ड का निरीक्षण किया। इसके बाद वह इससे सटे महिला अस्पताल में निरीक्षण करने पहुंची। वहां की एसआईसी डॉक्टर मनीषा सिंह सेंगर व डॉक्टर आरएन सिंह को साथ लेकर बहिरंग विभाग, आयुष विंग, सर्जिकल वार्ड एक-दो, अल्ट्रासाउंड व एसएनसीयू विभाग निरीक्षण किया। इस दौरान वहां साफ-सफाई की व्यस्था देखकर वह काफी संतुष्ट नजर आयी। एसआईसी डॉक्टर मनीषा सिंह व डॉक्टर आरएन सिंह ने उन्हें अस्पताल में मैन पावर की कमी की बात बताई। इस पर उन्होंने कमी को जल्द दूर कराने का भरोसा दिया।

# मानवता की निरंतर सेवा में ब्रेथ ईजी के 15 वर्ष पूर्ण

**वाराणसी।** ब्रेथ ईजी चेस्ट स्पेशिलिटी हास्पिटल, अस्सी के 15वीं वर्षगांठ के अवसर पर 8 अप्रैल 2023 को एक निःशुल्क विशाल चिकित्सा स्वास्थ्य मेला का आयोजन ब्रेथ ईजी अस्पताल पर किया गया। जिसमें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आये 418 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 51 छात्र बटुक शामिल थे। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन करके उ.प्र. सरकार के आयुष, खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र, काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य अर्चक पं. श्रीकांत मिश्र, पं. शिवनाथ मिश्र व ब्रेथ ईजी के मेडिकल डायरेक्टर डा. एसके पाठक व निदेशिका सुनीता पाठक ने संयुक्त रूप से किया।

**आयोजन**

### ब्रेथ ईजी में निःशुल्क स्वास्थ्य मेला लगा

अतिथियों ने ब्रेथ ईजी की प्रकाशित बीई टाइम्स पत्रिका का विमोचन किया। शिविर में मरीजों का कम्प्यूटर मशीन से फेफड़े की जांच, रक्त में आक्सीजन मात्रा की जांच, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच व चेस्ट एक्सरे आदि की जांच की गई। निदेशिका श्रीमती सुनीता पाठक ने बताया कि ब्रेथ ईजी में अब तक 1.5 लाख से भी ज्यादा मरीजों का उपचार किया गया है। 50000 से ज्यादा मरीजों की जान बचायी गई है जो गंभीर श्वांस रोग से पीड़ित थे।



**संक्षेप**

### फेयरवेल पार्टी में बच्चों ने मचाया धमाल



**पिंडरा।** स्थानीय ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय जमापुर में शनिवार को आयोजित फेयरवेल पार्टी में विद्यार्थियों ने खूब धमाल मचाया। इस दौरान कई छात्रों ने अपने अनुभव सांझा किये। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ ही गुरु वंदना कर गुरु के प्रति आस्था व श्रद्धा को वक्त किया। इस दौरान केक काटा गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक विनोद कश्यप, संजय गुप्ता, डॉ. राजीव गौतम, अरविंद वर्मा, तेजबहादुर वर्मा, सरिता देवी, रीता पटेल, रागिनी पटेल, अवधेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में दर्जनों के सेहत की जांच



**वाराणसी।** भाजपा के स्थापना दिवस पर वार्ड नंबर-21 तरना के दलित बस्ती में शनिवार को आयोजित शिविर में गरीब वर्ग के दर्जनों लोगों के सेहत की जांच की गयी। जरुरतमंदों को दवाएं भी प्रदान करायी गयी। शिविर में रोहित मिश्रा, सुरेंद्र यादव, गौरव सोनकर आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### शिव को जिसने पूजा उसका हुआ कल्याण

**वाराणसी।** मानस मंडल समिति की ओर से 43वां वार्षिकोत्सव संगीतमय कार्यक्रमों के साथ समाप्त हुआ। लक्सा रोड स्थित मारवाड़ी युवक संघ के प्रांगण में आयोजित हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम में मानस मंडल समिति की ओर से इस वर्ष भी संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ सहित श्री उल्टे हनुमान मंदिर सावेर गांव-इन्दौर की अनुपम झाँकी सजी थी। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने संगीतमय सुरों से समां बांधा। कलाकारों में पूनम शर्मा, खुशबू चांडक, के साथी राणी सती श्याम सेवा ट्रस्ट ने शिव शंकर को जिसने पूजा उसका ही कल्याण हुआ और हे शंभू बाबा मेरे भोलेनाथ तीनो लोक में तू ही तू सहित हे महावीर करो कल्याण तू ही माता तू ही पिता है, तू ही तो है राधा का श्याम हे राम हे राम जैसे कर्णप्रिय भजन और संगीतमय सुन्दर प्रस्तुति से श्रद्धालुओ का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राम जानकी,हनुमान जी एवं शिव जी की झांकी की प्रस्तुति व सवामणी प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मानस मंडल के संस्थापक नंदकिशोर सारडा के नेतृत्व में यह दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नंदकिशोर सारडा, विशाल अग्रवाल, प्रवीण सेठ, ऋषभ खन्ना, कमल लखमांनी, अनिल सारडा, जयनारायण मारू नवनीत सारडा, गौरव राठी आदि मौजूद थे। संचालन जीवन लखमानी व आभार गौरव राठी तथा धन्यवाद अमरदीप ने दिया।

### राजनैतिक भागीदारी के लिए स्वर्णकार संघ करेगा मंथन



**वाराणसी।** अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक की लक्सा स्थित मारवाडी युवक संघ में आयोजित नौ अप्रैल को पूर्वाह्न 10 बजे से होगी। इसमें राजनैतिक भागीदारी के लिए मंथन करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष बहादुर सिंह वर्मा एवं राष्ट्रीय महासचिव रवि वर्मा ने शनिवार को बताया कि बैठक में 22 प्रदेशों के लगभग 150 प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में केंद्र सरकार की तरफ से स्वर्ण आभूषणों पर लगाए गए नए नियम व कानून 'एचयूआईडी' के प्रावधान में सरलीकरण तथा धारा- 411 व 412 के संशोधन पर भी चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की तर्ज पर उत्तर प्रदेश समेत अन्य प्रदेशों में 'स्वर्ण कला केंद्र' के गठन की मांग की जाएगी। सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा।

### नोडल अफसर ने लिया पौधशालाओं का जायजा



**पिंडरा।** यूपी में पौधरोपण अभियान के नोडल अफसर, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं जीएम यूएफसी सुजाय बनर्जी ने शनिवार को सिसवां स्थित दो पौधशालाओं का मौका-मुआयना किया। बाबतपुर वन प्रभाग से संबद्ध इन पौधशालाओं में क्रमशः दो लाख 22 हजार 436 और एक लाख 39 हजार 423 पौधे रोपे गये हैं। श्री बनर्जी ने उन पौधों की बढ़ोतरी के लिए नियमित रूप से निराई-गुड़ाई करने समेत प्रत्येक पौधे के शत-प्रतिशत की उगान सुनिश्चित कराने पर बल देते हुए कुछ टिप्स भी दिए। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी संजीव सिंह, उप प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार, क्षेत्रीय वनाधिकारी संतोष कुमार सोनकर, वन दरोगा मो. इजहार, केबी सिंह, श्रीकांत श्रीवास्तव तथा रमाशंकर यादव आदि भी रहे।

# कंपोजिट विद्यालय के दो नवीन कक्ष उदघाटित



जनसंदेश न्यूज

**समारोह**

### बड़ागांव के बच्चों को वितरित की गयी निःशुल्क पुस्तकें

**बड़ागांव।** कंपोजिट विद्यालय बड़ागांव के दो नवीन कक्ष का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने ब्रह्म बाबा की पूजा, मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जला एवं फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें भी वितरित की।

मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता। इनके अनुभव से हमें सीखने की जरूरत है। विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए शिक्षकों एवं समय से छात्र-छात्राओं के लिए पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। इसके पूर्व उन्होंने सेवानिवृत्त अध्यापकों को सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी क्षमाशंकर पांडेय, पवन सिंह, ग्राम प्रधान शशिकांत, गौरव गुप्ता, बबलु मिश्रा, रवि पांडेय, मुरारी सिंह, कल्लन प्रसाद यादव, अजय तिवारी, अतुल रावत सहित समस्त छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

### मंडलीय अस्पताल में जांची गयी ऑक्सीजन सप्लाई

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के मंडलीय चिकित्सालय में शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर.जे चौधुरी के नेतृत्व में ऑक्सीजन प्लांट एवं ऑक्सीजन सप्लाई सेन्ट्रल कंट्रोल बैक-अप पैनलों की जांच की गयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं संज्ञाहरण विशेषज्ञ डॉ. नीरज कुमार के नेतृत्व में मंडल चिकित्सालय पर स्थापित ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट, ऑक्सीजन सिलेण्डरों के स्टोरेज, पाइप ऑक्सीजन,बाई पम्प वेंटिलेशन मशीन एवं कार्डियेक मानीटर की कार्यप्रणाली के बारे में पैरा मेडिकल स्टाफ व चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया गया। मंडल चिकित्सालय में स्थापित ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट प्रति मिनट 250 लीटर ऑक्सीजन का प्रोडक्शन करता है, जो ऑक्सीजन सिलेण्डरों के स्टोरेज के साथ-साथ 50 बेडों पर मरीजों को निर्बाध रूप से सप्लाई की जा सकती है। यदि किन्ही कारणों से ऑक्सीजन प्लांट बंद पड़ जाता है, तो ऑक्सीजन की निर्बाध सप्लाई सेंट्रल कन्ट्रोल बैक-अप पैनलों के माध्यम से जारी रखी जा सकती है। उन्होंने बताया की मंडल चिकित्सालय के सभी उपकरणों व उनकी क्रियाशीलता परखी जा चुकी है और मंडल चिकित्सालय किसी भी आपात मेडिकल परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार है।

# मांडवी तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू

**बहुरेंगे दिन**

### काफी पुराना है तालाब यहीं लगता है भेला का मेला

### तालाब के एक छोर पर मस्जिद तो दूसरे छोर पर मंदिर

जनसंदेश न्यूज



मांडवी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य के लिए पूजन-अर्चन करते विधायक डॉ. सुनील पटेल व अन्य

**वाराणसी।** मंडुवाडीह स्थित मांडवी तालाब के दिन बहुत जल्द बहुरने वाले हैं। इस तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए पांच करोड़ रुपये राज्य सरकार ने स्वीकृत किये हैं। शनिवार को रोहनिया विधायक डॉ. सुनील पटेल ने पूजा-पाठ कर जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इस तालाब के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण से आसपास के लोगों को स्वच्छ वातावरण में मार्निंग वॉक करने से समेत अन्य लाभ मिलेंगे।

मंडुवाडीह थाना के पीछे स्थित पौराणिक-ऐतिहासिक महत्व के मांडवी तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए जनवरी 2018 में तत्कालीन थानाध्यक्ष डॉ. आशुतोष तिवारी ने काफी प्रयास किया था तथा तालाब किनारे चिह्नित अतिक्रमणों में अधिकतर को ढहा दिया गया था। अवैध निर्माणों का जाल हटने के बाद अरसा बाद जब तालाब पर लगी लाहौरी ईंटें दिखाई देने लगीं तो आसपास रहने वाले बुजुर्गों के मन में इसके पुराने स्वरूप की यादें ताजा हो गयी थी।

तत्कालीन एसीएम प्रथम सुशील गौड़ के नेतृत्व में मंडुवाडीह सब्जी मंडी से तालाब तक सुंदरीकरण के लिए मुहिम भी चलाई गई थी, जिसमें स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था।

तालाब किनारे दीपावली की रात भेला का मेला भी लगता है। यह तालाब काफी प्राचीन है। तालाब के एक छोर पर मस्जिद तो दूसरे छोर पर मंदिर है। इस दौरान पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, कुंवर वीरेंद्र समेत क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# लायन के अधिवेशन में पर्यावरण संरक्षण पर जोर

**वार्षिक अधिवेशन**

### दो प्रतिष्ठित लोगों को किया गया सम्मानित

**वाराणसी।** लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321बी1 का वार्षिक अधिवेशन शनिवार को कैंटोमेंट स्थित एक होटल में आयोजित किया गया। अधिवेशन में सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अभियान चलाकार कार्य करने पर जोर दिया, इस दौरान नगर के दो प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित भी किया गया। वार्षिक अधिवेशन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय निदेशक लायन जितेंद्र सिंह चौहान ने किया।



मल्टीपल कौंसिल चेयरपेर्सन लायन नाकेश गर्ग ने बताया कि लायंस इण्टरनेशनल की एक सीट विश्व के अन्य देशों की भाँति संयुक्त राष्ट्र संघ में भी आरक्षित है तथा यह संस्था विश्व के लगभग 210 देशों में अपने लगभग 14 लाख से ज्यादा सदस्यों के साथ कार्य कर रही है। लायन जे पी सिंह पूर्व अंतरराष्ट्रीय निदेशक ने बताया कि खाद्य उपलब्धता, बड़े पैमाने पर वनों की कटाई, पानी की कमी, जैव विविधता की हानि, मिट्टी की कमी की समकालीन और भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के लिए नुस्खे/ मानदंड विकसित करने के प्रति कार्या करना होगा। इस दौरान पंडित छन्नू लाल मिश्र को लायंस लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड भी प्रदान किया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन विश्वनाथ चौधरी, उप मंडलाधीश लायन तजिन्दर पाल सिंह, द्वितीय उप मंडलाधीश लायन मुकेश जैन, मण्डल के विभिन्न स्थानों से आये पूर्व मंडलाधीश लायन ब्रजेश मोहन श्रीवास्तव, लायन मनोज रूहेला, लायन विद्या शंकर दीक्षित, लायन गोपाल नारायन महरोत्रा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### निक्षय मित्रों ने वितरित की पोषण पोटली

**वाराणसी।** पोषण पोटली वितरण पखवाड़ा के समापन पर नगर के निक्षय मित्रों की ओर से को पोषण पोटली का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से देश भर में बनाये गये निक्षय मित्रों द्वारा टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित करने का कार्य किया जा रहा है।



इसके तहत लोगों बीते दिनों एक पखवाड़ा का आयोजन कर इसको गति दी गयी। पखवाड़ा के समापन पर टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित उन्हें बीमारी के प्रति सावधानियों को भी बताया गया, इसके साथ निराश्रित लोगों में भी पोषक युक्त पोटली का वितरण किया गया। महिला चिकित्सालय की पूर्व अधीक्षिका डॉ.स्वर्णलता सहित स्वास्थ्य विभाग की ओर से बनाये गये निक्षय मित्रों ने पोषण पोटली का वितरण किया। बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें निक्षय मित्र बनाया गया है। और हर माह की एक निश्चित तारीख को लोगों में पोषण पोटली का वितरण किया जाता है।

# मतदाता सम्मेलन के जरिए जनसंवाद करेगी भाजपा

जनसंदेश न्यूज

**आज से आयोजन**

### नगर निकाय चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों शुरू

**वाराणसी।** भाजपा मतदाता सम्मेलनों के माध्यम से जनसंवाद करेगी। नगर निगम क्षेत्रों में आयोजित होने वाले सम्मेलनों के माध्यम से पीएम नरेन्द्र मोदी एवं सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा नगर निकायों में किए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा लेकर पार्टी मतदाताओं के बीच पहुंचेगी।

काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने बताया कि सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक आदि प्रदेश की बदली तस्वीर तथा डबल इंजन सरकार में अंत्योदय के संकल्प से जनकल्याण की अवधारणा का साकार रूप लेकर जनता के दरबार में पहुंचेंगे।

महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने बताया कि नौ अप्रैल को सायं चार बजे से मंडुवाडीह स्थित त्रिभुवन वाटिका में आयोजित मतदाता सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री एके शर्मा तथा सायं छह बजे से नाटी इमली स्थित गणेश मंडपम में आयोजित सम्मेलन में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी भाग लेंगे। जबकि 11 अप्रैल को पूर्वाह्न बजे से दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ में आयोजित सम्मेलन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' भाग लेंगे। क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि सम्मेलनों के जरिए जनता से सीधा संवाद स्थापित कर पार्टी का मुख्य मकसद है।

# बल बुद्धि व विद्या के दाता हैं पवन पुत्र हनुमान

**आस्था**

### संकटमोचन मंदिर में सार्वभौम रामायण सम्मेलन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** हनुमान जयंती के उपलक्ष में श्री संकट मोचन मंदिर में चल रहे तीन दिवसीय सार्वभौम रामायण सम्मेलन के दूसरे दिन शनिवार को सम्मेलन को संबोधित करते हुए मानस मर्मज्ञ ने कहा कि श्री हनुमानजी बल बुद्धि विद्या के दाता हैं। जिसके पास बल बुद्धि और विद्या है वही सभी सुखों को प्राप्त करता है।

आज की युवा पीढ़ी को हनुमत चरित्र से शिक्षा लेनी चाहिए। हनुमान जी के चरित्र का दर्शन करने से सभी सिद्धियों की प्राप्ति होती है। क्योंकि कलयुग में सिर्फ और सिर्फ हनुमान की उपासना करने से भी सभी कामनाओं की पूर्ति होती है।

मानस मर्मज्ञ ने कहा कि कलिकाल में भगवान राम के परम भक्त हनुमान जी की भक्ति करने से भगवान स्वयं भक्तो के दुख को दूर करते हैं।



भाव पूर्वक हनुमान चालीसा का पाठ करने से ही सभी कष्ट दूर होते हैं। साथ ही सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाते हैं। सम्मेलन को राघवेंद्र पांडे, डॉक्टर चंद्रकांत चतुर्वेदी, श्यामसुंदर पांडेय, पारसनाथ पांडेय, डॉ नंदलाल उपाध्याय आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राघवेंद्र पांडे ने किया तथा धन्यवाद रामयश मिश्र ने दिया।

# पीएम मोदी ने काशी को विश्व में विकास मॉडल के रूप में किया पेश

**आयोजन**

### शहर दक्षिणी विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने अपने 657.94 लाख से 28 परियोजनाओं का किया लोकापर्ण-शिलान्यास

**वाराणसी।** शहर दक्षिणी विधायक एवं सूबे के पूर्व मंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सरकार अपने संकल्प के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को उसकी बुनियादी जरूरत की हर चीजें मुहैया करा रही है। मोदी के नेतृत्व में काशी विकास के मॉडल के रूप में दुनियाभर में प्रस्तुत और वैश्विक मंच पर स्थापित हुआ है।



विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने पराड़कर भवन में 657.94 लाख की लागत की 28 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया

गोलघर स्थित पराड़कर भवन सभागार में शनिवार को डॉ. तिवारी अपने विस क्षेत्र में पानी, सड़क आदि मूलभूत सुविधाओं तथा विभिन्न विकास कार्यों से जुड़ी विधायक निधि, त्वरित योजना एवं पूर्वांचल विकास निधि से 657.94 लाख रुपये की लागत की 28 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्व में नागरिकों को मूलभूत सुविधाओं के लिए आंदोलन करना पड़ता था लेकिन अब विकास की धारा में इन सभी सुविधाओं का लाभ देकर विकास कार्य जनता को समर्पित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस विस क्षेत्र में लगभग 55 से अधिक मिनी नलकूप की स्थापना राज्य में प्रथम स्थान पर है। इस विस इलाके में बीते छह साल में विकास के हरएक संभावनाओं पर कार्य हुआ है। कार्यक्रम में डॉ. तिवारी ने 327.69 लाख रुपये की लागत से 17 परियोजनाओं का लोकार्पण और 330.25 लाख रुपये की लागत से 11 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर विद्यासागर राय, डॉ. आलोक श्रीवास्तव, आत्माविश्वेश्वर, नीरज जायसवाल, दिलीप साहनी, साधना वेदांती, नलिननयन मिश्र, संदीप चौरसिया, गोपालजी गुप्ता आदि भी रहे।

# वाटर वूमेन शिप्रा ने 31 दिन में पूरी की गोमती की पैदल यात्रा

**चौबेपुर।** वाटर वूमेन शिप्रा पाठक की पैदल गोमती यात्रा पीलीभीत जनपद के गोमती उद्गम स्थल माधोटांडा से चलकर 35 दिनों में 1001 किमी चलकर कैथी पहुंची। शिप्रा ने जनपद पीलीभीत, शाहजहांपुर, लखीमपुर, सीतापुर, हरदोई, नीमसार, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, जौनपुर के गोमती नदी दिव्य घाटों का जल एकत्र किया है। जो रबिवार को मार्कण्डेय महादेव पर अर्पित करेंगी।

शिप्रा की इस यात्रा से सोशल मीडिया पर लाखों की संख्या में लोग जुड़े रहे जिसके माध्यम से उन्होंने पूरे दिव्य किनारे पड़ने वाले अतिप्राचीन दर्जनों शिवालय के लोगों को दर्शन कराने के अलावा सुल्तानपुर के धोपाप जैसे भगवान राम के साधना स्थल से एवं सई संगम जैसे स्थलों से अपने आध्यात्मिक ज्ञान द्वारा आम जनमानस को परिचित कराया। इस दौरान शिप्रा ने नदी किनारे पड़ने वाले प्रत्येक गांव में जल के महत्व का लोगों को अहसास दिलाते हुए कहा कि आने वाले दिनों में विश्व में उत्पन्न होने जा रहे जलसंकट में हम सब मिलकर भारत को अभी से जल संरक्षित करके इससे मुक्त रखेंगे। उन्होंने कहा उनकी पंचतत्व संस्था आने वाले समय में गोमती नदी किनारे लोगों से पौधे लगवाकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प भी दिलाएगी।



# भारत माता के सच्चे सपूत थे शहीद मंगल पाण्डेय


कार्यक्रम को संबोधित करते डीएम रवीन्द्र कुमार एवं बगल में खड़े शशिकांत


गार्ड ऑफ आनर देते पुलिस के जवान

## बोले रविंद्र कुमार

### विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**बलिया।** 1857 के महानायक, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद मंगल पाण्डेय के शहादत दिवस के अवसर पर स्मारक समिति के तत्वावधान में कदम चौराहा स्थित प्रतिमा के समक्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने झण्डात्तोलन करके किया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि अमर शहीद मंगल पाण्डेय भारत माता के सच्चे सपूत थे। उनकी कुर्बानी हमेशा यादगार रहेगी।

पुलिस प्रशासन की तरफ से गार्ड आफ आनर दिया गया। सरस्वती शिशु मंदिर, सनातन विद्या मंदिर के बच्चों के द्वारा प्रभातफेरी कर शहीद मंगल पाण्डेय अमर रहें के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में सपा के जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव, भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहु, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पाण्डेय, अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष अवधेश ठाकुर, कार्यक्रम के संयोजक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सियाराम यादव, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, विरेन्द्र पाठक टुनजी, अधिकार सेना के राष्टीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर, नूतन ठाकुर, सपा के वरिष्ठ नेता अनिल राय, संतोष तिवारी, नीशु श्रीवास्तव, अजय राय मुन्ना, चूनू मिश्रा, प्रेमनाथ चतुर्वेदी, संजय पाण्डेय, सागर सिंह राहुल, हरेंद्र, राजेश गुप्ता, शक्ति यादव, यशपाल सिंह, डा. विश्राम यादव, संजीव कुमार डम्पू, सभासद ददन यादव, राजेंद्र पाण्डेय, श्रीभगवान यादव, राधेलाल यादव, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद उपाध्याय, शिवानंद ओझा, राजनाथ यादव, परमात्मा पाण्डेय, श्याम बिहारी पाण्डेय आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता स्मारक समिति के अध्यक्ष शशिकांत चतुर्वेदी और संचालन राजकुमार पाण्डेय ने किया।

### शहीद के आदर्शों से लें प्रेरणा : श्रीप्रकाश

**बलिया।** अमर शहीद मंगल पांडेय के शहादत दिवस पर शनिवार को उनके पैतृक आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके नमन किया। बच्चों ने शहीद मंगल पांडेय के जीवन पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। श्रीप्रकाश पांडेय मुन्ना ने कहा कि शहीद के आदर्शों से प्रेरणा लेकर प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहना चाहिए। शहीद के प्रपौत्र एवं कार्यक्रम के आयोजक संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि अमर शहीद मंगल पांडेय के नाम पर इनके गृह जनपद बलिया में एम्स के स्तर का मेडिकल कालेज/रिसर्च सेंटर/हास्पिटल होना चाहिए। उप्र को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए। मौके पर घनश्याम पांडेय, तेजनारायण, अमरेन्द्र सिंह, डा. प्रदीप सिंह, विवक, मनोज, लक्ष्मण यादव, कमलदेव, प्रभुनाथ, मुनेश्वर, छोटेलाल, आनंद, लक्ष्मण राम, अवनीश आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. अंजनी कुमार तथा संचालन विवेक कुमार पांडेय ने किया।

### शहीद मंगल पांडेय ने दिया था एकता का संदेश : सिंह



**बलिया।** स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाने वाले शहीद मंगल पाण्डेय के शहादत दिवस पर कदमतर स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर और इंजीनियर वीरेंद्र पाठक उर्फ टुनजी, भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश सहित अन्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि अमर शहीद मंगल पाण्डेय ने स्वतंत्रता की पहली लड़ाई लड़ी थी। शहीद मंगल पाण्डेय ने भारतवंशियो को एक होने का संदेश दिया था। आज जरुरत है वैसी ही एकता को प्रकट करने का। राष्ट्र को एकता की डोर में बांधना ही शहीद मंगल पांडेय का सपना था। राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने कहा कि शहीद मंगल पांडेय ने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपनी जान की आहुति दे दी। देश को स्वतंत्र कराने में युवाओं के एक प्रेरणा स्रोत बने। आज के युवाओं को अमर शहीद मंगल पांडेय के जीवन वृत्त से सीख लेने की जरूरत है। वीरेंद्र पाठक टुनजी ने कहा कि शहीद मंगल पांडेय एक ऐसे स्वतंत्रता क्रांतिकारी थे, जिन्होंने स्वतंत्रता की क्रांति को एक तीव्रता प्रदान की, जो पूरे भारत के कोने-कोने तक युवाओं का प्रेरणा स्रोत बन गई। भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने कहा कि अमर शहीद मंगल पांडेय एक महान स्वतंत्रता नायक थे, जिन्हें हम भारत माता के सच्चे सपूत के रूप में हमेशा याद करते रहेंगे।

## संक्षेप

### देव स्थापना कार्यक्रम के तहत रवाना हुईं टोलियां



**बलिया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के अभियान के अंतर्गत ग्रामे-ग्रामे यज्ञ, गृहे-गृहे देव स्थापना कार्यक्रम के अंतर्गत हनुमानगंज ब्लाक के द्वितीय चरण में निकली टोलियों का स्वागत शनिवार को किया गया। कार्यक्रम के तहत 950 ग्राम सभाओं में प्रत्येक शनिवार और रविवार को यह टोलियां घर-घर जाएगी। शक्तिपीठ प्रभारी विजेंद्र नाथ चौबे ने तिलक लगाकर अभियान के योद्धाओं को रवाना किया। बता दें कि गायत्री परिवार का पूरे देश को गायत्री मय करने का अभियान चला रहा है। गायत्री परिवार की वंदनीय माता जी के जयंती वर्ष को परिवार इसी रुप में आयोजित कर रहा है। बलिया जनपद में प्रत्येक घर में देव स्थापना के लिए 300 अनुग्राहियों की टीम 30 टोली में विभक्त हुई है। गायत्री शक्तिपीठ परिसर से जिला प्रभारी विजेंद्र नाथ चौबे ने सभी को तिलक लगा रवाना किया।

### पुरानी पेंशन बहाली के लिए धरना 11 को



**बलिया।** कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा बलिया के बैनर तले को जनपद के समस्त कर्मचारियों एवं शिक्षक 11 अप्रैल को जिलाधिकारी कार्यालय के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान सभी कर्मचारी एक स्वर से पुरानी पेंशन बहाली के लिए अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर शनिवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त पारिषद जनपद बलिया के संयोजन में जिला चिकित्सालय बलिया पुरुष एवं महिला में गेट मीटिंग के माध्यम से जनपद के समस्त कर्मचारियों ने हुंकार भरी। सभी कर्मचारियों से सर्वसम्मति से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। इस अवसर पर अरूण कुमार सिंह, हेमन्त सिंह, योगेन्द्र पांडेय, मलय पांडेय, अशोक सिंह, रणजीत बहादुर यादव, शंभू यादव, बबन यादव, दिलीप, जितेंद्र वर्मा, अंजनी राय, प्रदीप पाठक, सुनीता राय, रेणु कुमारी, पुष्पा रावत, प्रियंका सिंह, कंचन पांडेय, मीरा राय, प्रमिला दुबे, पुष्पा सिंह, विनोद सिंह आदि समस्त शिक्षक एवं कर्मचारियों ने हुंकार भरी।

### आज निकलेगी गंगा मुक्ति चेतना यात्रा

**बलिया।** गंगा मुक्ति अभियान के तहत नौ अप्रैल, रविवार को प्रातः आठ बजे से जनपद के विभिन्न स्थानों पर संकल्प कार्यक्रम के लिए गंगा मुक्ति चेतना यात्रा निकलेगी। राष्ट्रीय प्रभारी रमाशंकर तिवारी ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ कदम चौराहा से होगा। दुबहर ब्लाक के श्रीरामपुर, अखार, बेलहरी ब्लाक के हल्दी, भरसौता एवं बैरिया ब्लाक के पचरूखिया एवं रामगढ़ में गंगा पंचायत कर आमजन को गंगा के दर्द से अवगत कराया जायेगा। यात्रा का समापन देर शाम बैरिया में मैनेजर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ होगा।

### गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं है : विद्या भास्कर

**दुबहर।** महान मनीषी संत त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के कृपा पात्र कोसलेश सदन पीठाधीश्वर जगगुरू वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर जी महाराज ने नगवां में हो रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह महापुराण की कथा के प्रथम दिन प्रवचन करते हुए कहा कि गंगा के समान कोई तीर्थ नहीं है और राष्ट्र से बढ़ कर कुछ नहीं होता। जो व्यक्ति राष्ट्र के लिए अपने आपको समर्पित कर देता है, उसे ईश्वर की शरणागति मिलती है। कहा कि भागवत महापुराण कथा सुनने से व्यक्ति के सांसारिक जीवन के बाद भगवान की प्राप्ति होने का मार्ग प्रशस्त होता है। श्रीमद् भागवत की कथा श्रवण करने एवं पढ़ने से ज्ञान और वैराग्य पुष्ट होते हैं। यश के लिए धर्म का सेवन करने वाला दंभी होता है। धर्म का पालन करना हमारा परम कर्तव्य है। सत्कर्म का मतलब ज्ञानयज्ञ होता है। श्रीमद् भागवत तत्व का उपदेश करना ही ज्ञान यज्ञ है। ज्ञान यज्ञ में श्रोता का शरीर ही यज्ञ मंडप होता है एवं श्रोता के पैर यज्ञ मंडप के स्तंभ होते हैं। श्रोता के कान यज्ञ मंडप के कुंड होते हैं एवं प्रवचन करने वाला आचार्य ही यज्ञ का यजमान होता है। आचार्य अपनी जीभ से एक-एक शब्दों की आहुति आपके कान रूपी यज्ञ कुंड में देता है।

# नगर में शीघ्र दिखने लगेगा विकास कार्य

## बोले आलोक शुक्ल

### एमआरएफ केन्द्र के निर्माण को किया भूमि पूजन

जनसंदेश न्यूज


भूमि पूजन करते भाजपा के जिला महामंत्री आलोक शुक्ल

**नगरा।** स्थानीय नगर पंचायत में शनिवार को एमआरएफ केंद्र के निर्माण कार्य को भाजपा जिला महामंत्री आलोक शुक्ल ने भूमि पूजन किया। कहा कि नगरा नगर पंचायत में रस्टिंग मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र का निर्माण हो जाने के बाद कूड़ा इधर-उधर या सड़कों के किनारे नहीं फेंका जाएगा। सरकार की मंशा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के चतुर्दिक विकास की है। उत्तर प्रदेश सरकार विकास के लिए काफी पैसा दे रही है। नगर में शीघ्र ही विकास कार्य दिखने लगेगा।

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत नगरा के विकास के लिए शासन द्वारा तमाम योजनाएं स्वीकृत की गई है। पहले से चल रहे काम का शुभारम्भ होते ही सरकार का काम दिखता भी है और बोलता भी है, जो इस सरकार की विशेषता है। अधिशासी अधिकारी के प्रयास से कई योजनाओं के निर्माण के लिए भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। अधिशासी अधिकारी बृजेश गुप्ता ने कहा कि नगर में एमआरएफ सेंटर का निर्माण हो जाने से नगरवासियों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नगर को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने के लिए स्वयं जागरूक होना पड़ेगा। साथ ही कूड़ा इधर-उधर फेंकने के स्वभाव में बदलाव लाना होगा। इससे पूर्व प्रेम प्रकाश चौधरी बहुगुणा ने सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। इस मौके पर दीपक कुमार, राजू सोनी, काशीनाथ, जयप्रकाश जायसवाल, प्रदीप कुमार, रवीश कुमार, अमरेन्द्र सोनी, गणपति गोड, प्रिंस गुप्ता, राजू चौहान, राजेश राजभर, जितेन्द्र सैनी, इन्द्रजीत गोंड, राजीव यादव, नीरज चौहान, विजय यादव, राहुल, अवनीश, अजय, राजेश, उमेश, संतोष आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता डा. मिलन राम तथा संचालन देवनारायण प्रजापति देवा भाई ने किया।

## रिवैंप योजना से ट्रांसफार्मरों में लगेगा कैपिसिटर

**बलिया।** गर्मी के दिनों में अक्सर ट्रांसफार्मरों में फाल्ट की वजह से लोगों को विद्युत आपूर्ति की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे बच्चे, बूढ़ों और महिलाओं को काफी परेशानियों का सामन करना पड़ता है। लेकिन अब इन समस्याओं से उपभोक्ताओं को निजात मिलने की उम्मीद जगी है। अब रिवैंप योजना के तहत बिजली ट्रांसफार्मर पर कैपेसिटर लगाए जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं को आए दिन होने वाले लोकल फाल्ट से मुक्ति मिल जाएगी। कैपेसिटर शहर से लगायत देहात तक के ट्रांसफर्मरों पर लगाए जाएंगे। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिले में करीब 3.57 लाख उपभोक्ता है, जिनको करीब 22 हजार छोटे-बड़े सभी ट्रांसफर्मरों से बिजली की आपूर्ति की जाती है। इन ट्रासंफर्मरों पर कैपेसिटर (कंडेनशर संधारित) लगाए जाएंगे, जो एचटी और एलटी के करंट को नियंत्रित रखेंगे। इससे गर्मी के दिनों में तकनीकी खराबी और ट्रिपिंग की समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। कारण यह कि गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग के चलते कई तरह की समस्याएं आती है। अधीक्षण अभियंता विद्युत निगम ने बताया कि कैपेसिटर लगने से लोकल फाल्ट में कमी आएगी और ट्रांसफार्मर भी कम जलेंगे।

# गोवंश व असलहा के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



**बलिया।** नरही पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से वाहन पर लदे दो गोवंश, तमंचा एवं कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त किया है। पुलिस ने उनको संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया।

पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान में शनिवार को नरही थाने के उनि मंतोष सिंह, उनि अंजनी सिंह मय फोर्स द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चेकिंग में लक्ष्मणपुर चौराहे पर मौजूद थे कि सूचना मिली कि दौलतपुर नदी पुल होते हुए दो व्यक्ति टेम्पो से गोवंश लेकर जा रहे है। इस सूचना पर कथरिया-चौरा मार्ग तिराहे से पुलिस ने सागर कुमार पुत्र दिनेश राजभर निवासी पिपरा कलां, थाना नरही एवं मन्नू राम पुत्र मनभरन राम निवासी बसन्तपुर, थाना नरही को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से टेम्पो में लदे दो गोवंश बरामद किया गया। साथ ही सागर कुमार के कब्जे तमंचा एवं कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम में उनि मंतोष सिंह, उनि अंजनी सिंह, कां. पंकज यादव, कां. राजकुमार यादव, कां. दिलीप कुमार, कां. अनिकेत कुमार शामिल रहे।

# सपने वो होते हैं, जो नींद नहीं आने देते

## बोले दयाशंकर सिंह

### मंत्री ने सनबीम स्कूल के स्थापना दिवस पर काटा केक


सनबीम स्कूल में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को स्मृति चिन्ह देते निदेशक डॉ. कुंवर अरूण सिंह व अन्य

**बलिया।** उचित मार्गदर्शन में सही दिशा में किया गया सतत परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता। श्रेष्ठ या सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रतिफल अवश्य ही मिलता है। धैर्य, जटिल परिस्थितियां, उतार-चढ़ाव, शैक्षिक गतिविधियां, कौशल पूर्ण कार्य आदि की परीक्षा जीवन में आती रहती हैं। ऐसे ही परीक्षा में मूल्यांकन के उपरांत श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों का उत्साहवर्धन करने हेतु शहर के अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल ने प्रोत्साहन-2023 का आयोजन किया। साथ ही विद्यालय का 11वां फाउंडेशन-डे भी मनाया गया।

मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय के स्थापना दिवस पर केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उच्चतम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्राफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सपने वो नहीं होते हैं जो नींद में आते हैं, बल्कि सपने वो होते हैं जो नींद नहीं आने देते। कौशल पूर्ण शिक्षा के निमित्त यह विद्यालय समग्र जनपद में अग्रणी है। उन्होंने विद्यालय की सुव्यवस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले वर्ष यहां के विद्यार्थी डिस्ट्रिक टापर रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि उपलब्धि का क्रम बना रहेगा।

विद्यार्थी इससे भी आगे जाने की कोशिश करेंगें। उन्होंने विधायक निधि से ओपन जिम शुरू करने के सहायतार्थ मदद देने का आश्वासन दिया। अटल टिंकरिंग लैब हेतु भी शासन से बात करने का भरोसा दिया। विद्यालय प्रशासन द्वारा मंत्री दयाशंकर सिंह को स्मृति चिन्ह एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय ने बच्चों की उपलब्धि की प्रशंसा की। सचिव अरुण सिंह ने कहा कि हर अभिभावक और माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा देना चाहता है। आपका सनबीम स्कूल इसी सपने को साकार करने हेतु तत्पर है।

विद्यालय के निदेशक डॉ. कुंवर अरुण सिंह ने कहा कि यह विद्यालय शैक्षिक क्रिया-कलापों के अतिरिक्त विभिन्न खेल प्रशिक्षण, प्रतियोगिता, क्विज, विद्यार्थी विज्ञान मंथन आदि कौशल पूर्ण गतिविधियां हेतु सदैव प्रयासरत रहता है। प्रधानाचार्या डॉ. अर्पिता सिंह ने बच्चों की उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों के प्रयास की सराहना की। अंत में प्रशासक एसके चतुर्वेदी ने विद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए कार्यक्रम में आए अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, पंकज सिंह, सहरबानो, नीतू पांडेय, निधि सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन समृद्धि सिंह व शौर्य पांडेय ने किया।

# आग से चार लोगों की घर गृहस्थी का सामान राख


आग में जलता ट्रैक्टर

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** आजकल अग्निदेव की निगाह द्वाबा पर टेढ़ी हो गयी हैं। रोज ही आगलगी की घटनाएं हो रही है। शनिवार को सुरेमनपुर दियरांचल के ग्राम पंचायत मानगढ़ अंतर्गत महाज गांव में अज्ञात कारण से अचानक लगी आग से चार लोगों का रिहायशी आशियाना व उसमें रखें घर गृहस्थी के सामान, नगदी, आभूषण के अलावा मवेशियों का चारा, तीन ट्रैक्टर और उसके संयंत्र जलकर राख हो गए।

बार-बार सूचना देने के बावजूद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने अगल-बगल के ट्यूबवेल को चालू कर घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक तीनों ट्रैक्टर और चार लोगों के आशियाने सहित सबकुछ जलकर राख हो गया था। शनिवार की दोपहर में अज्ञात कारण से अचानक भीम यादव के मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें बेकाबू हो गई और भृगुनाथ यादव, अर्जुन यादव, गोरख यादव के घर को अपनी आगोश में ले लिया। उक्त चारों लोगों का सबकुछ जलकर राख हो गया। इस अगलगी की घटना में भीम यादव के तीन ट्रैक्टर, तीन ट्रैक्टर की ट्रालियां व अन्य ट्रैक्टर के उपकरण भी जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल मनोज यादव मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया।

### आठ बीघा पराली जलकर राख, पशुपालक परेशान

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के समरथपाह गांव के मौजे में शनिवार को गेहूं के फसल में से हार्वेस्टर से अनाज निकालने के बाद छोड़ा गया पराली मे अज्ञात कारणों से लगी आग से लगभग आठ बीघा का पराली जल गया। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। सूचना मिलने के काफी देर बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची थी। आग में गेहूं की डन्ठल जल जाने से अब किसानों के सामने पशुओं के लिए भूसा की समस्या खड़ी हो जाएगी। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह अज्ञात कारणों से लगी आग की चिंगारी से गेहू के खेत मे आग लग गयी। आग लगते ही आस-पास के किसानो व मजदूरो ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया। तेज पछुआ हवा के चलते थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप पकड़ लिया, जिसमे किसान दुखन यादव का दो बीघा, मदन यादव का दो बीघा, विजय वर्मा तीन बीघा, रामायन वर्मा का एक बीघा की गेहूं की डंठल जल गया। अनाज पहले ही हार्वेस्टर मशीन से निकाल लिया गया था। अन्यथा वह भी जलकर राख हो गया होता।



# दो दर्जन मामलों में पांच का निस्तारण

**थाना समाधान दिवस**

### भूमि विवाद से संबंधित रहे अधिकतर मामले

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** स्थानीय थाना पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर कई प्रकार के मामले छाये रहे। इसमें भूमि विवाद के मामले की संख्या सर्वाधिक रही। इस दौरान कुल दो दर्जन मामले आये, जिसमें महज पांच का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों का संबंधित विभागों में निस्तारण के लिए भेजा गया।

गोन्हिया छपरा गांव के चौकीदार लालजी पासवान को कोलकाता की रहने वाली रंजना सिंह पुत्री विजय सिंह ने घर की रखवाली करने का जिम्मा देकर कोलकाता गई। लौटी तो देखा कि उनके पैतृक जमीन में ही चौकीदार ने प्रधानमंत्री आवास बनवा लिया है। उसे दूसरी जगह जमीन मिला है, किंतु वह खाली है। यह सुनकर अधिकारी आग बबूला हो गए और तत्काल मकान को वहां से हटाने का निर्देश दिया। इसी तरह चाई छपरा निवासी मुनरिका यादव का भूमि विवाद का मामला पिछले काफी दिनों से चल रहा है। वह दो वर्षों से सभी तहसील और थाना समाधान दिवस पर आवेदन पत्र देते हैं। बावजूद इनके मामले का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसी तरह उपाध्यायपुर निवासी सुनिता यादव का भूमि विवाद भी काफी दिनों से चल रहा है। भीखा छपरा निवासी प्रभावती देवी का भी भूमि विवाद काफी दिनों से चल रहा है। शोभा छपरा निवासी दिलीप सिंह ने अपनी गाड़ी महेन्द्रा वैन खवासपुर बाबू के डेरा निवासी पप्पू यादव को बेचा था। उसका दस्तावेज स्थानांतरण नहीं कराने की वजह से टैक्स दिलीप सिंह के नाम से आ रहा है। उनके नाम पर आरसी कट गया है। यह मामला भी उप जिलाधिकारी के समक्ष आया। इस पर उप जिलाधिकारी ने चौकी इंचार्ज चांददियर गुरु प्रसाद सिंह को मामले को हल कराने का जिम्मा सौंपा। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी उस्मान व एसएचओ धर्मवीर सिंह के अलावा राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।



बैरिया में थाना समाधान दिवस पर आमजन की फरियाद सुनते एसडीएम

### डीएम-एसपी ने सुनी आमजन की फरियाद



**बांसडीह।** स्थानीय कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस में आमजन की फरियाद सुनने के लिए अचानक जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर पहुंच गये। जिलाधिकारी ने आमजन की फरियाद सुनी। जिलाधिकारी ने मातहतों को निर्देश दिया कि सभी मामले को मौके पर जाकर पारदर्शिता का ध्यान रखते हुए तत्काल निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम राजेश गुप्ता, क्षेत्राधिकारीएसएन वैश्य, नायब तहसीलदार अंजू यादव, कोतवाल योगेंद्र प्रसाद, अपराध निरीक्षक अमित सिंह, लेखपाल श्रीराम गोंड, राकेश सिंह, बसंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने अग्निशमन अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के विभिन्न गांवों के दियारा व रिहायशी इलाकों में लगातार हो रही आगलगी की घटनाओं को रोकने के प्रति अग्निशमन विभाग की असफलता पर नाराजगी जताते हुए उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने जिला अग्निशमन अधिकारी को पत्र लिखकर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने पूछा है कि आखिर आग बुझाने के लिए ग्रामीण परेशान क्यों हो रहे हैं? क्यों फायर ब्रिगेड मौके पर समय से पहुंचकर आग नहीं बुझा पा रही है?

उप जिलाधिकारी ने पूछा है कि 22 मार्च को अग्निशमन विभाग को मैंने पत्र लिखा था। इसमें सीएफओ द्वारा 29 मार्च को बताया गया था कि अग्निशमन केंद्र इब्राहिमाबाद की दोनों गाड़ियां तकनीकी रूप से ठीक है और आग बुझाने में सक्षम है। बाकी सब व्यवस्था भी ठीक कर लिया गया है। फिर चालक की कमी व अन्य समस्याएं क्यों बताई जा रही हैं? उप जिलाधिकारी ने चेताया है कि अगर अविलंब इस संबंध में सीएफओ धर्मेंद्र सिंह यादव उचित और संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं देते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए उनके वरिष्ठ अधिकारियों व जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को पत्र भेजा जाएगा। एसडीएम ने कहा है कि किसानों की फसलों को आग के कहर से बचाना सरकार की प्राथमिकता है। साथ ही गांव-गिराव, रिहाइशी मड़हे आगलगी के चलते नहीं जलने चाहिए। यह सुनिश्चित करना अग्निशमन विभाग की जिम्मेदारी है। हमारे तहसील के कर्मचारी और अधिकारी बार-बार परेशान हो रहे हैं। हर घटना पर मौके पर पहुंच रहे हैं। लोग भी नुकसान से मर्माहत है। वहीं, श्रीनगर के अग्नि पीड़ित आदित्य सिंह ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर अग्निशमन विभाग पर आगलगी की घटनाओं को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाते हुए जांच एवं कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## संक्षेप

### दिनेश ने पीसीएस परीक्षा में प्राप्त की सफलता



**बैरिया/लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जगदेवा ढाही निवासी सिविल कोर्ट बलिया के अधिवक्ता के पुत्र ने यूपी पीसीएस परीक्षा में 61वां रैंक प्राप्त किया है। उनका पुलिस उपाधीक्षक पद पर चयन हुआ है। इससे गांव में खुशी का माहौल है। परिजनों ने मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। जगदेवा ढाही निवासी अधिवक्ता नर्मदेश्वर मिश्र के पुत्र दिनेश कुमार मिश्र ने यूपी पीसीएस के परीक्षा परिणाम में 61वां रैंक पाया है। उन्हें पुलिस उपाधीक्षक के लिये चयनित किया गया है। इसकी सूचना से गांव में खुशी का माहौल है। दरवाजे व मुहल्ले में मिठाईयां बांटकर खुशी का इजहार किया गया। चाचा जेपी मिश्र ने बताया कि दिनेश की प्रारंभिक शिक्षा रघुनाथ जूनियर हाईस्कूल जगदेवा में हुई है। माध्यमिक शिक्षा नागाजी विद्यालय माल्देपुर में हुआ। इंजीनियरिंग उसने हिमाचल प्रदेश से किया और वर्तमान में दूरसंचार विभाग के आडिट विभाग लखनऊमें कार्यरत थे। बताया कि 2022 में दिनेश ने यूपी पीसीएस की परीक्षा में प्रतिभाग किया था। इसका परिणाम अभी आया है। इनका चयन पुलिस उपाधीक्षक पर हुआ है। बताया कि बचपन से दिनेश पढ़ने में बहुत कुशाग्र था। हमेशा पढ़ाई से ही लगाव रहा। अपने मेहनत के बल पर ही वह अपना मुकाम हासिल किया है।

### नोडल अधिकारी ने किया गौ आश्रय केन्द्र का निरीक्षण



**बांसडीह।** स्थानीय ब्लाक के ग्राम सभा मुड़ियारी स्थित गौ आश्रय स्थल का लखनऊ से आये नोडल अधिकारी राकेश मिश्रा में शनिवार को औचक निरीक्षण किया। गौ आश्रय स्थल पर कुल 45 पशु स्वस्थ्य पाए गए। इस दौरान नोडल अधिकारी ने पशुओं के रख-रखाव, खान-पान आदि की जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। इसके साथ ही उन्होंने पौधरोपण भी किया। नोडल अधिकारी राकेश मिश्रा ने कहा कि गौ आश्रय में रह रहे पशुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत नंही होनी चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील किया कि अपने घर के बचे हुए रोटी और अनाज को इन पशुओ को खाने के लिए लाकर रोटी बैंक में दे, जिससे कि इन पशुओं को पर्याप्त मात्रा में आहार मिल सके। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी दिनेश कुमार मौर्य, दीपक श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी रामभवन त्यागी, प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश सिंह, धनजी आदि मौजूद रहे।

### आयुष्मान कार्ड बनवाने को किया जागरूक



**मझौवां।** बेलहरी ब्लाक के ग्राम पंचायत दिघार में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत जन आरोग्य अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवानी के अधीक्षक डा. मुकररम अहमद एवं ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक राकेश कुमार सिंह की उपस्थिति में जन चौपाल का आयोजन किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार सिंह, प्रधान प्रतिनिधि मनोज कुमार यादव, रोजगार सेवक विष्णु राम, पंचायत सहायक सुनेदा देवी उपस्थित रहे। इस दौरान लाभार्थियों को सूची पढ़कर सुनाई गई। साथ ही लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु जागरूक किया गया। इस अवसर पर शत्रुघ्न सिंह, अवधेश पटेल, सुरेश राम, भोलू दूबे, राजेश पटेल, भरत पासवान, पिन्टू यादव, उदय यादव, रामा जी यादव, रामदयाल यादव आदि मौजूद रहे।

### ट्रेन की जद में आने से अज्ञात महिला की मौत

**बलिया।** बांसडीह रोड रेलवे स्टेशन पर शनिवार को एक एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का शिनाख्त कराने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद जीआरपी आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह बांसडीह रोड रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक अज्ञात 60 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। स्टेशन मास्टर द्वारा घटना की सूचना जीआरपी को दी गई। सूचना मिलते जीआरपी घटनास्थल पर पहुंच गयी। जीआरपी ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। जीआरपी ने शव की शिनाख्त कराने का भरसक प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। शिनाख्त नहीं होने पर जीआरपी ने शव को मोर्चरी में रखने के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया और आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी।

### घर से लाखों का आभूषण समेत नगदी चोरी



**बिल्थरारोड।** स्थानीय नगर के वार्ड नम्बर सात निवासी कौशल मोदनवाल के घर शनिवार को चोरी का मामला प्रकाश में आया है। चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण तथा डेढ़ लाख रुपये नगदी पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना को लेकर लोगों में दहशत व्याप्त है। जानकारी के अनुसार वार्ड नम्बर सात निवासी कामाख्या मिष्ठान भण्डार के संचालक कौशल मोदनवाल घर में ताला बंद कर अपने पूरे परिवार के साथ टनकपुर में देवी दर्शन करने गए थे। एक दिन बाद शनिवार की सुबह घर पहुंचने पर मेन गेट का ताला खोलकर अन्दर गए तो बक्से का ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। यह वाक्या देख उनके परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई। बक्सा, सूटकेस देखा तो उसमें रखा लगभग लाखो का सोने-चांदी का आभूषण और डेढ़ लाख रुपये नगदी गायब था। सबसे सोचने वाली बात यह है कि आगे में गेट का ताला बन्द था तो चोर घर में अन्दर कैसे चले गए। सीढ़ी आदि से आने का रास्ता ही नही है। परिजनों व लोगों द्वारा यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि चोर्र मेन गेट का डुप्लीकेट चाभी बनवाकर ताला खोलकर अन्दर जाकर चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद पुनः गेट बन्द करके मौके से फरार हो गए होंगे। इस घटना की जानकारी मकान मालिक कौशल मोदनवाल द्वारा उभांव पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दिया।

### अराजक तत्वों पर कार्रवाई की मांग

**बलिया।** दयानंद विद्या मंदिर आर्य समाज रोड के प्रबंधक शिवशंकर वर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर अराजक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की है। श्री वर्मा ने बताया कि कुछ लोग विद्यालय के विषय में अफवाह फैला रहे है। इससे हमारे संस्थान की छवि खराब हो रही है। इसके पूर्व छह अप्रैल को कुछ लोग महिला अध्यापकों एवं स्टाफ को देखकर फोटो खींचने के साथ ही वीडियो बना रहे थे। इसकी सूचना एसपी, सीआ सिटी, कोतवाल एवं चौकी प्रभारी को दिया गया।

### दवा व्यवसायी के निधन पर शोक

**बलिया।** बलिया केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य दिनेश कुमार सिंह का शुक्रवार को वाराणसी में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। इसकी सूचना मिलते ही दवा व्यवसायियों में शोक की लहर दौड़ गई। उनका देर रात महावीर घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। शनिवार को दवा मंडी में शोक सभा हुई। इसमें गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके प्रार्थना की गई। इस अवसर पर बब्बन यादव, भोला अग्रवाल, आशीष, राजेन्द्र, सतीश राय, छोटू सिंह, मनोज श्रीवास्तव, रणविजय, मंटू वर्मा, संजय भट्ट, अजीत सिंह, विशाल, धनंजय आदि मौजूद रहे। संचालन आनंद सिंह ने किया।

### शहीद मंगल पांडेय के व्यक्तित्व व कृतित्व पर डाला प्रकाश



**रसड़ा।** क्रांतिकारी स्मारक समिति उप्र के तत्वावधान में शनिवार को अमर शहीद मंगल पांडेय के शहादत दिवस पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। कृष्णानंद पांडेय ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देकर मंगल पांडेय ने अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंकने का काम किया था। शहीद मंगल पांडेय के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर गगनदीप सिंह आशु, अमित राय, अभिषेक शर्मा, मुख्तार अहमद, सौरव साहनी, गुलजार आलम, आतिश यादव, दुर्गेश त्रिपाठी, प्रकाश गुप्ता, राजेश गिरी, रामजी यादव, स्वपन गुप्ता, विवेक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# स्मृति सिंह को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**बलिया।** नवगठित नगर पंचायत रतसर कलां की निवर्तमान ग्राम प्रधान स्मृति सिंह को पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के अधीन कार्य करने वाली स्वायत्तशासी संस्था अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री पद पर मनोनीत किया गया है।

संस्था के राष्ट्रीय मुख्य महामंत्री एसएस विजय मिश्रा ने पत्र तथा टेलिफोन के माध्यम से उन्हें यह जानकारी देते हुए पूर्वोत्तर भारत का प्रभार सौंपा है। देश भर के पंचायतों के हितों के लिये 1958 से कार्यरत अखिल भारतीय पंचायत परिषद के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री बलवंत राय मेहता तथा भारत रत्न जयप्रकाश नारायण, गुलजारीलाल नन्दा, लाल बहादुर शास्त्री आदि इसके संस्थापक सदस्य रह चुके हैं। मूलतः बलिया के गड़वार ब्लाक के रतसर कलां ग्राम पंचायत जो अब नगर पंचायत बन चुका है, की निवर्तमान ग्राम प्रधान स्मृति सिंह के पिता स्व. अखण्डानन्द सिंह गड़वार ब्लाक के वर्षों तक ब्लाक प्रमुख तथा बाबा स्व. सहजानंद सिंह डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन बोर्ड के चेयरमैन रह चुके हैं। पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वीडियो कान्फ्रेंसिंग द्वारा वार्ता के क्रम में स्मृति सिंह के हेल्पलाइन में क्षेत्रीय भाषाओं में बात करने के दिये सुझाव पर सहमति जताते हुए तत्काल भोजपुरी व बुंदेलखंडी भाषा मे अपनी शिकायत हेल्पलाइन पर दर्ज कराने की व्यवस्था की थी। अपनी बड़ी बहन दीप्ति सिंह के साथ समाजहित में देहदान तथा कैंसर पीड़ित महिलाओं के लिए अपने बाल दान कर चुकी स्मृति सिंह के अति प्रतिष्ठित एआईपीपी के राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत होने पर पूर्वांचल के पंचायत प्रतिनिधियों व सामाजिक संस्थाओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

**मनोनयन**

### अखिल भारतीय पंचायत परिषद की बनी राष्ट्रीय महामंत्री



स्मृति सिंह

### इन पुरस्कारों से हो चुकी हैं सम्मानित

**बलिया।** वर्तमान में स्मृति सिंह अखिल भारतीय पंचायत परिषद की राष्ट्रीय सचिव तथा भाजपा महिला मोर्चा बलिया के जिला सचिव के पदों के दायित्वों का निर्वहन कर रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय से मैनेजमेंट की डिग्री प्राप्त स्मृति सिंह को ग्राम पंचायत में उनके रचनात्मक व सामाजिक कार्यों के लिये उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिष्ठित रानी लक्ष्मीबाई वीरता पुरस्कार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री महाराष्ट्र, मुख्यमंत्री गोवा तथा राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश सहित अनेकों विश्वविद्यालयों, ख्याति प्राप्त सामाजिक संस्थाओं, जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

## इनवर्टर व बैटरी के साथ चोर को पकड़ा

**बैरिया।** विद्यालयों में चोरी की घटनाएं आम हो गयी है। विद्यालय से चुराए गए चोरी के इनवर्टर व बैटरी बेचने जा रहे चोर को विद्यालय संचालक ने रंगे हाथ पकड़ लिया। परिजनों और आस-पास के लोगों की मदद से उसे बैरिया पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद कथित चोर को चालान न्यायालय कर दिया। वहीं, उसके द्वारा बताए गए अन्य लोगों की तलाश में पुलिस जगह-जगह छापेमारी कर रही है।

बता दे कि भरत छपरा स्थित यूनिक कान्वेंट स्कूल का इनवर्टर और बैटरी कुछ दिन पूर्व चोरी हुई थी। शनिवार को बगल के गांव देवकी छपरा निवासी गोलू वर्मा पुत्र छट्ठू वर्मा चुराये गये इनवर्टर और बैटरी को रानीगंज बाजार में बेचने जा रहा था कि उक्त विद्यालय के प्रबंधक भरत छपरा निवासी संजीव सिंह ने अपना इनवर्टर और बैटरी पहचान लिया। उन्होंने उसे अपने भाइयों के सहयोग से पकड़कर थाने ले आए। पूछताछ में उसने चोरी की बात स्वीकार किया। बताया कि वीरेंद्र ठाकुर, मनीष यादव व आजाद अंसारी इस चोरी की घटना में शामिल है। पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# देश की संस्कृति को बिगाड़ने का किया गया प्रयास : सुभाष



**बिल्थरारोड।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 97वें स्थापना दिवस पर जीएमएएम इंटर कालेज के मैदान से आरएसएस के विभिन्न शाखाओं द्वारा पथ संचलन निकाला गया। यह विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर रेलवे चौराहा, यूनाइटेड क्लब, चरण सिंह त्रिमुहानी, बस स्टेशन आदि विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर गंतव्य पर पहुंचकर संपन्न हुआ। इसके पूर्व बौद्धिक सत्र में गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक सुभाष जी ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में भारतीय धर्म व संस्कृति की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने देश की गौरवशाली परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि अंग्रेजों ने देश की संस्कृति को बिगाड़ने का पूरा प्रयास किया। चैत्र प्रतिपदा को भारत में नववर्ष शुरू होता है, जबकि अंग्रेजों ने जनवरी को साल का पहला महीना बनाया। भारतीय मनीषियों ने अपनी बौद्धिक क्षमता से काल गणना कर समय चक्र का निर्धारण किया, किंतु विदेशियों ने देश की बौद्धिक व सांस्कृतिक विरासत को मिटाने का कुत्सित प्रयास किया। उन्होंने कहा कि भारत वीरों की धरती है। आर्यों का प्रादुर्भाव भारत में ही हुआ और भारत सारे विश्व को सुसंस्कृत आर्य बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। पथ संचलन में ध्वज वाहिनी घोष और घोष दंड शामिल रहे, जिसमें पूर्ण गणवेश में आरएसएस के स्वयंसेवक बैंड बाजा के साथ कदमताल मिलाते हुए हाथों में दंड लिए चल रहे थे। पथ संचलन में मुख्य रूप से जिला प्रचार प्रमुख आलोक गिरि, नगर विस्तारक नवीन, नगर संपर्क प्रमुख अमित सिंह, विभाग प्रचारक तुलसी राम, जिला प्रचारक अनुज, सतीश तिवारी, वेदप्रकाश सिंह, अजय पटेल, पवन वर्मा, पूर्व विधायक धनंजय कन्नौजिया, पूर्व मंत्री छट्ठू राम आदि शामिल रहे।

## संक्षेप

### कम्पोजिट विद्यालय ने स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली



**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बे के प्राथमिक विद्यालय भाग एक भाग दो कम्पोजिट विद्यालय की स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गयी जो पुरे नगर का भ्रमण करते हुए शिक्षा के प्रति सबको जागरूक किया। रैली को खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार ने झंडी दिखाकर रवाना किया तथा कहा कि शिक्षा के स्तर मे बहुत सुधार हुआ है ऐसे मे हम अपने बच्चो को कंपोजिट विद्यालय मे दाखिला करे शासन की मंशा है सब पढ़े सब बढ़े जिसको हम लोग रैली के माध्यम से सबको जागरूक करने का प्रयास कर रहे है। स्कूल चलो अभियान की रैली दोंनो कम्पोजिट विद्यालय से होकर पुरे नगर का भ्रमण करते हुए पुनः स्कूल पर आकर समाप्त हूई तथा बच्चो के गगन भेदी नारो बीआरसी के सभी अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे। जिसमें उपेंद्र चैहान, प्रधानाध्यापक मीरा राय, आशीष कुमार, राजकुमार चैहान, मनीष कुमार चतुवेर्दी, अर्चना यादव, जया पाण्डेय, शशिकला पाण्डेय, सुजीत राय, अशोक यादव, बिजय गुप्त, भानुप्रताप सिंह समेत आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

### साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी में मंगल पांडेय की मनाई पुण्यतिथि



**मऊ।** साईं कॉलेज ऑफ फामेर्सी सिकटिया मऊ के सभागार में महान देशभक्त मंगल पांडेय का पुण्यतिथि मनाया गई। जिसमे संस्था के चेयरमैन अखिलेश राय ने बताया के मंगल पांडेय का जन्म 19 जुलाई 1827 को बलिया जिले के नगवा गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम दिवाकर पांडेय और माता का नाम अभय रानी पांडेय था, उन्होंने कहा के भारतीय इतिहास में मंगल पांड्य का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। वह पहले वीर सेनानी थे, जिन्होंने ब्रिटिश हुकूमत के अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई। उनके क्रांतिकारी विचारों और गतिविधियों से अंग्रेज इतना डर गए कि तय तारीख से पहले ही 8 अप्रैल 1857 को उन्हें फासी दे दी। इस दौरान साईं कॉलेज ऑफ फामेर्सी के प्रधानाचार्य ब्रिजेश दुबे व अध्यापकगण अश्वनी सिंह, फतिमा फिरदौस, शिवम सुशील, सुनील राव, विनीत, साधना चैरसिया, अजय सिंह, निदा फतिमा, अमित श्रीवास्तव, विवेक पांडेय, रिया, अंजली, गणेश कुमार भी उपस्थित थे।

### बेमौसम बारिश से बर्बाद गेहूं की फसल देख माथा पीट रहे किसान



**कोपागंज, मऊ।** दो हफ्ते पहले हुई बे मौसम बारिश से हुई गेहूं की बर्बाद फसल देख किसान माथा पीट रहे हैं। और वे बर्बाद हुए फसल के मुआवजा के लिए शासन प्रशासन से उम्मीदें लगाएं हैं। उधर खेतों में बर्बाद हुई फसल का अनुपात जांचने के लिए जिलाधिकारी ने शनिवार को लेखपाल कानुनगो के साथ कोपागंज ब्लाक क्षेत्र के काछी कला गांव में पहुंचे। इस मौके पर डीएम ने अपनी देखरेख में एक किसान के खेत बरसात से हुए गेहूं की फसल की क्षति का आकलन किया। इस दौरान जिलाधिकारी के सामने 10 मीटर त्रिकोणीय खेत की कटाई कर गेहूं की फसल की उत्पादकता को परखा गया। वजन के दौरान गेहूं फसल साढ़े नौ किलोग्राम पाया गया। डीएम ने बताया कि गेहूं की फसल की क्षति का आकलन की रिपोर्ट शासन को भेजा जाएगा। जिसके बाद किसानों को गेहूं की फसल की क्षति का उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### अवैध देशी तमंचा व कारतूस के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** शनिवार को थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान बकवल मोड़ के पास से मूसा उर्फ मुस्तकीम पुत्र गुड्डू निवासी भीरा नदवा सराय थाना घोसी जनपद मऊ के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 109/23 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

# डीएम व एसपी ने समाधान दिवस पर लोगों की सुनी समस्याएं

**सुनवाई**

### राजस्व संबंधी मामलों में पुलिस के साथ संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर तत्काल निस्तारण के दिए निर्देश



**मऊ।** षनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने महीने के दूसरे शनिवार को थाना समाधान दिवस पर थाना कोपागंज में जन सुनवाई की।

उन्होने एक-एक करके सभी शिकायतकर्ताओ की शिकायतें सुनी एवं मौके पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर सभी शिकायतो के निस्तारण के निर्देश दिए। कुछ मामलों में पुलिस एवम्‌ लेखपाल की संयुक्त टीम को तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर रवाना भी किया। जन सुनवाई के दौरान अधिकतर मामले राजस्व से जुड़े थे, जिनके तत्काल निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित क्षेत्र के लेखपालों को पुलिस के साथ मौके पर जाकर निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को जन सुनवाई के दौरान आने वाली शिकायतों को शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण करने को कहा।

जिलाधिकारी ने सभी लेखपालों एवं पुलिस को संयुक्त टीम बनाकर थानों पर आने वाली राजस्व एवं अन्य सभी शिकायतों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। शिकायतकताओं में प्रमुख रूप से चंद्रपति पुत्र सतिराम ग्राम छपरा, ब्रिज बिहारी पांडे पुत्र गिरधर पांडे ग्राम पहसा, उर्मिला सिंह पत्नी भूपेंद्र सिंह ग्राम इंदारा, कन्हैया पुत्र दसरी ग्राम सरोज सहित कई अन्य शिकायतकताओं की शिकायतों का जन सुनवाई के दौरान समाधान किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अशोक यादव, क्षेत्राधिकारी घोसी सहित संबंधित थाने के सभी अधिकारी एवं क्षेत्र के सभी लेखपाल मौके पर उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री के निधन पर व्यक्त किया शोक

**बलिया।** लोहिया संस्थान एवं लोकतंत्र सेनानी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को अधिवक्ता नगर स्थित समाजवादी निवास परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इसमें इलाहाबाद निवासी पूर्व मंत्री शंकर सुहेल के निधन पर शोक प्रकट किया गया। तत्पश्चात गतात्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण करके ईश्वर से प्रार्थना की गई। संस्मरण साझा करते हुए शिवशरण तिवारी ने बताया कि वह छोटे लोहिया जनेश्वर मिश्र के अति प्रिय सहयोग रहे। उनका लेखन एवं सांस्कृतिक विभाग के प्रति विशेष लगाव रहा। इस अवसर पर निर्भय नारायण सिंह, शारदानंद सिंह, सुशील पांडेय, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, शुभ्रांशु शेखर पांडेय, अशोक राय, देवता पांडेय, गिरिश सिंह, बासुदेव ठाकुर, अकमल नईम खां मुन्ना, शाहिद अली खां, फागु प्रसाद, ओमप्रकाश पांडेय, विजय शंकर चौबे, संतोष कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### अंडर 14 तथा अंडर 19 क्रिकेट ट्रायल 11 को

**मऊ।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के ट्रायल के क्रम में 11 अप्रैल को जनपद के बलिया मोड़ स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में अंडर 14 तथा 19 के लड़के व लड़कियों का ट्रायल होगा। यह ट्रायल परिक्षण गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (संबद्ध उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन) के देख रेख में संपन्न कराया जायेगा। इस अवसर पर शारदा नारायन हॉस्पिटल के निदेशक तथा मऊ ट्रायल आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह ने गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सरंक्षण तथा यूपीसीए अपैक्स कौंसिल के सदस्य संजीव कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया की खिलाड़ियो के हितो को ध्यान में रखते हुए मऊ जनपद का ट्रायल मऊ में ही आयोजित कराने का अथक प्रयास सराहनीय है, जिसके लिए जनपद के समस्त खिलाडी सदा के लिए उनके प्रति कृतज्ञ रहेंगे। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए मऊ ट्रायल आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोनीत किये जाने के लिए उन्होंने गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह व उनकी पूरी आयोजन समिति सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा की हमारी टीम पारदर्शिता पूर्वक ट्रायल कराने के लिए कटिबद्ध है।

# क्रॉप कटिंग से फसल की उत्पादकता का होता है परिकलन : जिलाधिकारी

**जायजा**

### गेंहू की क्रॉप कटिंग की कार्यवाही संपन्न

जनसंदेश न्यूज



**मऊ।** शनिवार को जिलाधिकारी अरुण कुमार की निगरानी में रैंडमली चयनित राजस्व ग्राम काछी कला में क्रॉप कटिंग की कार्यवाही संपन्न हुई।

इस दौरान मौके पर संबंधित कर्मचारियों द्वारा रैंडमली आधार पर चयनित ग्राम के एक खेत में समबाहु त्रिभुज के प्रति 10 मीटर भुजा वाले क्षेत्र के अंतर्गत रबी फसल गेंहू की कटाई एवं उससे प्राप्त गेहूं का वजन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सही आंकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए,जिससे वास्तविक आंकड़े ही परिलक्षित हो। क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार करके शासन को भेजे जाते हैं।क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर फसल बीमा धारको को नुकसान का मुआवजा दिया जाता है। कृषि विभाग जनपद के समस्त क्षेत्रों के क्रॉप कटिंग आंकड़ों का औसत निकाल कर शासन को भेजता है। इसके आधार पर ही जनपद में विभिन्न फसलों की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे, उप जिलाधिकारी सदर सहित सभी अन्य संबधित विभागो के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धारदार हथियार से गर्दन काटकर युवक की हत्या

**दुखद**

## पत्नी ने पिता, भाई सहित भाभी के खिलाफ दी तहरीर



दिलदारनगर गांव में हत्या के बाद जांच करती पुलिस।

**दिलदारनगर।** स्थानीय गांव में शनिवार की भोर करीब चार बजे धारदार चाकू से गर्दन काट कर युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने पिता सहित दो सगे भाई और एक भाभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दिलदारनगर गांव पश्चिम मुहल्ला निवासी अमजद खान 34 पुत्र ऐनुद्दीन खां ने अपने पिता और भाइयों के साथ घर में रहता था तथा मृतक की पत्नी नौ माह से तीन बच्चों के साथ मायके में थी। शनिवार की भोर चार बजे घर के एक कमरे में अमजद 34 वर्ष की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दिया गया।

उसके बाद परिवार के लोगों ने 112 पर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर देखा तो स्थिति कुछ और ही बयाकर रही थी जिसके बाद पुलिस ने मृतक अमजद का शव कब्जे में लेकर थाना ले कर आई।

इसके बाद सूचना पर मायके (पखनपुरा मोहम्दाबाद) से सीधे थाना पहुंची मृतक की पत्नी शहनाज अख्तर ने पति का शव देख चीखने चिल्लाने लगी और रोते हुए कह रही थी कि मेरा पति मोबाइल पर एक दिन पहले बोला था कि घर वाले मेरा हत्या कर सकते है और रात में हत्या कर ही दिए। कहते कहते बेशुद हो जा रही थी। मृतक अमजद की पत्नी शहनाज अख्तर के तहरीर पर पुलिस ने मृतक अमजद के पिता ऐनुद्दीन खा, भाई नौशाद खा, इरफान खा सहित भाभी मेहरू निशा पत्नी नौशाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराई है। इस संबंध में एस एच ओ दिलदारनगर अशेषनाथ सिंह ने बताया कि नामजद हत्यारोपियों को 24 घंटे में पुलिस के हिरासत में होंगे। इस दौरान सीओ जमानिया,ग्रामीण एसपी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

### संपत्ति विवाद में पति की हत्या : शहनाज अख्तर

**दिलदारनगर।** मृतक अमजद की पत्नी शहनाज अख्तर ने पुलिस को बताया कि तीन वर्ष पूर्व फरवरी 23 में मेरी शादी दिलदारनगर के अमजद पुत्र ऐनुद्दीन दिलदारनगर गांव में हुई संयुक्त परिवार चल रहा था। एक वर्ष बाद मेरी सास की मौत हो गई तो परिवार के लोग मुझे और मेरे मृतक पति से संपत्ति को लेकर विवाद करने लगे। इसके बाद 9 माह पूर्व मेरी जुड़वी बेटी दिलदारनगर स्थित एक निजी अस्पताल में पैदा हुई। लेकिन संपत्ति विवाद के चलते मैं मायके चली गई लेकिन पति अमजद से मोबाइल से अक्सर बात होती रहती थी। पति से एक दिन पहले बातचीत में बताया कि भाई पिता भौजाई ने बोल रही हैं कि संपत्ति नही मिलेगा और हत्या करने का धमकी दे रहे हैं। हम और हमारा मृतक पति इस बात को लेकर गंभीरता से नही लिया।मैंने पति से बोला था कि रमजान बाद ससुराल आऊँगा। लेकिन पिता भाई और भौजाई ने आखिरकार मिलकर मेरे पति का हत्या कर दिया।

## एसएसओ की लापरवाही से विद्युतकर्मी झुलसा,हालत गंभीर



देवल गांव में हादस के बाद विद्युतकर्मी को इलाज के लिए ले लाते ग्रामीण।

**देवल गांव में लाइनमैन की गैरहाजिरी से हादसा**

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के देवल गांव में बीती रात विभागीय अधिकारियों के लापरवाही के कारण हाईटेंशन तार की चपेट में आने से विद्युतकर्मी गंभीर रूप से झुलस कर घायल हो गया। आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया गया । जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया । जानकारी के अनुसार बीती शुक्रवार की रात देवल गांव के लो टेंशन तार के केबल में आग लग जाने के कारण एसएसओ नंदकुमार ने बिजली कटवा कर आग बुझाने के बाद लाइन चालू करा दिया। देवल उपविद्युत केंद्र के लाइनमैन के गैरहाजिर रहने के कारण एसएसओ नंदकुमार ने सब स्टेशन में हेल्पर पद पर कार्यरत रामसुरेश चौधरी (55) चलती लाइन के हालत में ट्रांसफार्मर पर चढ़कर हाईटेंशन तार का फ्यूज ट्रांसफार्मर से जोड़ने को कहने के बाद अभी चढ़ा ही था कि हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से हेल्पर रामसुरेश चौधरी (55) गंभीर रूप से झुलस कर छटपटाने लगे। आनन-फानन में बिजली का सप्लाई बंद करा कर घायल विद्युत कर्मी को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल की स्थिति चिकित्सकों के नियंत्रण से बाहर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया । ग्रामीणों की माने तो ड्यूटी में तैनात उक्त लाइनमैन ड्यूटी होने के बावजूद भी शाम को अक्सर घर चला जाता है और कभी भी रात को नहीं रहता । गांव के हेल्पर होने के कारण रामसुरेश चौधरी से ही लाइनमैन का कार्य कराया जाता था। इस संदर्भ में एसएसओ नंद कुमार ने बताया कि लाइनमैन के घर चले जाने की वजह से केबल में लगी आग को बुझाने के बाद घायल रामसुरेश चौधरी को फ्यूज का तार जोड़ने के लिए कहा गया और अनियंत्रित होकर गिर जाने के कारण हाईटेंशन तार की चपेट में आ गये। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए।मिली जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल से भी घायल को वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया जहां घायल का इलाज किया जा रहा है।

## बिजली की चिंगारी से चार बीघा फसल खाक

**सुहवल।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ढढनी भानमल राय गांव के पूरब तरफ सिवान में शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे बिजली की शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी के कारण करीब चार बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई । आग लगने की सूचना मिलने पर लोगों की मौके पर भीड इकठ्ठा हो गई,लोगों विद्युत विभाग को सूचना दे आपूर्ति कटवाया,इसके बाद लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन दस्ते को देने के साथ ही आग पर अपने निजी संसाधनों के सहारे काबू पाने में जुट गये। करीब घंटे भर की कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया हा सका। आग के बुझ जाने के बाद दमकल मौके पर पहुंचा,ग्रामीणों ने बताया कि गांव ही के राम अवतार कुशवाहा का आठ मंडा, लक्ष्मी कुशवाहा का एक बीघा, सर्वजीत कुशवाहा का 6 मंडा, बुची कुशवाहा का एक बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने प्रशासन से पिडित को उचित मुआवजा की मांग की है। साथ ही इसकी सूचना सम्बन्धित अधिकारियों को दे दी है।

## जय भारत सत्याग्रह से लोकतंत्र बचाएगी कांग्रेसः सुनील राम



रजदेपुर कैंप कार्यालय पर बैठक के दौरान कांग्रेसी।

**गाजीपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक कैंप कार्यालय रजदेपुर पर आहूत की गई। बैठक में 13 अप्रैल को सरजू पांडेय पार्क में जय भारत सत्याग्रह की सफलता के लिए जिलेभर से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साह से भाग लिया। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि जैसे स्वतंत्रता आंदोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ जो सत्याग्रह किया था, आज फिर इस देश को इसकी जरूरत आ पड़ी है।

वर्तमान भाजपा सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों के खिलाफ यह आम जनता की लड़ाई है, इसमें जिले की सभी सम्मानित जनता से अपील है कि देश में संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए आप भी 13 तारीख को सरजू पांडे पार्क पहुंचकर जय भारत सत्याग्रह को सफल बनाएं। इस बैठक में मारकंडेय सिंह, शफीक अहमद, लाल साहब यादव , अजय कुमार श्रीवास्तव, ज्ञान प्रकाश सिंह मुन्ना, राजीव कुमार सिंह, चंद्रिका सिंह, दिव्यांशु पांडे, हिमांशु श्रीवास्तव, मनीष राय, अनुराग सुधांशु तिवारी, रूद्रेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# एसपी ने थानाध्यक्ष सहित छह पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

**कार्रवाई**

### बिना अनुमति चंदौली में मछली लदे ट्रक को पकड़ने गए थे थानाध्यक्ष

### ट्रक मालिक ने उच्चाधिकारियों को पुलिस की धौंस की दी जानकारी



सुहवल पुलिस के द्वारा चंदौली से अवैध तरीके से लाकर पकडा गया मछली लदा ट्रक।

**सुहवल।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बीते देर रात्रि को सुहवल थानाध्यक्ष बागीश विक्रम सिंह समेत छह पुलिस कर्मियों को बिना अनुमति में पड़ोसी जनपद चंदौली जाकर एक मछली व्यवसायी के ट्रक को पकड़ने एवं उससे धन उगाही की शिकायत पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इसके तुरंत बाद ही सभी की थाने से पुलिस लाइन के लिए रवानगी का आदेश जारी कर दिया। उनके इस सख्त एक्शन से महकमें के पुलिस कर्मियों में हडकंप मचा हुआ है। सूत्रों ने बताया कि सुहवल थानाध्यक्ष बागीश बिक्रम सिंह अपने किसी खास के जरिए इस मछली लदे ट्रक को पकड़ने व उससे धन उगाही के लिए गुरूवार को निजी वाहन से सादे वेश में अपने पुलिसकर्मियों के साथ चंदौली गये थे। मगर ट्रक की लोकेशन नहीं मिल सकी,वापस थाने आए इसके अगले दिन बीते शुक्रवार को तीन निजी वाहनों में उपनिरीक्षक रामबाबू सिंह,दीवान देवेन्द्र यादव,कांस्टेबल शुभम यादव,शिवकुमार और मनोज के साथ गये थे। जहाँ उन्होंने इस ट्रक को हाइवे से अपने कब्जे में लेकर सुहवल के लिए निकल पड़े। मगर ट्रक जिसे वाराणसी की ओर जाना था। मगर ट्रक को पुलिसकर्मियों ने सैयदराजा की ओर ज्योही लेकर मुड़े इसकी लोकेशन ट्रक के मालिक को हुई तो व ट्रक के लूट की आशंका के मद्देनजर अपने वाहन से उसका पीछा शुरू कर सैयदराजा थाना के पास घेर हो हल्ला शुरू कर दिया। जिसके बाद मौके पर चंदौली पुलिस पहुंच गई। वहीं ट्रक मालिक ने इसकी पूरी जानकारी आईजी ,डीआईजी को फोन से दे दिया। मामला बढ़ता देख थानाध्यक्ष बागीश विक्रम सिंह अपने पुलिस कर्मियों के साथ ट्रक को लेकर सुहवल थाने किसी तरह आए,जहाँ पिछे से ट्रक मालिक भी पहुंच गया। पहले सुहवल थानाध्यक्ष ने खाकी का रौब दिखाया,बाद मामला बिगड़ता देख सुलह समझौते पर आए । मगर ट्रक मालिक ने एक न सुनी,पूरे मामले की एकबार फिर मालिक ने इसकी जानकारी पुलिस उच्चाधिकारियों को दी। मामला गंभीर देख एसपी ने तत्काल प्रभाव से थानाध्यक्ष बागीश विक्रम सिंह, एक उपनिरीक्षक,एक दीवान व तीन कांस्टेबल को निलंबित कर दिया। इस संबंध में ग्रामीण पुलिस अधीक्षक बलवंत चौधरी ने बताया बिना अनुमति के गैर जनपद जाने पर पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

**संक्षेप**

### एसडीएम ने फसल की कराया क्राप कटिंग



केशवपुर में गेंहू की फसल की क्राप कटिंग कराते एसडीएम।

**सेवराई।** सरकार द्वारा फसल की क्रॉप कटिंग कराकर किसानों के फसल का मानक तय करते हुए बीमा आदि का निर्धारण करने के लिए चयनित किया गया है। शनिवार को एसडीएम राजेश प्रशाद ने सेवराई तहसील क्षेत्र के केशवपुर में मनिया गांव के निवासी किसान केदार गुप्ता के खेत में पहुंच कर गेहूं की फसल का क्राफ कटिंग करवाये और किसानों से अनुरोध किया की अपनी फसल गेहूं क्रय केंद्र पर ही भेजें। जिससे कि उनकी फसल की उचित मूल्य मिल सके। एसडीएम राजेश प्रसाद ने बताया कि क्रॉप कटिंग से ऊपर का औसत अनुमान निकाला जाता है। जिससे कि विकास के अन्य योजनाओं बनाकर संचालित किए जाते हैं शासन और जिला प्रशासन द्वारा क्रॉप कटिंग पर वर्तमान में काफी जोर दिया जा रहा है।

### प्रो. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय को शिक्षा विभूषण का सम्मान

**गाजीपुर।** हिन्दी केंद्रीय विभाग, त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमाण्डू, नेपाल और शिक्षक-शिक्षा विभाग राम तिलक कॉलेज आफ एजुकेशन , जहानाबाद (बिहार)और 'हिमालिनी' कृष्ण चंद्र मिश्र पब्लिकेशन काठमांडू, नेपाल के संयुक्त तत्त्वावधान में "वैश्विक परिदृश्य में शिक्षा,साहित्य,संस्कृति और समाज की भूमिका " विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी तीन से चार अप्रैल को त्रिभुवन विश्विविद्यालय काठमाण्डू, नेपाल के सिनास भवन के 'राजा जनक' सभागार में आयोजित हुई। अंतराष्ट्रीय संगोष्ठी में पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डा. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने "भारत-नेपाल सांस्कृतिक संबंधों का सुरक्षात्मक महत्व" पर अतिथि वक्तव्य प्रस्तुत किया। इस संगोष्ठी में प्रो. श्री पाण्डेय को शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और भाषा के क्षेत्र में दिए गए महत्वपूर्ण अवदान के लिए 'शिक्षा-विभूषण सम्मान' से अलंकृत किया गया। इससे पहले प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2021 में "सम्मान पत्र" से सम्मानित किया था। अभी तक 35 से अधिक राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठियों में शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पिता गुप्तेश्वर नाथ पाण्डेय, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य और पत्नी डा. सुनीता पाण्डेय, कुलसचिव, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ को दिया। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के मुख्य नियंता डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह,डॉ अरुण यादव,प्रोफ एसएन सिंह, डा. रामदुलारे, डा. त्रिनाथ मिश्र,संजय श्रीवास्तव आदि ने बंधाई दी है।

### अवैध ई टिकट के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दिलदारनगर।** वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त दानापुर के निर्देशन पर दिलदारनगर आरपीएफ की टीम द्वारा अवैध कारोबार चल रहे एक युवक को अबैध ई टिकट व नकदी बरामद के साथ गिरफ़्तार कर जेल भेजा गया। रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक प्रभारी बालगंगाधर ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर अवैध रेल टिकट कारोबार के विरुद्ध अभियान के तहत चंदौली के गोपाल पुर थाना के धीना स्थित आस्था इंटरनेट जनसेवा केंद्र में ई टिकट ऑनलाइन सेवा केंद्र के संचालक आरोपी रामनिवास यादव,पुत्र गांधी यादव के दुकान में छापेमारी कर रेलवे का अबैध ई टिकट का कारोबार करने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। दुकान में छापेमारी मे लैपटॉप को चेक करने पर कुल आठ ई टिकट बरामद हुआ। बरामद ई टिकट की कुल कीमत ?5244 आंकी गई है। इस अभियान में एक लैपटॉप,एक प्रिंटर,एक कीबोर्ड और माउस,एक मोबाइल फोन व नकद रुपया जप्त की गई।पूछ ताछ में संचालक ने बताया कि पर्सनल यूजर आईडी का उपयोग कर ई टिकट बनाकर प्रत्येक टिकट से 100 से ?200 अधिक लेकर जरूरतमंद यात्रियों को बेचा जाता था। इस पर रेल अधिनियम 143 धारा के तहत मामला दर्ज किया गया।इस छापा मारी में उपनिरीक्षक राजीव कुमार,पीके सिंह, सुमेश केशरी,आर के पांडये इत्यादि टीम में शामिल रही।

# गोल्ड मेडल देकर टॉपर छात्र का बढ़ाया मनोबल

**जनसंदेश न्यूज**



स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज में टॉपर को सम्मानित करते प्रधानाचार्य शिव जी यादव।

**भांवरकोल।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के स्वामी आत्मानंद इंटर कालेज के परिसर में शनिवार को पिछले सत्र 2022-23 मे अपने अपने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाओं को कालेज प्रशासन द्वारा सम्मानित करके उनका उत्साहवर्धन किया गया।

बालक वर्ग में कक्षा छ,सात आठ,नौ और ग्यारह में प्रथम स्थान क्रमशः रवि राजभर, आर्यन, अभिषेक राजभर,विजय कन्नौजिया, प्रियंका राजभर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में क्रमशः कंचन यादव, सुमीता कुशवाहा, जोया पारवीन, खुशी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जबकि आदित्य मौर्य, सत्यम, प्रिंस, दइव्यआशूं, करीना राजभर, दिव्या कुशवाहा, प्रियांशी यादव, मैविश खातून आदि को द्वितीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभाओं को यूपीपीसीएस पीईएस में चयनित कालेज के भूतपूर्व छात्र और वरिष्ठ शिक्षक श्रीकांत तिवारी के हाथों मेडल प्रदान किया।

जबकि कालेज टापर कक्षा आठ के छात्र अभिषेक राजभर को कालेज प्रधानाचार्य शिवजी यादव ने सर्वोच्च प्रतिभा सम्मान दिया गया। इस अवसर पर ऊदल सिंह, लल्लन सिंह, शशिधर शुक्ला, राधेश्याम यादव, राममूर्ति भारती, रमेश पाण्डेय, विनोद यादव, प्रदुम्न राय, सुरेंद्र यादव, सुभाष यादव, श्रीनाथ यादव, इरफान अंसारी सहित कालेज के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सचिव ने गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**जखनिया।** क्षेत्र के जलालाबाद गांव में विशेष उच्च शिक्षा विभाग के सचिव डा. अखिलेश मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर सचिव ने कहा कि 204 मवेशी है। जिसमें कुछ बीमार है। उन्होंने बेहतर चिकित्सक से इलाज कराने का सलाह दिए तथा कंडी बनाने के लिए मशीन मगाया जाय और आजीविका मिशन समूह के महिलाओं को भी शामिल करे। गौ आश्रय स्थल में पशुओं को विधिवत पूजन के बाद गुड और फल खिलाए। उन्होंने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर चौहान से वार्ता की। उन्होंने कहा की अपने घर का पैसा लगाकर गौ आश्रय स्थल चलाते है। दस हजार देकर चार कर्मचारी देखभाल करते है। प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर चौहान ने कहा कि यहां के तीस रुपए प्रति मवेशी का रेट बढ़ाए जाय ताकि बेहतर सुविधा दी जाय। निरीक्षण के बाद आजमगढ़ मार्ग से लखनऊ के लिए रवाना हुए। इस मौके पर उपजिलाधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव,खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम, प्रधान प्रतिनिधि हरीशकर चौहान ने बुके देकर स्वागत किया।मौके पर एडीओ पंचायत कृपाशंकर गोड, फैज अहमद, रोशनलाल, हरिशंकर, डॉ. अनिल, राजेश, योगेश, संजय, सौरभ, पियूष, अवधेश, रामवतार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एसआई का बेटा डिप्टी एसपी की संभालेगा कुर्सी



सच्चिदानंद सिंह कुशवाहा।

**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के भदौरा गांव के लाल ने डिप्टी एसपी बनकर अपने परिवार सहित जनपद के नाम रौशन कर दिया। इसकी खबर मिलते ही क्षेत्रीय लोगों मे खुशी का माहौल है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग कि शुक्रवार को सम्मिलित राज्य अवर अधीनस्थ सेवा 2022 के अंतिम परिणाम जारी किया गया। जिसमें 383 पदों के सापेक्ष 364 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। जिसमें सेवराई तहसील के भदौरा निवासी सच्चिदानंद सिंह कुशवाहा का डिप्टी एसपी के पद पर चयन होने की खबर मिलते ही क्षेत्र में लोग खुशी में झूम उठे। सच्चिदानंद सिंह कुशवाहा के पिता ओम नारायण सिंह कुशवाहा सीआरपीएफ में एसआई के पद पर बोध गया में कार्यरत हैं । माता देवंती देवी गृहणी है। सच्चिदानंद के बड़े भाई मंगल कुशवाहा पूर्व जिला पंचायत सदस्य रहे हैं। जबकि छोटे भाई अभी सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे हैं। सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि मेरी प्राथमिक शिक्षा भदौरा गांव के ही जनहित विद्यालय में हुआ था जबकि हाई स्कूल की पढ़ाई कामाख्या विद्यापीठ सेवराई , इंटर की परीक्षा एसकेबीएम दिलदारनगर से 2008 में करने के बाद बीटेक कंप्यूटर साइंस से लखनऊ महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज से 2012 में पास आउट करने के बाद से ही तैयारी करना शुरू कर दिया था । तत्पश्चात दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से समाजशास्त्र विषय से परास्नातक किया था । अपने 8 वर्षों की कठिन परिश्रम कर तैयारी के बाद चार बार यूपीएससी की मुख्य परीक्षा भी दिया। चौथी बार इंटरव्यू में पहली बार पहुंचने के बाद डिप्टी एसपी के पद पर चयन किया गया। अपने इस ऊंची मुकाम पर पहुंचने का श्रेय अपने माता-पिता भाई गुरुजनों को देते हुए बताया कि हमारे दोस्तों ने हमेशा हौसला अफजाई करते रहे ।

# टोल प्लाजा पर अवैध वसूली को लेकर हंगामा

**आक्रोश**

### भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू ने आरोप लगाया कि ओवरलोड वाहनों से तीन गुना टोल लिया जा रहा है।

### मारपीट को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं बनी रही

**जनसंदेश न्यूज**



डांड़ी स्थित टोल प्लाजा पर विवाद के बाद कर्मचारी से वार्ता करते भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू।

**बिरनो।** थाना क्षेत्र के डांड़ी स्थित टोल प्लाजा पर आक्रोशित ग्रामीणों ने टोल कर्मचारियों पर अवैध वसूली को लेकर घंटों हंगामा किया। जिससे टोल प्लाजा के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। दरअसल, शुक्रवार से टोल टैक्स अचानक चालू कर दिया गया । जिसको लेकर क्षेत्र के ग्रामीण और वाहन स्वामी काफी आक्रोश में थे। जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी रहे कुवर रमेश सिंह पप्पू के नेतृत्व में शनिवार को टोल प्लाजा पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पहुंचकर हंगामा करने लगे। ग्रामीणों की मांग थी कि स्थानीय लोगों को टोल टैक्स में रियायत दिया जाए। भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू ने कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि टोल टैक्स कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली की जा रही है । जिसको लेकर ग्रामीणों द्वारा मुझसे शिकायत की गई। जिसके बारे में जानकारी देते हुए टोल टैक्स के मैनेजर विजय विक्रम द्वारा बताया गया कि ओवरलोड वाहनों से तीन गुना वसूली करना है। जिसको लेकर ग्रामीणों में गुस्सा देखने को मिला। बतादें, टोल टैक्स को अभी चालू भी हुए 24 घंटा नहीं बीते तब तक टोल टैक्स के कर्मचारी द्वारा ओवरलोड वाहन को पास न करने देने पर वाहन स्वामी टोल टैक्स कर्मचारी के बीच जमकर मारपीट हुई।

मारपीट को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं बनी रही। भाजपा नेता कुवर रमेश सिंह पप्पू ने बताया कि टोल टैक्स पर अवैध वसूली बंद नहीं हुआ तो एक सप्ताह के अंदर धरना व प्रदर्शन किया जाएगा।

जिसकी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी इस मौके पर कुंवर रमेश सिंह पप्पू, अभिमन्यु, मन्नू विजय, नारायण, सुरेंद्र चौहान, मन्नू राजभर, धनंजय , संतोष, दया प्रकाश, सोनू, दया प्रकाश, धनंजय, चंचल, सरदार, समर, जगपत यादव सहित सैकड़ों में ग्रामीण मौजूद रहे।

## युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

**सादात।** सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा सादात ब्लाक अंतर्गत उकरांव गांव में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष विनोद खरवार ने और संचालन जिला महामंत्री प्रदीप गोड़ ने किया।

मुख्य अतिथि बृजेन्द्र राय ने युवाओं को रोजगार युक्त बनाने और समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़कर उनका सवार्गीण विकास करने के लिये सतत प्रयत्नशील केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए लाभ लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर एक चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रामजी सिंह और उनके सहयोगियों द्वारा किया गया।इस अवसर पर लालजी गोड, शिवपूजन चौहान, दिनेश सिंह, अमरेंद्र खरवार, कुंदन सिंह, पंचदेव गोड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

# नौकरशाहों की मदद से बालू खनन का खेल

**मनमानी**

### ओवरलोड बड़े वाहनों का संचालन रात के अंधेरे में पक्के पुल से कराया जा रहा

**जनसंदेश न्यूज**



हेतिमपुर स्थित जमानियां-धरम्मरपुर गंगा पुल पर सफेल बालू लदी ट्राली।

**जमानियां।** क्षेत्र ग्राम हेतिमपुर स्थित जमानियां-धरम्मरपुर गंगा पुल पर प्रशासन की निगाहों के सामने लाल व सफेद बालू के ओवरलोड वाहनों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। जो कुछ नौकरशाहों की अवैध कमाई का बहुत बड़ा जरिया बना हुआ है।बताते चले कि जमानियां-धरम्मरपुर पुल 72.395 करोड़ की लागत से हल्के वाहनों के आवागमन के लिए बना था और इस पर भारी वाहन न चले इस लिए इस सड़क मार्ग पर हाईटगेज बैरियर लगाकर भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया गया था।

लेकिन नौकरशाहों ने अवैध कमाई के लिए हाईट गेज बैरियर को खोलकर लाल व सफेद बालू सहित अन्य प्रकार के ओवरलोड बड़े वाहनों का संचालन रात के अंधेरे में पक्के पुल से कराया जा रहा हैं।

एक ओर जहाँ राजस्व की क्षति हो रही है तो वही कुछ नौकरशाह माला माल हो रहे है। प्रशासन भले ही अवैध रेत खनन और ओवरलोड वाहनों के आवगमन पर रोक लगाने के कितने भी दावे कर ले, लेकिन कुछ नौकरशाहों के मदद के कारण खनन माफियाओं पर अंकुश लगा पाना प्रशासन के लिए टेढ़ी खीर बना हुआ है। सरेआम धड़ल्ले से बालू खनन व बड़े-बड़े ओवरलोड वाहनों को सुविधा शुल्क लेकर जमानिया धरम्मरपुर पक्के पुल से पार कराया जा रहा है।

## निराला की पुकार/ जागो फिर एक बार



जागो फिर एक बार! / प्यार जगाते हुए हारे सब तारे तुम्हें
अरुण-पंख तरुण-किरण/ खड़ी खोलती है द्वार/ जागो फिर एक बार!
आँखे अलियों-सी/ किस मधु की गलियों में फँसी,
बन्द कर पाँखें/ पी रही हैं मधु मौन/ अथवा सोयी कमल-कोरकों में?-
बन्द हो रहा गुंजार/ जागो फिर एक बार!
अस्ताचल चले रवि/ शशि-छवि विभावरी में/ चित्रित हुई है देख/
यामिनीगन्धा जगी,
एकटक चकोर-कोर दर्शन-प्रिय/ आशाओं भरी मौन भाषा बहु भावमयी
घेर रहा चन्द्र को चाव से/ शिशिर-भार-व्याकुल कुल
खुले फूल झूके हुए/ आया कलियों में मधुर/ मद-उर-यौवन उभार/ जागो फिर एक बार!
पिउ-रव पपीहे प्रिय बोल रहे/ सेज पर विरह-विदग्धा वधू
याद कर बीती बातें, रातें मन-मिलन की/ मूँद रही पलकें चारु
नयन जल ढल गये/ लघुतर कर व्यथा-भार/ जागो फिर एक बार!
सहृदय समीर जैसे/ पोछों प्रिय, नयन-नीर/ शयन-शिथिल बाहें/ भर स्वप्निल आवेश में,
आतुर उर वसन-मुक्त कर दो/ सब सुप्ति सुखोन्माद हो,
छूट-छूट अलस/ फैल जाने दो पीठ पर/ कल्पना से कोमल/ ऋतु-कुटिल प्रसार-कामी केश-गुच्छ।
तन-मन थक जायें/ मृदु सरभि-सी समीर में
बुद्धि बुद्धि में हो लीन/ मन में मन, जी जी में,
एक अनुभव बहता रहे/ उभय आत्माओं मे/ कब से मैं रही पुकार/ जागो फिर एक बार!
उगे अरुणाचल में रवि/ आयी भारती-रति कवि-कण्ठ में,
क्षण-क्षण में परिवर्तित/ होते रहे प्रकृति-पट/ गया दिन, आयी रात/ गयी रात, खुला दिन
ऐसे ही संसार के बीते दिन, पक्ष, मास/ वर्ष कितने ही हजार/ जागो फिर एक बार!

### जनसंपादकीय

# जिस तरह हम बोलते हैं उस तरह तू लिख

**राजेन्द्र वर्मा**



यह सवाल अक्सर उठता रहता है कि कविता की भाषा कैसी हो? हालांकि यह सभी विधाओं पर लागू होता है, पर कविता में विशेष रूप से, क्योंकि कविता एक ऐसा माध्यम है जो गहन भावों को सहजता से हृदयांतरित करती है। जाहिर है, इसमें भाषा की विशेष भूमिका है। जब हम किसी बात को रोजमर्रा की बातचीत के रूप में कहते हैं तो बिना किसी खास प्रयत्न के हमारे दिलोदिमाग पर असर डालती है– चाहे उसमें बिम्ब-प्रतीक हों या न हों। उनकी उपस्थिति उसे साहित्यिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण अवश्य बना देती है, पर जो जरूरी चीज है वह है– अभिव्यक्ति।

आज जब अभिव्यक्ति का संकट हर ओर मँडरा रहा है, तो यह देखना जरूरी है कि प्रतिरोध या बदलाव के लिए जो रचा जाए वह पाठकों तक कैसे पहुँचे? अगर हम शिल्प को लेकर बहुत सजगता दिखाते हैं तो बहुत संभव है कि कथ्य के साथ समझौता करना पड़े और जन-सरोकार शिथिल पड़ जाएँ। फिर जनता के लिए लिखी गई जनता की बात भी कला का हिस्सा होकर रह जाएगी। ऐसे में हमे कवि, भवानीप्रसाद मिश्र याद आते हैं जो जनता की बात जनभाषा में करते हुए कविता रचते थे और कवियों को जैसे चुनौती देते हुए लिखा, 'जिस तरह हम बोलते हैं, उस तरह तू लिख/ और उसके बाद भी हमसे बड़ा तू दिख।'



ऐसा उन्होंने क्यों लिखा, यह भी विचारणीय है। तार सप्तक-2 में वे प्रथम कवि के रूप में उपस्थित हैं। इसमें उनकी ग्यारह कविताएँ संगृहीत हैं : कमल के फूल, सतपुड़ा के जंगल, सन्नाटा, बूँद टपकी एक नभ से, मंगल-वर्षा, टूटने का सुख, प्रलय, असाधारण, स्नेह-शपथ, गीत-फरोश, वाणी की दीनता। कविताओं से पहले उनका एक 'वक्तव्य' है जिसमें वे लिखते हैं, 'जब मैंने लिखना शुरू किया तब निराला, प्रसाद और पंत फैशन में थे। वड्र्सवर्थ और ब्राउनिंग उन्हें अच्छे लगते थे। मेरी कमबख़्ती (जिसे कहने में भी डर लगता है)– ये तीनों ही बड़े कवि मुझे लकीरों में अच्छे लगते थे। किसी एक की पूरी कविता बहुत नहीं भा गयी। तो उनका क्या प्रभाव पड़ता। अँगरेजी कवियों में मैंने वड्र्सवर्थ को पढ़ा था और ब्राउनिंग को विस्तार से। बहुत अच्छे मुझे लगते थे दोनों। बड्र्सवर्थ की एक बात मुझे बहुत पटी कि कविता की भाषा यथासंभव बोलचाल के करीब हो। तत्कालीन हिंदी कविता की (भाषा) इस खयाल से बिलकुल दूसरे सिरे पर थी। तो मैंने जाने-अजाने कविता की भाषा सहेज रखी।'

कविता में कथ्य को लेकर भी उनका स्पष्ट सोच है, 'मैंने अपनी कविता में प्रायः वही लिखा है जो मेरी ठीक पकड़ में आ गया। दूर की कौड़ी लाने की महत्त्वाकांक्षा भी मैंने कभी नहीं की।' अपने वक्तव्य में वे कथ्य के चयन और भाषा को लेकर बहुत महत्त्व की बात कहते हैं, 'दूसरा सप्तक की मेरी कविताएँ मेरी ठीक प्रतिनिधि कविताएँ नहीं हैं। जगह की तंगी सोचकर मैंने छोटी-छोटी कविताएँ ही इसमें दी हैं।आशा गीत, दहन-पर्व, अश्रु और आश्वास, बँधा सावन और ऐसी अन्य लम्बी कविताएँ अगर पाठकों के सामने पेश करता तो ज्यादा ठीक अंदाज उनसे लगता। वहुत मामूली रोजमर्रा के सुख-दुख मैंने इनमें कहे हैं, जिनका एक शब्द भी किसी को समझाना नहीं पड़ता। 'शब्द टप-टप टपकते हैं फूल से; सही हो जाते हैं मेरी भूल से।'

मिश्र जी कविता के लिए जीते-मरते थे। कविता को ही अपना धर्म मानते थे और जरूरत के लिहाज से सुबह-दोपर-शाम, तीनों पहर कविताएँ रचते थे। इमरजेंसी के दौरान उन्होंने ऐसा ही किया। इन कविताओं में वे नए भारत का स्वप्न बुनते थे, प्रतिरोध तो उनकी आत्मा है ही। उनकी ऐसी कविताएँ, 'त्रिकाल संध्या' में संकलित हैं।वे गेय कविता के पक्षधर थे। जाहिर है कि ऐसी कविता छंद के बिना नहीं सध सकती। इस प्रकार, वे छंद को वे कविता का अनिवार्य हिस्सा मानते थे। हालांकि नई कविता, यानी गद्य कविता में भी उनका योगदान कम नहीं, लेकिन छंद में उनकी कहन बहुत मोहक और सम्प्रेषणीय है। अपनी कविताओं में, वे चाहे छंदबद्ध हों या छंदमुक्त, असाधारण कथ्य को साधारण ढंग से रखने में सिद्धहस्त थे। वे गीतों के धनी रहे। 'सतपुड़ा के जंगल' जहाँ नई कविता के फॉर्म में हैं, वहीं 'गीत-फरोश' गीत में निबद्ध कविता है। एक में प्रकृति के अनूठा सौंदर्य है जो मानव-मन अप्रतिम अभिव्यक्ति है तो दूसरे में एक गीतकार की विवशता दर्ज है जो बाजारवाद के तले दबा हुआ है और न चाहते हुए भी गीतों की फरोशी करने को लाचार है। इन कविताओं की भाषा इतनी सहज और टटकी है कि ऐसा लगता है कि महुआ के फूलों की तरह शब्द टप-टप झर रहे हैं–'सतपुड़ा के घने जंगल/ नींद मे डूबे हुए से/ ऊंघते अनमने जंगल/ झाड़ ऊंचे और नीचे/ चुप खड़े हैं आंख मीचे/ घास चुप है, कास चुप है/ मूक शाल, पलाश चुप है।' या 'जी हाँ हुजूर, मैं गीत बेचता हूँ/ मैं तरह-तरह के गीत बेचता हूँ/ मैं किसिम-किसिम के गीत बेचता हूँ/ जी माल देखिए दाम बताऊँगा/ बेकाम नहीं है, काम बताऊंगा/ कुछ गीत लिखे हैं मस्ती में मैंने/ कुछ गीत लिखे हैं पस्ती में मैंने/ यह गीत, सख़्त सरदर्द भुलायेगा/ यह गीत पिया को पास बुलायेगा।'

कवियों के बीच 'भवानी भाई' के नाम से मशहूर मिश्र जी गांधी-दर्शन से गहरे प्रभावित रहे और सत्याग्रह के कारण तीन वर्षों तक (1942-1945) जेल में भी रहे। वे माखनलाल चतुर्वेदी के भी सम्पर्क में रहे। पहले देश की आजादी और बाद में देश के निर्माण और नवनिर्माण के लिए वे आजीवन संघर्षरत रहे। कविताओं के अतिरिक्त, उन्होंने निबंध और संस्मरण भी लिखे। कविता संग्रह, 'बुनी हुई रस्सी' पर 1972 में उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ। वर्ष 1982 में उन्हें उ.प्र. हिंदी संस्थान का साहित्यकार सम्मान और 1983 में म.प्र. शासन का शिखर सम्मान भी मिला। प्रगतिशील ढंग से गांधीवादी विचारों को जीने वाले उनके व्यक्तित्व और कृतित्त्व को नमन!

**(लेखक कवि, कथाकार हैं, संपर्क.80096 60096)**

# 'जाली' की अवधारणा के खिलाफ 'जाली किताब'

**( 'जाली किताब' को रचा ही इसलिए गया है कि साहित्य के इतिहास में घुसी हुई 'जाली' की अवधारणा का पदार्फाश किया जा सके! कृष्ण कल्पित का यह प्रयास समाज के जाति-आधारित विन्यास पर भी एक तरह की टिप्पणी है। वे कहते हैं कि वाल्मीकि और व्यास भी गैर-ब्राह्मण थे। भारत को साहित्य की विराट अभिव्यक्ति देने का काम गैर-ब्राह्मण जातियों ने किया, 'वाल्मीकि और व्यास भी ब्राह्मण नहीं थे, लेकिन उन्हें ब्राह्मणत्व प्रदान किया गया था या समाहित कर लिया गया था, जैसे बुद्ध को समाहित कर लिया गया था।' जो समाहित न किया जा सका उसे खारिज करने के कई तरीके अपनाए गए उनमें से एक है 'जाली' घोषित कर देना।)**

### मूल्यांकन

**कमलेश वर्मा**



कृष्ण कल्पित का दावा है कि 'जाली किताब' एक उपन्यास है। मगर यह उपन्यास परंपरागत ढाँचे पर तैयार नहीं हुआ है। पढ़कर आपको लगेगा कि विधागत प्रयोग का यह दावा दिलचस्प है।

कृष्ण कल्पित ने इस 'उपन्यास' की रचना 'पृथ्वीराज रासो' के पक्ष में की है। हमलोग जानते हैं कि हिन्दी साहित्य के इतिहास में 'पृथ्वीराज रासो' की प्रमाणिकता के बारे में तीन तरह के मत हैं झ प्रामाणिक, अप्रामाणिक और अर्द्ध प्रामाणिक। आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने अप्रामाणिक का पक्ष ग्रहण किया है। उन्होंने इतिहास के तथ्य, पाठ के कई रूप और भाषा की बहुरूपता के आधार पर बताना चाहा है कि यह महाकाव्य किसी एक व्यक्ति के द्वारा उसके जीवन भर में रचा हुआ नहीं मालूम पड़ता है।

दूसरा पक्ष यह है कि 'पृथ्वीराज रासो' को शुक्ल जी हिन्दी का पहला महाकाव्य मानते हैं। लोक-परंपरा में इसकी बेजोड़ प्रसिद्धि बनी रही है। यह भी इतिहास-सम्मत तथ्य है कि इससे पहले इस 'रासो' महाकाव्य के महत्त्व को बताने के लिए 'चन्द छंद बरनन की महिमा' लिखी गयी थी अकबर के समय 16 वीं सदी में। अकबर ने भरे दरबार में 'पृथ्वीराज रासो' का पाठ गंग कवि से सुना था। इस घटना का जिक्र करते हुए 'चन्द छंद बरनन की महिमा' नामक पुस्तक रची गयी थी। कृष्ण कल्पित ने गंग की इस कृति और अन्य रचनाओं के आधार पर उनकी तुलना मीर और गालिब से की है। कालांतर में दोनों किताबों को अप्रामाणिक और जाली बताया गया। दोनों कवियों के बारे में भी संदेह प्रकट किया गया।

कृष्ण कल्पित इस दुराग्रह के पीछे छिपे कारणों को इन शब्दों में प्रकट करते हैं, 'पृथ्वीराज रासो की शताब्दियों से चली आ रही अपार लोकप्रियता ने ब्राह्मणवादी-कुलीन-विद्वानों को इसके विरुद्ध प्रचार करने का मौका दे दिया। विश्व भर में रासो की लोकप्रियता बढ़ रही थी। अन्य विदेशी भाषाओं के अतिरिक्त कर्नल जेम्स टॉड ने इसके 300 छंदों का अंग्रेजी अनुवाद करके इसे दूर तक लोकप्रिय कर दिया। और जैसी कि देश की राजनीतिक परिस्थितियाँ थीं उसने हिन्दू/भारतीय मानस में रासो की प्रतिष्ठा और बढ़ा दी। अब रासो की तुलना रामायण और महाभारत से की जाने लगी। यह ब्राह्मणवादी-सोच को नागवार था कि एक भाट की तुलना वाल्मीकि और व्यास से की जा रही है। जबकि यह सच था।'

'जाली किताब' को रचा ही इसलिए गया है कि साहित्य के इतिहास में घुसी हुई 'जाली' की अवधारणा का पदार्फाश किया जा सके! कृष्ण कल्पित का यह प्रयास समाज के जाति-आधारित विन्यास पर भी एक तरह की टिप्पणी है। वे कहते हैं कि वाल्मीकि और व्यास भी गैर-ब्राह्मण थे। भारत को साहित्य की विराट अभिव्यक्ति देने का काम गैर-ब्राह्मण जातियों ने किया, 'वाल्मीकि और व्यास भी ब्राह्मण नहीं थे, लेकिन उन्हें ब्राह्मणत्व प्रदान किया गया था या समाहित कर लिया गया था, जैसे बुद्ध को समाहित कर लिया गया था।' जो समाहित न किया जा सका उसे खारिज करने के कई तरीके अपनाए गए उनमें से एक है 'जाली' घोषित कर देना।

कल्पित ने औपनिवेशिकता, कुलीनता और ब्राह्मणवाद को इस अवधारणा के लिए आरोपित किया है। ध्यातव्य है कि कुलीन ब्राह्मणों ने भाट ब्राह्मणों को हेय माना है। चन्दबरदाई भाट थे। उल्लेख करना चाहूँगा कि 'महाब्राह्मण' (राजकमल प्रकाशन, 2023) उपन्यास में त्रिलोक नाथ पांडेय ने महाब्राह्मण जाति के दुख-दर्द को कुलीन ब्राह्मणों के द्वारा की गयी उपेक्षा के संदर्भ में व्यक्त किया है। ब्राह्मण के द्वारा ब्राह्मण का उत्पीड़न बताता है कि जाति का अंतर जितना अधिक होता है उत्पीड़न बढ़ता जाता है।

कई तरह के तर्कों के सहारे बहस करते हुए वे 'जाली' की अवधारणा को खारिज करते हैं। उनका मानना है कि लोक की प्रतिभा को कमतर, संदेहास्पद और विवादास्पद बनाकर पीछे ठेल दिया जाता है। 'रासो' और 'महिमा' के साथ यही बर्ताव हुआ है।

कृष्ण कल्पित बनारस और राजस्थान की प्रतिभा को भी टकराते हुए रेखांकित करते हैं। हिंदी के 'प्रथम आलोचक' रामचन्द्र शुक्ल ने बनारस में इतिहास लिखकर राजस्थान के कवि को 'जाली' बताया था। अकबर के दरबार में जिन लोगों ने 'रासो' का पक्ष लिया वे सब राजस्थान के थे, ह्लकाशी के पंडित यदि राजस्थान के एक भाट कवि चन्द बरदाई के रासो को फर्जी ठहरा सकते हैं, तो कोई बावला बरदाई महाभारत को भी जाली ठहरा सकता है।'

यह 'उपन्यास' चंदबरदाई और गंग कवि की काव्य-प्रतिभा को बहुत ऊँचाई पर स्थापित करना चाहता है। वह लोक-प्रसिद्धि और काव्य-संपदा के आधार पर 'पृथ्वीराज रासो' को महाभारत और रामायण के क्रम में जगह देना चाहता है। मगर इतिहास और आलोचना की अभिजन-दृष्टि इसमें बाधक बनी हुई है। इस पुस्तक में 'चन्द छंद बरनन की महिमा' के कुछ अंश जगह-जगह पर रखे गए हैं। हिन्दी साहित्य के विद्यार्थियों-प्राध्यापकों में से ज्यादातर ने इस पुस्तक के किसी अंश को इससे पहले नहीं पढ़ा होगा। गंग की इस पुस्तक को 'खड़ी बोली हिन्दी गद्य का प्रथम नमूना' माना गया है। कल्पित ने सलीके से इस गद्य को हमारे सामने रखा है और आग्रह किया है कि ध्यान से पढ़िए तो फारसी-मिश्रित यह गद्य अच्छी तरह से समझ में आ जाता है।

इस 'उपन्यास' को पढ़ते हुए एक और ध्वनि सुनायी पड़ती है। लगता है जैसे कृष्ण कल्पित अपने रचनाकार व्यक्तित्व को लेकर सजग हैं। चन्दबरदाई और गंग कवि के विवरणों में कल्पित के आत्म-आग्रह की मर्मर ध्वनि सुनायी पड़ती है। वैसे यह सच है कि कृष्ण कल्पित के बारे में अच्छा ख्याल न रखनेवालों की संख्या पर्याप्त है। उन्हें शायद इल्हाम भी हो कि उनकी रचनात्मक प्रतिभा के मूल्यांकन के समय उनके मिजाज को तवज्जो दे दी जाती हो! डर है कि 'जाली' की परंपरा की सूली पर उन्हें भी न चढ़ा दिया जाए! 'जाली किताब' कहती है कि काव्य-प्रतिभा का मोल करो! तथ्यों के आधार पर रचना के बारे में एक सीमा तक ही बात की जा सकती है। असली चीज है सत्य! यह सत्य भी काव्य की प्रकृति का होता है। इस सत्य की निर्मिति में कल्पना की भी भूमिका होती है। इसलिए इस सत्य को तथ्य वाले सत्य की तरह नहीं देखना चाहिए।

इन सब के साथ कृष्ण कल्पित शोध-सामग्री भी प्रस्तुत करते जाते हैं। अब तक हो चुके शोध का यथास्थान उल्लेख करते हुए वे अपनी बहस जारी रखते हैं। भारतीय विद्या पर काम करनेवाले विदेशी विद्वानों को इस पुस्तक में कई जगह पर याद किया गया है। 'रासो' के पक्ष में खड़े ब्राह्मण-विद्वानों को भी याद किया गया है।

इस 'उपन्यास' के उपन्यास होने में संदेह का पूर्वानुमान कर-



के लेखक ने नए प्रतिमान गढ़े हैं। कई विधाओं को मिलाकर रचे गए इस 'उपन्यास' के बारे में लेखक का दावा है कि यह 'हिंदी का प्रथम नया उपन्यास' है।

कृष्ण कल्पित की रचनात्मक प्रतिभा जिस तरह से कविता में दिखायी पड़ती है, उस स्तर की इस 'उपन्यास' में मुझे दिखायी नहीं पड़ी। उनकी काव्य-भाषा कसी हुई होती है। इस गद्य में आवृत्ति है, शायद बहस के कारण एक बात को कई बार कहना पड़ा है। निर्दोष भाषा कल्पित की विशेषता है। 'बाग-ए-बेदिल', 'हिन्दनामा', 'रेख्ते के बीज...' और 'कविता-रहस्य' जैसी पुस्तकों के रचयिता की यह कृति अपनी तबियत में लगभग पहले की कृतियों-जैसी है; मगर बनावट में नयी है। इसमें भी कल्पित का स्वर 'लाउड' है और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। आलोचना और तथ्य की उपस्थिति ने कथानक को कथा-सूत्र की तरह विकसित होने से रोका है। यह रुकावट लेखक की तरफ से जान-बूझकर खड़ी भी की गयी है। वह चाहता है कि उपन्यास के रूप में वह भाव और शिल्प की दृष्टि से कुछ नया प्रस्तुत करे!

कविता, कथा, कथेतर गद्य, इतिहास और आलोचना को मिलाकर उपन्यास बनाने की इस कोशिश को 'अद्भुत' तो कहना ही पड़ेगा। अब जो 'अद्भुत' है उस पर आम सहमति बन भी नहीं सकती है। कृष्ण कल्पित की इस पुस्तक को नये आस्वाद के रूप में ग्रहण करने की जरूरत है। उनकी अन्य कृतियाँ भी नये आस्वाद की क्षमता से भरपूर हैं। यह तो मानना पड़ेगा कि म्यान को छोड़कर तलवार का मोल निकाला जाए तो कल्पित धारदार ही मालूम पड़ेंगे!

**जाली किताब – कृष्ण कल्पित**
**राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली, 2023**
**मूल्य – 199 पृष्ठ – 133**

**लोक की प्रतिभा को कमतर, संदेहास्पद और विवादास्पद बनाकर पीछे ठेल दिया जाता है। 'रासो' और 'महिमा' के साथ यही बर्ताव हुआ है। कृष्ण कल्पित बनारस और राजस्थान की प्रतिभा को भी टकराते हुए रेखांकित करते हैं। हिंदी के 'प्रथम आलोचक' रामचन्द्र शुक्ल ने बनारस में इतिहास लिखकर राजस्थान के कवि को 'जाली' बताया था। अकबर के दरबार में जिन लोगों ने 'रासो' का पक्ष लिया वे सब राजस्थान के थे**

# अगला महीना

### कहानी

**नसीम साकेती**



एकदरा से घण्टाघर की ओर कुछेक कदम चलकर दायीं ओर देखें तो 'स्टार होटल' का आलीशान बोर्ड आप के मन को अपनी ओर खींचे बिना नहीं रहेगा, उसके बगल में 'कराची होटल' का बोर्ड दिखायी देगा, जिस पर धुएं ने अपना पूरा रंग जमा रखा है, इस होटल के किनारे से शहर की टंकी की ओर स्टार बेकरी से होती हुई एक गली गयी है, टंकी के नीचे बनी दुकानों में सामने एक होटल (अधिकांश लोगों के शब्दों में भटियारखाना) को आपकी नजर ढूंढ लेगी, इसी में वह अपना दोजख भरा करता है।

तनख़्वाह लेने के बाद उसने रोजाना के पैदल चलने के मामूल को भंग करके अपने ऑफिस से रिक्शा किया और घण्टाघर के पास कल्लू के सैलून के सामने उतरा, वह पक्का इरादा करके चला है कि इस महीने से दोजख भरने वाले होटल बनाम भटियारखाना के जुए को उतार फेंकेगा, जिन्दगी के नये रास्ते पर कदम रखेगा।....आज से पहले एक तवील अरसे से जब भी, जिस महीने में, उसने यह कदम उठाने को सोचा तो....बहिनी की शादी में बैंक से लिये गये कर्ज की अदायगी के लिए रोज-रोज बैंक का सिपाही आता है, बैल खोल के ले जाऊंगा, कुर्की लाने पर ही दोगे क्या?'....दायां बैल बाधी से मर गया, अगर इस महीने बैल न खरीदा गया तो कार्तिक की कमाई मिट्टी में मिल जायेगी....दक्खिन ओर ओसारे के ठेके का रूपया ठेके वाले मांग रहे हैं....इस महीने बहिनी की विदाई के लिए उसके ससुरालवाले कह रहे हैं, बहुत कहा कि कुछ दिन और रूक जाओ, लेकिन वे नहीं सुन रहे हैं....त्योहार सिर पर है, अभी तक किसी चीज का इंतजाम नहीं हुआ है....महंगाई सातवें आसमान पार करके चढ़ कर बोल रही है प?ाज सौ रुपए किलो.. तुम्हारी पत्नी की बीमारी में अभी कोई सुधार नहीं हुआ, रुपए की सख़्त जरूरत है, आदि-आदि। इन घरेलू समस्याओं के लिए हर महीने मुकर्रर रकम के अतिरिक्त उसे कुछ-न-कुछ और भी इन्तजाम करना पड़ता था।

कल्लू ने बढ़ी हुई दाढ़ी, जिसे लगभग एक हफ़्ते से मशीन का स्पर्श नहीं नसीब हुआ था, देखकर पूछा, 'बाबू, क्या दाढ़ी रखने की सोची है?'

मन में तो आया उसके कि वह कह दे - हां, अरस्तू बनने का इरादा कर लिया है, लेकिन कह न सका और सीढ़ी पर कदम रखते हुए सैलून की कुर्सी में धंस गया, शीशे पर चेहरे का अक्स पड़ा, चेहरा काफी भद्दा लग रहा था। और क्यों न लगे? क्लीन शेव था जो। कल्लू ने झट से दाढ़ी पर साबुन लगा ब्रश फेरा और ब्लेड रूपी उस्तरा दाढ़ी पर फेरना शुरू किया। थोड़ी देर के बाद चेहरे पर दूसरी रौनक आ गयी।

'बाबू, स्नो भी लगा दूं?'

उसने कल्लू की बात पर कोई ध्यान नहीं दिया और पैसे देकर नीचे उतर आया। बगलवाली पान की दुकान से चारमीनार सिगरेट ली और आसपास के वातावरण पर एक छिछली-सी नजर डालकर, सामने वाली मस्जिद में स्थित 'अख़्तरप्रेस' की ओर देर तक देखता रहा। अख़्तर प्रेस के आबदी साहब 'अख़्तर अखबार' के प्रूफ देखने में लीन थे। जिन्दगी की शुरूआत उसने इसी प्रेस से कातिब के रूप में की थी, जिसकी धुंधली यादें उसे परेशान करने लगी। उसने सिर को झटका देकर सिगरेट का एक जबरदस्त कश लिया, लेकिन बीच में ही खांसी आ जाने के कारण यकायक धुआं मुंह से उगल देना पड़ा। धुआं आँखों के ऊपर से होता हुआ हवा में गायब हो गया, आंखें लाल हो गयीं और कड़ुवाने लगीं। उसने सिगरेट के दो टुकड़े करके नाली में फेंक दिया और आंखें मलता हुआ अपनी मंजिल की ओर बढ़ चला।

आगे रिक्शा तथा तांगेवालों की आवाजों ने उसके कान के परदों को झिंझोड़ दिया - 'अयोध्या एक सवारी।'

- 'कहां, अयोध्या चलोगे, बाबू?'
- 'बाबू, एक सवारी बैठी है, चाहे जो दे दो.....।'
- 'कहां जाना है? नये घाट.....? तुलसी उद्यान....? हनुमान गढ़ी....? देवकली....? पैगम्बर शीश की मजार..... रामलला के दर्शन करने.......
- नहीं, मुझे कहीं नहीं जाना,' कहकर उसने दोजख भरने वाले होटल की ओर देखा, कुछ सिर दीख पड़े, उसे आज बड़ी घृणा-सी हुई, उस होटल में खाते हुये लोगों को देखकर, अब वह आज से हरगिज वहां नहीं जायेगा, अब तो वह .....और कराची हिन्दू होटल के सामने पकौड़ी बेचने वाले मुल्लन चचा की दुकान के किनारे से होता हुआ स्टार होटल में घुस गया। होटल के तेज-तर्रार नौकर शौकत ने बड़ी अदा से सलाम किया और धीरे से अपनी मेज पर चलने के लिए कहा, जो बिल्कुल अन्दर वाले कमरे में थी।

दोनों तरफ बैठे लोगों पर उड़ती नजरें डालता, सामने वाले आदमकद शीशे में अपना प्रतिरूप देखता हुआ, वह आगे बढ़ गया।

शौकत ने मेज पोंछते हुए पूछा, 'सॉब, क्या खायेंगे?'

- मैं माहवारी हिसाब रखना चाहता हूं।'
- 'ठीक है सॉब, छः हजार रुपए होते है।'

छः हजार रुपए.....? और उसे दोजख भरने वाले होटल के दो हजार रुपए याद आये।

'जी हां, अभी तक आप कहां खाते थे?'

'अ...अ...अ.....अभी मैं हाल ही में यहां आया हूं।'

'हां तो सॉब, एक हजार रुपए पेशगी देने पड़ते हैं, बाकी आखिरी तारीख को।' और उसने हाथ धोने के लिए चिलमची आगे बढ़ा दी।

उसने हाथ धोया ओर कुर्ते की जेब से हाथ पोंछने के लिए रूमाल निकालने लगा, लेकिन रूमाल नोटबुक के नीचे पड़ गया था, उसने नोटबुक निकालकर मेज पर फेंक दिया और रूमाल से हाथ पोंछने लगा, पंखा चलने के कारण नोटबुक के पन्ने फड़फड़ाने लगे, उसने नोटबुक उठाने के लिए अपना हाथ बढ़ाया था कि उसकी नजर एक पन्ने पर जा कर अटक गई, उसने उस पन्ने को उंगली से दबा दिया और उसे पढ़ने लगा, उसे पढ़ते ही उसका चेहरा एकदम फक हो गया....लिखा था- 'इस महीने 'उस काम' के लिए सौ हरज करके रूपया जरूर भेजना है, उसे याद आया - बहुत पहले उसकी पत्नी का फोन आया था - 'लेडी डॉक्टर ने कहा है कि तुम्हारी गोद भर सकती है, लेकिन दो-चार सौ की दवा से नहीं, बल्कि एक साथ पूरे कोर्स के रुपए लगेंगे।'

- 'कुछ आर्डर नहीं दिया, सॉब?'

उसने मेज से नजर हटाकर हकलाते हुए कहा, 'अच्छा, ठीक है, अगले महीने से.....'

लेकिन वह अगला महीना कभी आयेगा भी या.....?

**(लेखक कथाकार हैं, संपर्क 094154-58582)**

# यह 'मानुष पुराण' एक लेखक की आत्मकथा है

### मूल्यांकन

**डॉ. विनय दास**



हिन्दी गद्य की लोकप्रिय विधा आत्मकथा है पहले कविता में अवतरित हुई। सन 1641 ई. में बनारसी दास जैन ने पद्य में 'अर्द्धकथा' नाम से पहली आत्मकथा लिखी थी। कालान्तर में 56 पृष्ठ के लघु कलेवर में सुधाकर द्विवेदी ने 'राम कहानी' और अम्बिका दत्त व्यास ने 'निज वृत्तान्त' लिखा। किन्तु इस दिशा में सन 1932 में 'हंस' के आत्मकथा विशेशांक ने ऐतिहासिक पहल की। उसके बाद सन 1946 में राहुल सांकृत्यायन ने तीन खण्डों में 'मेरी जीवन यात्रा' लिखकर भारी-भरकम बड़ी आत्मकथाओं का आगाज किया। फिर तो तमाम लेखकों ने आत्मकथाएं लिखीं। दलित कथाकारों ओम प्रकाश वाल्मीकि की 'जूठन', मोहनदास नैमिशराय की 'अपने-अपने पिंजरे', श्योरोज सिंह बेचैन की 'मेरा बचपन मेरे कंधो पर', तुलसी राम की 'मुर्दहिया' आदि बहुत मशहूर हुई।

सुधाकर अदीब की आत्मकथा 'मानुष पुराण' 614 पृष्ठों के दीर्घ कलेवर में रची गयी है। वे अपने जीवन की किसी घटना को देश, काल और समाज की किन्हीं बड़ी घटनाओं के साथ जोड़कर देखने की कोशिश करते हैं। इससे रोचकता बढ़ जाती है। इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है, ' सन 1953 का साल विश्व में यूं तो अनेक घटनाओं के लिए प्रसिद्ध है जैसे- सोवियत संघ रूस के तानाशाह जोजेफ स्टालिन का इसी साल निधन और उस देश के लोगों ने राहत की सांस ली। इसी साल ग्रेट ब्रिटेन की राज गद्दी पर रानी एलियाबेथ की ताजपोशी हुई जो 95 वर्ष की थी। इसी साल पाकिस्तान में बेजनीर भुट्टो का जन्म हुआ जो कालान्तर में अपने देश की प्रधानमन्त्री बनी और अंत में दूसरी बार प्रधानमन्त्री बनने के चक्कर में वहां के राजनीतिक आतंकवाद में मारी गयी। और 1953 में ही भारत में मैने भी साल के आखिरी महीने की 17 तारीख की सुबह सूर्योदय के आस-पास अपनी माता सरोज अदीब के गर्भ से जन्म लिया। इसी 1953 के ऐतिहासिक वर्ष में भारत और नेपाल के मध्य विश्व की सबसे ऊंची अविजित पर्वतीय चोटी माउंट एवरेस्ट के एक अभियान में न्यूजीलैण्ड के पर्वतारोही सर एडमंड हिलेरी अपने भारवाहक -कुली शेरपा तेन सिहं नॉरगे के साथ एवरेस्ट को फतह करने निकले।'

'मानुष पुराण' हमें बेबाकी और ईमानदारी से बताता है कि इसके लेखक के जीवन में संघर्ष की एक लम्बी दास्तान है। उसने बचपन में अपनी बहन कीर्ति के साथ पिताजी की जेब से चवन्नी चोरी करके चाट खाई है। चोरी खुलने पर डांट ही नही बेल्ट की मार भी खाई है। फिर चोरी कभी न करने का सबक भी लिया है। अपने नाम के आगे 'अदीब,' का इतिहास वे कुछ यूं बताते हैं, हम लोग कश्मीरी पण्डित है। पहले हमारे परिवार में 'सर नेम' 'दर' लगा करता था। हमारे पूर्वज में मंशाराम 'दर' को शायरी का बडा शौक था। एक बार नवाब वाजिद अली शाह उनकी शायरी से इतना खुश हुआ कि ईनाम तो दिया ही मगर उनका नया तखल्लुस 'अदीब' कर दिया। उर्दू में अदीब का अर्थ साहित्यकार है। कालान्तर में पीढ़ी दर पीढ़ी चलकर यह तखल्लुस हमारे नाम से भी जुड़ा। यहां पर वे अपनी सात पीढ़ियों का हवाला देते है। प्रेम अदीब को जो उस जमाने में फिल्म के बड़े स्टार हुआ करते थे। शोभना समर्थ के साथ काम किया था। उन्हें भी याद करते है। थाने परिवार में साहित्य, संस्कृति ओर अभिनय कला के गुण परंपरा से समाहित थे।

1980 के 12 मार्च की तिथि वे नहीं भूलते जब वे शोभा के साथ दाम्पत्य बंधन में बंधते हैं। साहित्य की दुनिया में अपने पैर जमने के पीछे वे उप्र हिन्दी संस्थान का डायरेक्टर होना मानते है। यहां पर वे श्रीलाल शुक्ल, मुद्राराक्षस, डा शंभुनाम सिंह, उदय प्रताप सिंह सदृश अनेक साहित्यकारों के साथ अपने संबंधों के खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा करते है। वे लिखते हैं, उ. प्र. हिन्दी संस्थान में आ जाने से मुझ जैसे लोक सेवक का पूरा जीवन ही साहित्य ने बदल दिया। पिता के साथ मित्रवत व्यवहार को भी याद करते हैं। अपनी आत्म कथा का नाम 'मानुष पुराण' रखने के पीछे वह अपने एक कलाकार मित्र कृपाल सिंह 'आजाद' के साथ घटित एक घटना का उल्लेख करते है। जो रेलवे में खलासी के पद पर कार्य करता था। एक मुलाकात मे लेखक उसके सामने जमीन पर पालथी मारकर बैठ जाता है। उन्हें इस तरह देखकर वह कहता है, अरे! पंडित जी यहां कहां आ गये? तुमसे मिलने। दारू पिओगे। मीट खाओगे सुअर का। मैंने कहा जो कुछ खिलाओं-पिलाओगे, सब चलेगा। वे लिखते हैं, मैं आज एक बहुत प्यारे कलाकार दोस्त से ज्यादा एक वास्तविक मनुष्य से मिलने जा रहा था। जिसकी मनुष्यता के अतिरिक्त न कोई जाति थी और न कोई धर्म। हम दोनों मित्र उन दुर्लभ क्षणों में उस 'मानुष पुराण' का हिस्सा थे जो आज तक लिखा ही नही गया था। ऐसी तमाम दुर्लभ इंसानियत और मनुष्यता की गाथा 'मानुष पुराण' कहती है जो पठनीयता के गुण से भरपूर बेहद सरल और सरस भाषा में लेखक ने कही है। सुधाकर अदीब 'मानुष पुराण' में बेबाक ढंग से कुलीन वर्ग के संघर्ष को पाठक के सामने लाते है। आत्मकथा की दुनिया में अपने इस नये रंग के कारण 'मानुष पुराण' याद किया जायेगा।




**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# स्कूल चलो रैली निकाल बच्चों ने किया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** खनियरा में उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। विद्यालय परिसर से रैली को देवेन्द्रनाथ पाण्डेय ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ के साथ बच्चों में खुशी का माहौल तथा उत्साह दिखाई दिया।

रैली स्कूल से निकल कर खनियरा बस्ती, बम्बोपुर, रणमों आदि गांव में चक्रमण करते हुए पुनः स्कूल पहुंच कर समाप्त हुई। जगह-जगह ग्रामीणों तथा अभिभावकों द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर अध्यापक अध्यापिकाओं ने ग्रामीणों से सम्पर्क कर-के बच्चों का स्कूल में नामांकन कराने के लिए प्रेरित किया। अध्यापकों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों में सभी प्रकार की सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं तथा अध्यापक भी प्रशिक्षित रखे जाते हैं इसलिए अपने बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला कराएं। बच्चों ने घर-घर विद्या दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ, हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है आदि नारे लगाये। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका मीरा सिंह, विनय सिंह, डॉ.अमरेश मिश्रा, सारिका सिंह, संगीता सिंह, प्रमोद कुमार, सुशील कुमार यादव, अंजू सिंह, अंकिता सिंह, विनय यादव, मनोरमा सिंह, बबलू प्रसाद, तेजबहादुर यादव, पंकज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



रैली निकालते खनियरा उ.प्रा.वि. के बच्चे।

# उमेश यादव डीवाईएसपी पद पर चयनित

## बधाई देने वालों का लगा तांता

जनसंदेश न्यूज

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी उमेश यादव पुत्र स्व.भीमल यादव का चयन डीवाईएसपी पद पर होने से क्षेत्र में खुशी की लहर व्याप्त है। उनके घर पहुंच कर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।


उमेश यादव।

अतरौलिया ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव ने उनके घर पहुंच कर इस कामयाबी पर उन्हें बधाई दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इनके एक भाई कन्हैया यादव है। इनकी प्राथमिक शिक्षा मीरपुर से, जूनियर हाईस्कूल की शिक्षा पचरी तथा हाईस्कूल पटेल मेमोरियल इंटर कालेज अतरौलिया से हुई है। इन्होंने इंटर मीडिएट उद्योग विद्यालय कोयलसा तथा बीए गांधी शताब्दी स्मारक पीजी कालेज कोयलसा से प्राप्त की। उमेश यादव इससे पहले सीमा सुरक्षा बल में 2006 से 2010 अपनी सेवाएं दे चुके हैं। तत्पश्चात इन्होंने यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया में 2010 से 2017 तक मैनेजर के पद पर रहते हुए अपनी सेवा दी। इस दौरान इनका चयन डीवाईएसपी पद पर होने से परिजनों तथा क्षेत्र के लोगों में खुशी व्याप्त है। घर पहुंच कर बधाई देने वालों में चन्द्रकेश यादव, विनोद यादव, जितेंद्र यादव, अनिल यादव, जशवंत यादव, चंद्रभूषण यादव, राहुल, सत्यवान, देवानंद, रमेश, राजमणि पांडेय प्रधान मीरपुर, दयाराम, लालचन्द्र, दुर्गेश यादव प्रधान मदुआना आदि लोग शामिल हैं।

# मारपीट का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे


मेंहनगर थाने में गिरफ्तार आरोपी।

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट के मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

मेंहनगर थाना क्षेत्र स्थित सिंहपुर पुलिस चैकी क्षेत्र के महेन्द्र चैहान पुत्र शिवचरन चैहान निवासी लोहानपुर ने तहरीर दी कि शुक्रवार को मेरा भाई विनोद चैहान पुत्र शिवचरन चैहान घर के पीछे नाली साफ कर रहा था। विपक्षी मोहित, सोहित पुत्रगण फूलचन्द, रंजना पत्नी मोहित लाठी डंडा से मारने लगे। शोरगुल होने पर मैं और मेरा भाई योगेन्द्र बचाने गये तो हम लोगो को भी मारने लगे। मेरे भाई के सर में गंभीर चोट है जिसकी वजह से बेहोश हो गया।

दबंग जाते समय जान माल का धमकी दिये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर उक्त मुकदमें से संबंधित अभियुक्त मोहित पुत्र फूलचंद्र को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# फांसी लगाकर फास्ट फूड संचालक ने दी जान

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र स्थित हरईरामपुर गांव निवासी एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक फास्ट फूड की दुकान चलाता था। उक्त गांव निवासी रामेश्वर राम 35 वर्ष पुत्र सूर्यबली राम रोज की भांति खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। जब सुबह काफी देर तक वह नहीं जगा तो उसकी पत्नी उसे जगाने के लिए गई। दरवाजा अंदर से बंद होने और काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर उसकी पत्नी के शोर मचाने पर आस-पास के लोग इकट्ठा हो गये। जब लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे के अंदर रामेश्वर राम फांसी के फंदे पर झूलता मिला। परिजनो सहित मृतक की पत्नी रंजना का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक ने करीब 10 वर्ष पूर्व ही गांव के ही सुरेन्द्र राम की पुत्री रंजना से प्रेम विवाह किया था। मृतक तीन भाईयों में तीसरे नम्बर पर था। बड़ा भाई राजकुमार रोजी रोटी के लिए दिल्ली रहता है। दूसरे भाई श्रवण की कुछ वर्ष पूर्व ही मौत हो चुकी है।

# नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में शहर स्थित एक मैरिज हॉल में नगर निकाय चुनाव और जय भारत सत्याग्रह अभियान को लेकर बैठक हुयी। बैठक में आजमगढ़ मऊ बलिया अंबेडकर नगर अयोध्या के कांग्रेस जिलाध्यक्ष उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्यनारायण पटेल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव मणीन्द्र मिश्र एवं सचिव मनोज कुमार गौतम उपस्थित रहे।


मुख्य अतिथि का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा कि 15 से 20 अप्रैल तक हर जिले में सत्याग्रह के रूप में जिला मुख्यालयों पर बड़ा आंदोलन चलाया जा रहा है जिसे आगे भी बढ़ाया जा सकता है। सत्याग्रह में कांग्रेस के अधिक से अधिक लोग भागीदारी करेंगे। जनता से जुड़े तमाम ज्वलंत मुद्दों एवं संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेसजन बीजेपी के तानाशाह सरकार के विरुद्ध बड़ा सत्याग्रह करेंगे। सभी मुद्दों को लेकर जनता की अदालत में जायेंगे। वरिष्ठ कांग्रेसजनों से चर्चा कर नगर निकाय चुनावों की तैयारी को अंतिम रूप दिया जायेगा। राहुल गांधी जी ने अडानी के संदर्भ मे जो सवाल पूछे उसी से बौखलायी बीजेपी ने आनन फानन में उनकी संसद सदस्यता समाप्त करा दी।

अडानी के संबध मे राहुल गांधी ने जो सवाल पूछे हैं उत्तर मिलने तक सवाल होता रहेगा। बैठक को महासचिव मणीन्द्र मिश्र, दिग्विजय सिंह, सचिव मनोज कुमार गौतम जनक कुशवाहा एवं प्रवक्ता ओंकार सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर हवलदार सिंह, कौशल कुमार सिंह मुन्ना राय, बेलाल अहमद, पूर्णमासी प्रजापति, मनोज कुमार सिंह, रमेश राजभर, ओंकार पाण्डेय, पूजा राय, अजीत राय, जगदंबिका चतुर्वेदी अरविंद पाण्डेय, सुनील सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किसान की मौत

**दुखद**

## गेहूं काटकर घर लौटते समय हुई दुर्घटना

जनसंदेश न्यूज

माहुल (आजमगढ़)। अहरौला थाना क्षेत्र के रसूलपुर अहमद अली गांव के पास शुक्रवार की रात अपने खेत से गेहूं काट कर घर जा रहे साइकिल सवार किसान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। घायलावस्था में उसे फूलपुर स्थित प्राईवेट अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

फूलपुर कोतवाली अंतर्गत दखिनगांवा निवासी तिलकधारी चैरसिया 57 वर्ष पुत्र रामसूरत चैरसिया अपने पुत्र के साथ शुक्रवार की रात खेत से गेहूं की कटाई कर साईकिल से घर वापस आ रहा था। रसूलपुर अहमद अली गांव के ढाबे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया जिससे तिलकधारी की मौत हो गई। परिजन शनिवार सुबह शव को लेकर अहरौला थाने पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत किसान तिलकधारी चैरसिया के पास 2 पुत्र और दो पुत्रियां हैं। मृतक का छोटा पुत्र दिव्यांग है। मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी ने कहा कि परिवार में कोई आय का स्त्रोत नहीं है। खेती किसानी से भरण पोषण होता है। छोटा पुत्र शरीर से दिव्यांग है। मृतक के पुत्र दीपचंद चैरसिया ने अहरौला थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

## उपचाराधीन घायल व्यक्ति की मौत

**लालगंज (आजमगढ़)।** डाक बंगला लालगंज निवासी शख्स को घर के सामने मोटर साइकिल सवार ने टक्कर मार दी थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया। लालगंज डाक बंगला के सामने स्थित अपने घर के सामने विगत एक फरवरी की रात मिर्जा राशिद बेग पुत्र स्व.मिर्जा शमीम बेग सड़क की पटरी पर खड़ा था तभी एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से काफी तेज गति से आकर उसे टक्कर मार दिया। घटना की सूचना मिर्जा कलीम बेग ने चैकी प्रभारी लालगंज को दी थी। परिवार के लोग घायल राशिद को लेकर बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराए थे जहां उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार को मिर्जा राशिद बेग का निधन हो गया। देवगांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अरविन्द के कुश्ती प्रशिक्षक चयनित होने से हर्ष

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के चड़ई गांव निवासी युवा पहलवान अरविंद कुमार के प्रतापगढ़ में कुश्ती प्रशिक्षक के रूप में तैनाती होने से शुभचिंतकों में प्रसन्नता है। शनिवार को गांव पहुंचने पर पहलवानों के साथ ही ग्रामीणों ने स्वागत किया। चड़ई गांव निवासी अरविंद कुमार ने कुश्ती के गुर चड़ई अखाड़े से ही सीखे हैं। 2008 में वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर में चयन हुआ। 5 वर्ष तक कुश्ती प्रशिक्षण लेते हुए सन 2018 में भिवानी हरियाणा में तथा 2019 हिसार हरियाणा में राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। वर्ष 2020 में एनआईएस डिप्लोमा कुश्ती प्रशिक्षक प्रशिक्षण हेतु ग्वालियर में चयन हुआ। प्रशिक्षण लेने के पश्चात क्षेत्रीय खेल कार्यालय प्रतापगढ़ में कुश्ती प्रशिक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। शनिवार को गांव पहुंचने पर लोगो ने स्वागत किया। इस दौरान अमरजीत यादव ने कहा कि इस सफलता से क्षेत्र के युवा पहलवानों में जागृति आई है। स्वागत करने वालों में रामदयाल, हरिराम, राम अवतार, वीरेंद्र, श्यामलाल, राजेंद्र यादव, प्रवीण, शंकर यादव आदि शामिल हैं।

# अम्बुज मिश्र बने सब रजिस्ट्रार लोगों में हर्ष

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील के अकोल्ही ग्राम सभा अंतर्गत अहिरौली गांव निवासी अम्बुज मिश्र का चयन सब रजिस्ट्रार पद पर हुआ। इनके चयन से ग्राम वासियों में काफी हर्ष है। पिता स्व.उमाशंकर मिश्र व माता लालती मिश्रा की चैथी संतान अम्बुज मिश्र ने अपनी शुरूआती शिक्षा हाई स्कूल दयानंद एंग्लो वैदिक झारखंड धनबाद से तथा 12वीं श्रीकृष्ण गीता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज लालगंज तथा एलएलबी प्रयागराज यूनिवर्सिटी से की है। यूजीसी नीट राजनीति विज्ञान तथा वर्तमान में कंटेंट राइटिंग प्रकाशन का कार्य कर रहे हैं। अम्बुज मिश्र भाइयों में सबसे छोटे हैं। बड़े भाई अरुण मिश्र, पंकज मिश्र, व नीरज मिश्र हैं। अम्बुज मिश्र ने अपनी सफलता का श्रेय भगवान शिव व अपनी माता को दिया। उन्होंने कहा कि माता-पिता के आशीर्वाद तथा परिवार के सहयोग से हमारा चयन इस पद पर हुआ है। अम्बुज मिश्र के चयन का समाचार सुनकर परिवार सहित उनकी माता ने अम्बुज मिश्र को मिठाई खिला कर आशीर्वाद दिया। लक्ष्मण सिंह, अखिलेश मिश्र, प्रमिला मिश्रा, चमेला मिश्रा, अजय सिंह, ओम प्रकाश मिश्र, मनोज सिंह, श्री राम मिश्र आदि लोगों ने बधाई दी।


अम्बुज मिश्र को मिठाई खिलाती उनकी माता लालती मिश्रा।

# खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

## भारत का सबसे पुराना खेल है कुश्तीः अमरजीत यादव

**आजमगढ़।** बाबू केदारनाथ स्मारक जन सेवा संस्थान द्वारा संचालित भगत सिंह खेल एकेडमी निजामाबाद में अन्तरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कुश्ती दौड तथा कबड्डी आदि खेलों का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय पहलवान अमरजीत यादव ने कहा कि हमारे देश की ज्यादा आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है इसलिए ऐसे अवसरों पर ऐसे ही कार्यक्रमो के माध्यम से जागरूकता अभियान को बल मिलता है तथा ग्रामीण युवा खेल से जुडते हैं। उन्होंने कहा कि भारत का सबसे पुराना खेल कुश्ती है। ऐसे खेलों से जुडने से बच्चों में अनुशासन का विकास होता है और बालक तथा बालिकाओं के समय के सदुपयोग के साथ ही बच्चे अच्छे खिलाड़ी बनकर अपने साथ देश व प्रदेश का नाम रोशन करने का कार्य करते हैं। डा.सरोज सिन्हा ने बच्चों को खेल किट व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अमरजीत यादव ने कहा कि बालको के साथ जब बालिकाओं को खेल में जगह दिया जाएगा तो खेलों के विकास के साथ साथ बच्चों में खेल भावना व अनुशासन का विकास होगा। इस अवसर पर डॉ.आदित्य सिंह, सन्तोष, रामप्रवेश, मिथिलेश, मनोज, स्वतन्त्र, हंसराज यादव आदि उपस्थित रहे।


सम्मानित भगत सिंह खेल एकेडमी के खिलाड़ी।

# आईजी ने सुनी फरियाद, किया निस्तारण

**आयोजन**

## समाधान दिवस पर किया थाने का निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** जनसमस्याओं के निस्तारण को लेकर शनिवार को अतरौलिया थाने पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। आईजी/डीआईजी अखिलेश कुमार ने थाने पर पहुंचकर जनता की समस्याओं को सुना। इस दौरान कुल 9 प्रार्थना पत्र राजस्व संबंधित प्राप्त हुए जिसमें एक मामले का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष 8 मामलों को संबंधित लेखपाल को देते हुए मामले का समाधान करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह भी मौजूद रहे।

आईजी/डीआईजी ने पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र के सही निस्तारण पर प्रार्थी से उसके फोन पर बात भी की तथा उसकी संतुष्टि पूछी। उन्होंने कहा कि यदि किसी लेखपाल को पैमाइश के दौरान फोर्स की जरूरत हो तो वह तत्काल बताएं तथा कोई भी ऐसा व्यक्ति जो लेखपाल को सरकारी काम करने से रोक रहा हो उसकी सूचना दें। इसके साथ ही उन्होंने अतरौलिया थाने का निरीक्षण भी किया। इस दौरान थाने पर पुलिस से संबंधित कोई शिकायत नहीं आयी थी। राजस्व से संबंधित जो मामले आए उसे संबंधितों को निस्तारण के लिए दिया गया। वहीं आईजी ने थाने के शिकायत रजिस्टर, बीट रजिस्टर सहित अन्य संबंधित पत्रावलियों की जांच भी की। उन्होंने थाने के निरीक्षण के दौरान थाने में खड़ी बाइकों के बारे में भी जानकारी ली। बैरक का निरीक्षण किया। साथ ही थाना परिसर में सफाई व्यवस्था का हाल जाना। उन्होंने थाने के कंप्यूटर रूम, बंदी गृह, अपराध रजिस्टर, शस्त्र रूम, भोजनालय, कैमरे सहित पूरे थाना परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो भी छोटी मोटी कमियां पाई गई उसे सही करने का निर्देश दिया। इस मौके पर ट्रेनी आईपीएस अमरेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी सिद्धार्थ तोमर, थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह, निरीक्षक रफी आलम, उप निरीक्षक रविंद्र प्रताप यादव, उमेश यादव, प्रभात कुमार पाठक, शिव कुमार पांडेय, बूढ़नपुर चैकी प्रभारी राम निहाल वर्मा, रामजीत यादव सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल मौजूद रहे।


अतरौलिया थाने में फरियाद सुनते आईजी अखिलेश कुमार।

## नौ की सापेक्ष चार का मौके पर हुआ निस्तारण

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाने पर शनिवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस दैरान नौ प्रार्थना पत्र आये जिसमें से चार का निस्तारण किया गया। थाना दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम संत रंजन व थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह ने वादकारियों से क्रमशः प्रार्थना पत्र लिया। कुल 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 4 प्रार्थना पत्र का निस्तारण हुआ, शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु हस्तांतरित कर दिया गया। समस्त लेखपाल व कानूनगो को निर्देशित करते हुए उप जिला अधिकारी संत रंजन ने कहा कि तत्काल प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराएं, इसमें लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस मौके पर कानूनगो राम सिंह, राजेंद्र कुमार वर्मा, जुल्फिकार अहमद, लेखपाल संतोष कुमार सिंह, विपिन पांडेय, पंकज कुमार, अमित तिवारी, अमर सिंह, रमेश कुमार, अनुप यादव, विनय पाण्डेय तथा एसआई ओपी सिंह, शिव कुमार यादव, कन्हैया लाल मौर्य, राम अवध यादव आदि मौजूद रहे।

# संक्षेप

## अनुदेशक शिक्षकों ने की मानदेय बढ़ाने की मांग



**आजमगढ़।** अनुदेशक शिक्षक संघ ने सांसद दिनेश लाल यादव तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष गोरखपुर सहजानन्द राय को अपनी समस्याओं से सम्बन्धित ज्ञापन सहजानन्द राय के माध्यम से मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के नाम सम्बोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मार्च 2017 से आज तक प्रस्तावित मानदेय सत्तरह हजार नहीं हो रहा है जिसके कारण अनुदेशक शिक्षक अल्प मानदेय नौ हजार रुपये महीने पर बंधुवा मजदूर की तरह अपना जीवन व्यतीत करने के लिए बाध्य हैं। जबकि उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए लगातार छ वर्षों से बढे हुए मानदेय का भुगतान अभी तक न होने से अनुदेशक शिक्षकों में हताशा और निराश व्याप्त है। इससे पहले अब तक लगभग सैकड़ों शिक्षक आर्थिक तंगी से परेशान होकर आत्महत्या तक कर चुके हैं। इस अवसर पर अंजू राय, निवेदिता राय, मिथिलेश यादव, हरेन्द्र, गनेश, लालचंद, अमरजीत यादव आदि अनुदेशक शिक्षक मौजूद रहे।

## दहेज हत्या में वांछित चार अभियुक्त गिरफ्तार



**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज थानान्तर्गत शहाबुद्दीनपुर मोहल्ले में संदिग्धावस्था में फांसी लगाने से विवाहिता की मौत हो गयी थी। मृतका के मायके वालों ने मुकदमा पंजीकृत कराया था। उक्त मामले में पुलिस ने शनिवार को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बिलरियागंज थाना अंतर्गत नगर पालिका परिषद बिलरियागंज के शहाबुद्दीनपुर मोहल्ले में शुक्रवार की सुबह लक्ष्मीना पत्नी उमेश यादव की लाश उसके ही घर में फांसी के फंदे से लटकी हुई मिली थी। सूचना मिलते ही मायका पक्ष के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मृतका लक्ष्मीना के सास, ससुर, पति व देवर को दहेज हत्या के तहत बिलरियागंज थाने में नामजद करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था। मुकदमा दर्ज कर पुलिस अभियुक्तों की तलाश में थी। इसी बीच मुखबिर द्वारा पुलिस को सूचना मिली कि लक्ष्मीना हत्याकांड से संबंधित सभी अभियुक्त अभी अपने घर पर मौजूद हैं और कहीं भागने के चक्कर में हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उक्त मुकदमे में वांछित सभी 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

## गैंगस्टर में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना मेंहनगर पुलिस ने गोमांश की तस्करी करने वाले वांछित गैंगेस्टर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त इसराइल पुत्र अयूब कुरैशी निवासी वार्ड नं. 9 शास्त्री नगर कस्बा मेहनगर का एक संगठित गिरोह है जो अपने साथी सेराज पुत्र स्व.अफजल निवासी वार्ड नं. 9 शास्त्री नगर कस्बा मेहनगर के साथ गोवंशीय पशुओं का वध कर भौतिक, आर्थिक व दुनियाबी लाभ प्राप्त करता है। इसके इस कृत्य से आम जन मानस की भावना आहत हो रही है। इस संगठित गिरोह का जनता में इतना भय एवं आतंक व्याप्त है कि सहज रुप से कोई व्यक्ति अभियोग दर्ज कराने का साहस नही कर सकता है। बीते 30 सितम्बर को ग्राम दौलतपुर में 2 मोटर साइकिल पर एक कुन्तल 40 किलोग्राम गोमांश के साथ पकडे गये थे जिनके विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। शनिवार को पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त इसराइल पुत्र अय्यूब कुरैशी को अक्षैबर पुलिया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल, एक की हालत गंभीर

**फरिहा (आजमगढ़)।** स्थानीय बाजार में दो मोटर साइकिल पर सवार तीन लोगों की आपस में टक्कर होने से एक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि दो को हल्की चोटें आयी। गंभीर रूप से घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक बनी हुई है। सराय भाऊ गांव निवासी मुसकॉत 18 वर्ष पुत्र जुल्फेकार मोटर साइकिल से फरिहा जा रहा था। दूसरी मोटर साइकिल पर सवार दो लोग जीशान पुत्र नौशाद और तारिक निवासी चकिया हुसैनाबाद फरिहा निजामाबाद रोड पर दोनों की मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई जिसमें मुसकॉत पुत्र जुल्फेकार को गंभीर चोटें आयी। वह मौके पर ही बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में लोग प्राथमिक उपचार कराए लेकिन डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं दूसरे मोटर साइकिल पर सवार लोग जीशान पुत्र नौशाद और तारीक को हल्की चोटे आई जिनको फरिहा के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## मनबढ़ों ने कम्प्यूटर आपरेटर को दी धमकी

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक पर योगेश कुमार यादव संविदा कम्प्यूटर आपरेटर नियुक्त है। 25 मार्च शाम पाच बजे की घटना कम्प्यूटर आपरेटर आफिस बन्द कर घर जा रहा था कि उदपुर गांव के प्रधान व प्रधान संघ अध्यक्ष अमित यादव व अन्य आ गए और आपरेटर योगेश को बुलाकर बोले मेरा काम किये उसके द्वारा बताने पर की सर्वर नही चल रहा था यह सुनते ही मा बहन की गाली देते हुए मारने की धमकी देने लगे। कम्प्यूटर आपरेटर ने बताया कि इनके साथ अन्य लोग थे। प्रायः आफिस बन्द होने के समय ब्लाक परिसर में शराब पीकर भ्रमण करते रहते हैं और गाली गलौज दबंगई करते हैं। कम्प्यूटर आपरेटर के पत्र को सज्ञान में लेते हुए खण्ड बिकास अधिकारी बाबूराम पाल ने थाना प्रभारी फुलपुर को कम्प्यूटर आपरेटर के पत्र की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही करने की संस्तुति भेजी है। थाना प्रभारी को कम्प्यूटर आपरेटर के प्रार्थना पत्र पर अब तक सज्ञान में न लेने के कारण कम्प्यूटर आपरेटर काफी भयभीत है कि संघ अध्यक्ष द्वारा दी गयी। धमकी सच न हो जाय क्योंकि आज भी उसी प्रकार साथियों संघ शराब के नशे में अध्यक्ष को देख आपरेटर का भय बढ़ गया है। पत्र के सम्बंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि ब्लाक द्वारा पत्र भेजा गया था। कोई पीड़ित नहीं आया था। मामला संज्ञान में है।

## भ्रष्टाचार के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के साकीपुर में निर्माण कार्य में अनियमितता के शिकार पंचायत भवन के ध्वस्तीकरण और आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही के लिए पीड़ित ने मुख्यमंत्री को पत्रक देकर कार्रवाई की मांग की है।पत्रक में उक्त गांव निवासी अभय तिवारी ने उल्लेख किया है कि गांव में पिछले वित्तीय वर्ष में निर्मित पंचायत भवन भ्रष्टाचार का शिकार हो गया। मामले में जांच के बाद दोषी पाये जाने पर रानी की सराय थाने में ग्राम प्रधान समेत कई लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। मुकदमा दर्ज होने के बाद न तो कार्रवाई हुई और न ही पंचायत भवन का ध्वस्तीकरण ही हुआ। पत्रक देकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को गोरखपुर स्थित कार्यक्रम में गुहार लगाई।

## आज मनायी जायेगी यायावर की जयंती

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** महान यायावर राहुल सांकृत्यायन की जयंती जन्म स्थली पंदहा में 9 अप्रैल को मनाई जायेगी। इस मौके पर विविध कार्यक्रम होंगे। राहुल सांकृत्यायन का जन्म पंदहा गांव स्थित ननिहाल में हुआ था। जन्म स्थली पर जनसहयोग से बना राहुल पुस्तकालय है। संयोजक मुन्नी लाल पाठक ने बताया कि जन्म दिवस पर प्रातः राहुल प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। दोपहर मे पुस्तकालय सभागार में संगोष्ठी होगी।

## नुक्कड़ सभाएं कर जनता को किया जागरूक

**आजमगढ़।** देशभर में निकाली जा रही भगत सिंह जन अधिकार यात्रा राहुल सांकृत्यायन के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर जनपद पहुंची। दिशा छात्र संगठन, नौजवान भारत सभा, बिगुल मजदूर दस्ता और भारत की क्रान्तिकारी मजदूर पार्टी की ओर से निकाली जा रही इस यात्रा की शुरूआत 12 मार्च को इलाहाबाद से की गई। जनपद में यात्रा पहाड़पुर, तकिया, चैक, काली चैरा, दलालघाट, कोट मोहल्ला, गुलामी का पूरा, रैदोपुर, कलेक्ट्रेट, रोडवेज आदि इलाकों में गयी। इन इलाकों में छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाएं की। कार्यक्रम को अमित ने भी संबोधित किया। नुक्कड़ सभाओं के दौरान क्रान्तिकारी गीत प्रस्तुत किये गये तथा बड़े पैमाने पर परचे वितरित किये गये। यात्रा में मित्रसेन, बिंद्रेश, प्रसेन, आकाश, किशन, शिवा, निशू, अंजलि, सौम्या, प्रांजल आदि शामिल रहे।

## एसपी ने खोली दो की हिस्ट्रीशीट

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य शाहजमां उर्फ नैय्यर के 2 सहयोगियों के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोली है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया मुख्तार अंसारी गैंग के सदस्य शाहजमां उर्फ नैय्यर के 2 सहयोगियों के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोली गयी है। आफताब आलम पुत्र इकबाल निवासी मुहम्मदपुर फेटी, थाना बरदह व सरफराज आलम पुत्र इकबाल निवासी मुहम्मदपुर फेटी, थाना बरदह हत्या के प्रयास जैसी घटनाओ में संलिप्त है।

# 60 लाख की शराब के साथ पकड़े गये तीन तस्कर

**कार्रवाई**

### पत्रकार वार्ता में एसपी ने दी जानकारी

### गोवा से बिहार जा रही थी शराब

**जनसंदेश न्यूज**



पत्रकारों के समक्ष खुलासा करते कप्तान

**मीरजापुर।** 60 लाख की ट्रक में लदी 1100 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 03 शराब तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। यह जानकारी पत्रकार वार्ता में एसपी ने दी। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उप विधानसभा चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की धरपकड़ तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त आरोपियों की गिरफ्तारी व प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना पड़री, एसओजी व स्वाट, सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। शनिवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पड़री, एसओजी व स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना पड़री क्षेत्र से सघन चेकिंग कर ट्रक पर 03 व्यक्तियों विश्वनाथ यादव (चालक), धर्मेन्द उर्फ प्रदुम्न यादव (खलासी) व पप्पू कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया गया। बरामद वाहन की तलाशी ली गयी तो ट्रक में लदी हुई कुल 1100 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब(रॉयल प्लस डिलक्स व्हीस्की व स्टार ब्लू डिलक्स व्हीस्की ब्राण्ड) बरामद हुई। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पड़री पर धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि व 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेजा गया। तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वे अंग्रेजी शराब को गोवा से अरूणांचल प्रदेश ले जाने के लिए ट्रक पर लोड करते है तथा जिसे अरूणांचल प्रदेश न ले जाकर बिहार ले जाकर ऊंचे दामों पर बिक्री कर देते है। आरोपी पप्पू कुमार गुप्ता गोवा प्रान्त की एक शराब कम्पनी में काम करता है।

### 45 लीटर शराब के साथ चार आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान व अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिए जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में शुक्रवार को थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज वीरेंद्र सिंह द्वारा आरोपी मुन्नीलाल पुत्र भंवर निवासी मालीपुर नागवां थाना ड्रमंडगंज को 10 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वही हलिया थाना क्षेत्र से उपनिरीक्षक रवि प्रकाश द्वारा आरोपी कैलाश पुत्र बुद्धू निवासी नदना थाना हलिया को 15 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। लालगंज थाना क्षेत्र के दो आरोपियों कालिया व बुद्धिलाल पुत्रगण सीताराम निवासी खजुरी थाना लालगंज को उपनिरीक्षक रविशंकर राय ने दस दस लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार करते हुए आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मलीपुर नौगवां तिराहे से शुक्रवार रात गश्त पर निकले थानाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ने एक व्यक्ति को दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर निजी मुचलके पर छोड़ दिया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज बीरेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात नौ बजे के करीब हेड कांस्टेबल अश्वनी राय कांस्टेबल अतुल कुमार के साथ क्षेत्र के देवरी पूरब गांव में पानी टंकी के पास चेकिंग कर रहा था कि उसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मलीपुर गांव निवासी एक व्यक्ति अपने घर से दस लीटर अवैध कच्ची शराब लेकर कहीं बेचने के लिए जा रहा है मुखबिर की सूचना पर मलीपुर नौगवां तिराहे पर पहुंचा तो जरकिन में कच्ची शराब लेकर जा रहा व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा तो पुलिसकर्मियों संग घेराबंदी करते हुए मलीपुर नौगवां गांव निवासी पुन्नीलाल को जरकिन में दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया।

## संक्षेप

### दहेज उत्पीड़न में पांच आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल



**लालगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के तेन्दुहनी गांव निवासी पांच आरोपियों को शनिवार को दहेज उत्पीड़न के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। लालगंज थाना क्षेत्र के तेन्दुहनी गांव निवासिनी कलावती देवी पत्नी राजेश कुमार ने रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पति राजेश मुंबई कमाने गया था। मृतका के पिता राम सजीवन निवासी सगरा थाना हलिया द्वारा 5 लोगों के नाम दहेज उत्पीड़न का तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। जिसमें त्वरित कार्रवाई करते हैं थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया ने आरोपी सास हीरावती देवी, जेठानी फूल कली, देवरानी परम शीला तथा जेठ दिनेश कुमार व देवर अमरनाथ पुत्र गण राम दुलार को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानू प्रिया, चौकी इंचार्ज दुबार कला श्रीराम सिंह द्वारा त्वरित कार्यवाही कर पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

### पानी कनेक्शन की हुई जांच



**जमालपुर।** क्षेत्र के हसौली गांव में नमामि गंगे विभाग के सहायक अभियंता अरूणेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को पहुंच कर हर घर नल योजना के तहत लगे पानी कनेक्शन का जांच किया और ग्रामीणों से पूछताछ कर फीड बैक लिया। नीरज दूबे के मकान में पानी सप्लाई का पाइप रहने के बाद भी नल न लगा देख तुरन्त नल लगवाया। रोहित दूवे के पाइप में नल की जगह पाइप में लकड़ी लगाने तथा जनार्दन दूबे के नल से पानी गिरता देख नल को ठीक कराया। अजय द्विवेदी का कनेक्शन उनके मकान से दूर लगा देख उनका कनेक्शन उनके मकान के पास लगाने को निर्देशित किया। वही गरई नदी के पास वियार बस्ती एवं आबादी वियार बस्ती में पानी कनेक्शन न दिए जाने की जानकारी पर सर्वे कराकर पानी कनेक्शन दिए जाने का लोगों को आश्वासन दिया। इस दौरान नमामि गंगे विभाग के अवर अभियंता पीयूष कुमार सिंह ईत्यादि लोग मौजूद रहे।

### डायरेक्टर पद के चुनाव के लिए तीन ने खरीदा नामांकन पत्र



**मीरजापुर।** जनपद के क्रय विक्रय कार्यालय में शनिवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति के डायरेक्टर पद के चुनाव के लिए गहमागहमी के बीच नामांकन की प्रक्रिया चुनाव अधकारी के देखरेख में सम्पन्न हुई। इस दौरान बीजेपी के दिनेश सिंह, कांग्रेस पार्टी के मनीष दुबे व वरिष्ट अधिवक्ता जनार्दन मिश्र ने नामांकन किया। नामांकन के दौरान भगवती प्रसाद चौधरी पूर्व विधायक, वरिष्ठ एड कृपाशंकर मिश्रा, राजधर दुबे, कमलेश दूबे, केदार नाथ दुबे, जितेंद्र चौबे, अजय मिश्रा, संतोष मिश्रा, आनंद पांडेय, रामनाथ दुबे, हरिशंकर सरोज, संदीप मिश्रा, इश्तियाक अंसारी, डा.दिनेश चौधरी, मोहित दुबे समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मड़ाई के लिए रखी फसल में लगी आग, फसल जलकर राख



**मीरजापुर।** सदर तहसील के देहात कोतवाली क्षेत्र के हनुमान पड़रा गांव में शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से काटकर रखी गई गेहूं की दो बीघा फसल जलकर राख हो गयी। आग लगने की सूचना जैसे ही ग्रामीणों को प्राप्त हुई, ग्रामीण आग बुझाने के लिए बाल्टी लेकर दौड़े, कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। तब तक गेहूं की दो बीघा की काटकर रखी गई फसल जलकर राख हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार देहात कोतवाली क्षेत्र के हनुमान पड़रा गांव में शनिवार की दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से हनुमान पड़रा निवासी राधेश्याम मौर्या की काटकर रखी हुई गेहूं की दो बीघे की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की जानकारी जैसे ही आला अधिकारियों तक पहुचीं तो मौके पर सदर तहसीलदार अरूण गिरी लेखपाल सहित पूरी टीम के साथ मोके पर पहुचें। मुवायना करने के बाद कहा कि किसान को अगलगी में जली फसल का उचित मुआवजा दिया जायेगा।

### पहाड़ों पर हो रहा अवैध खनन



**चुनार ।** वनरेंज क्षेत्र के शक्तेशगढ़, धौहां सहित क्षेत्र के पहाड़ों पर इन दिनों खनन माफिया सक्रिय हैं जहां पत्थर, बोल्डर का अवैध खनन कर प्रशासन की नाक के नीचे से खनन माफिया निर्यात मालामाल कर रहे हैं। वही लाखों रुपए सरकारी राजस्व को चुना लगा रहे हैं। विभाग आंखों पर पट्टी बांधकर मूकदर्शक बना हुआ है। स्थानीय लोगों के सूचना के बावजूद भी खनन माफियाओं पर कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही है। क्षेत्र के पहाड़ियों पर खनन माफियाओं द्वारा अवैध रूप से दिन दहाड़े धड़ल्ले से खनन कर पत्थर, बोल्डर निकाला जा रहा है। इनके निर्यात हेतु कहीं टीपर तो कहीं पर ट्रैक्टर का प्रयोग खुलेआम किया जा रहा है। रास्ते में कई चौकियों एवं थानों के सामने से पुलिस प्रशासन के आंख में धूल झोंक धड़ल्ले से फरार्टे भर रहे हैं।

### क्रय केन्द्र बंद होने से किसानों में आक्रोश

**राजगढ़।** सरकार की ओर से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए जगह जगह नजदीकी क्रय केन्द्र खोले जाते हैं जहां से किसान सरकार द्वारा निर्धारित मुल्य का लाभ उठाता है। लेकिन राजगढ़ क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम बरसात होने के कारण धान का पैदावार काफी कम हुआ और बहुसंख्य किसानों के खेत परती रह गए। बचे हुए क्षेत्र में गेहूं की बुवाई हुई है और बेमौसम बरसात व ओले पड़ने से भी उत्पादन पर खासा असर पड़ा है। ऐसे में क्षेत्र के किसान गेहूं की थोड़ी बहुत पैदावार बेचने के लिए नजदीकी क्रय केन्द्र खोले जाने की मांग कर रहे हैं जिससे सुविधाजनक तरीके से अपनी उपज बेचकर सरकारी मूल्य का लाभ उठा सकें। जबकि जिला प्रशासन की ओर से किसानों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए ब्लाक मुख्यालय पर धान क्रय केन्द्र का संचालन किया गया था, जहां से बड़े पैमाने पर किसानों ने अपनी उपज बेचकर लाभ उठाया। लेकिन गेहूं की उपज बेचने के लिए किसान नजदीकी क्रय केन्द्र खोले जाने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में ब्लाक मुख्यालय के खरीद केंद्र पर ताला लटकने से किसानों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।

### कार के धक्के से बालिका घायल

**चील्ह।** कार की टक्कर से 10 वर्षीय बालिका घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए मंडलीय अस्पताल भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चील्ह गोपीगंज मार्ग पर मवैया गांव के पास शनिवार की दोपहर 12 बजे अदिति यादव 10 पुत्री भोले नाथ यादव रोड किनारे से जा रही थी कि चील्ह की तरफ से गोपीगंज की तरफ जा रही तेज रफ्तार आर्टिका कार जोरदार धक्का मार दिया जिससे बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने निजी वाहन से प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार चल रहा है। घटना के बाद आर्टिका कार चालक कार समेत मौके से फरार हो गया।

### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**कलवारी।** विकासखंड राजगढ़ के कलवारी स्थित रामलीला मैदान में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा के दूसरे दिन कथा वाचक राष्ट्रीय संत सच्चिदानंद महाराज के मुखारविंद से कथा सुनकर भक्त निहाल हुए। कथावाचक सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि कलियुग में श्रीमद् भागवत महापुराण श्रवण कल्पवृक्ष से भी बढ़कर है। क्योंकि कल्पवृक्ष मात्र तीन वस्तु अर्थ, धर्म और काम ही दे सकता है। मुक्ति और भक्ति नही दे सकता है। लेकिन श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है, यह अर्थ, धर्म, काम के साथ- साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करके जीव को परम पद प्राप्त कराता है। कथा में कहा कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नही साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक- एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाये हुये है। उन्होंने कहा कि कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मो से बढ़कर है। कथा श्रवण मात्र से धुन्धकारी जैसे शराबी, महापापी, प्रेतआत्मा का उद्धार हो जाता है। भागवत के चार अक्षर से तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इस दौरान कथा के यजमान अशोक केसरी, राजु केसरी, सोनू केसरी, पंकज पाठक, संजय सिंह, जतिन, शुभम शर्मा, बदामू व भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

## कोरोना को बढ़ते देख जिले में 11 अप्रैल को मॉकड्रिल

**तैयारी**

### विभाग पांच केन्द्रों पर करेगा मॉकड्रिल

### जिले में चार लोग हैं कोरोना के मरीज

**मीरजापुर।** कोरोना के बढ़ते गति को देखते हुए प्रदेश स्तर से आदेश मिलते ही मंगलवार को जनपद के पांच जगहों पर फिर मांकडिल करने की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने एक बैठक में दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जिले में बीस लाख से अधिक लोगों को प्रिकाशन डोज लगाई जा चुकी है।

कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिले के पांच केन्द्रों मण्डलीय चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विन्ध्याचल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़िहान, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार समेत प्रा0स्वा0 केन्द्र लालगंज में मॉकड्रिल किया जायेगा। इसके लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई और प्रभारी चिकित्साधिकारी समेंत सभी स्वास्थ्य कर्मियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण भी पूर्ण हो गया है। जिले के सभी केन्द्रों पर स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश है कि मास्क और सेनेटाइजर का प्रयोग करें और अस्पताल आने वाले भी मास्क पहनकर ही आएं। इसके अलावा विभाग की ओर से स्पष्ट आदेश दिया गया है कि भीड़ भाड़ वाले इलाके में सामाजिक दूरी को बनाये रखे। इस समय जिले में 04 कोरोना के मरीज मौजूद है।

### शॉर्ट सर्किट से खड़ी अल्टो कार जली

**चुनार।** कोतवाली क्षेत्र के फुलवरिया बिहार कॉलोनी में प्रेमजीत सिंह पुत्र सर्वजीत सिंह के दरवाजे पर अल्टो कार यूपी 70 ए एन खड़ी थी। शॉर्ट सर्किट से कार में आग लग गई जिससे धू धू कर कार जल गई। स्थानीय लोगों आग बुझाने की काफी कोशिश की गई पर गाड़ी तब तक जलकर राख हो गई। गाड़ी मालिक ने कजरहट चौकी को सूचना दिया।

## परीक्षा देते पकड़ा गया साल्वर, दो गिरफ्तार

**मीरजापुर।** नगर के भरूहना स्थित विंध्यवासिनी महाविद्यालय में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की सेमेस्टर परीक्षा में शनिवार को एक सॉल्वर को पकड़ा है। वह एक छात्र के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था। पुलिस ने मामले में सॉल्वर और परीक्षार्थी को गिरफ्तार करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रथम पाली में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की राजनीति शास्त्र की परीक्षा के दौरान महाविद्यालय के आन्तरिक उड़ाका दल ने परीक्षा कक्षों की सघन तलाशी ली। तलाशी के दौरान राम सिंह गहरवार महाविद्यालय के परीक्षार्थी मोहम्मद साहिल के स्थान पर उसका साथी कमलेश कुमार परीक्षा दे रहा था। कड़ाई से पूछताछ करने पर कमलेश कुमार ने अपने को परीक्षार्थी का भाई बताया। कहा कि साहिल के दाहिने हाथ की कोहनी में कल शाम चोट लग गई थी इसलिए वह उसके स्थान पर परीक्षा देने आया है। महाविद्यालय प्रबंधन ने मामले की जानकारी भरुहना पुलिस चौकी को दी। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि कमलेश कुमार साहिल का भाई नहीं बल्कि उसका मित्र है। दोनों को पुलिस गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

# रेलवे अंडरपास की सड़क में घटिया सामग्री का हो रहा प्रयोग

**मनमानी**

### सड़क निर्माण में मानक के विपरीत किया जा रहा गिट्टी व सरिया का प्रयोग



पुल निर्माण में प्रयुक्त घटिया सामग्री

**राजगढ़।** क्षेत्र के राजगढ़ वाया भीटी भवानीपुर मार्ग पर बनें रेलवे अंडरपास के तल को बनाने में घटिया निर्माण सामग्री का धड़ल्ले इस्तेमाल किया जा रहा है। भीटी दरवान भवानीपुर दूबेपुर रामपुर 38 चौखड़ा निकरिका आदि दर्जनों गांवों के लिए रेलवे लाइन के नीचे से अंडरपास बनाया गया है, जिससे लोगों का सुचारू रूप से आवागमन होता है। अंडरपास के तल में पानी का निकास व पक्की मजबूत सड़क बनाने के लिए रेल मंत्रालय की ओर से ठेकेदार नियुक्त किए जाते हैं जो रेलवे विभाग के इंजीनियर की निगरानी व देखरेख में मानक के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री का इस्तेमाल करने के लिए बाध्य होते हैं। लेकिन राजगढ़ वाया भीटी भवानीपुर सम्पर्क मार्ग पर बनें अंडरपास में खुलेआम घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस दौरान अंडरपास के तल को बनाने में काली गिट्टी की जगह सफेद गिट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है वहीं तल में नई सरिया की जगह पुरानी सरिया से ही काम चलाया जा रहा है जिससे सड़क की लम्बी मियाद पर आशंका व्यक्त की जा रही है। जबकि इस मार्ग से दर्जनों गांवों का आवागमन जुड़ा हुआ है तथा क्षेत्रीय लोगों का शिक्षा चिकित्सा से लेकर चुनार होते हुए वाराणसी तक का आना जाना लगा रहता है। रेलवे अंडरपास में बनाई जा रही सड़क में बार बार घटिया सामग्री लगाकर ठेकेदार मोटी रकम कमाते हैं और चले जाते हैं जिसके बाद कुछ ही दिनों में सड़क टूट जाती है और धूल का गुबार निकलना शुरू हो जाता है। ऐसे में दर्जनों गांवों के लोगों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार की लापरवाही पर आक्रोश जताया है और कार्रवाई की मांग किया है।

# नहर बनने के तीस साल बाद भी मुआवजा के लिए तरस रहे किसान

## सैकड़ों बार पत्रक देने के बाद भी नहीं हो रही है सुनवाई

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज।** तहसील क्षेत्र के सिरसी नहर से निर्मित उपरौध राजवाहा पर स्थित गांव बरडीहा, पुराठाकुरराम का नहर में अधिग्रहित जमीन का मुआवजा न मिलने से किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है। मुआवजा लेने के संबंध में किसानों ने कई बार उच्चाधिकारियों के यहां पत्रक देने के बावजूद भी आज तक किसानों का मुआवजा नहीं दिया गया।

सिरसी नहर से निर्मित उपरौध राजवाहा विगत लगभग 30 वर्षों से बनाई गई है। नहर निर्माण होने के समय जिन किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई थी किसानों द्वारा विरोध किया गया कि मेरी जमीन का मुआवजा देकर ही जमीन में नहर निर्माण कराया जाए। कार्यदाई संस्था किसानों को समझाते हुए कहा कि कार्य न रोकिये जिन किसानों की जितनी हेक्टेयर भूमि नहर में अधिग्रहित की जा रही है उसका मुआवजा दिया जाएगा किंतु अफसोस इस बात का है कि नहर बने लगभग 30 वर्ष हो चुका और किसानों की अधिग्रहीत भूमि का मुआवजा आज तक नहीं दिया गया।

किसानों ने लगातार अपनी अधिग्रहित भूमि मुआवजा की मांग तहसील दिवस के माध्यम से उच्चाधिकारियों के यहां पत्रक देते रहे और अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया जाता रहा किंतु आज तक किसानों का मुआवजा नहीं दिया गया।

मिजार्पुर प्रयागराज बॉर्डर पर स्थित गांव बरडीहा, पूरा ठाकुर राम, बनवारी, के किसानों ने नहर में अधिग्रहित भूमि का मुआवजा लेने के लिए विगत 30 वर्षों से दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और उच्चाधिकारियों द्वारा अनसुनी किया जा रहा है किसानों ने जिलाधिकारी महोदय से मांग की है कि हम किसानों का मुआवजा दिलाया जाए।

### दबंग ठेकेदार के लोगों ने की युवक से मारपीट

**मीरजापुर।** विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के मोतीझील मार्ग तिवारीपुर गांव के निवासी बसंत लाल पुत्र गोपाल उम्र 34 वर्ष पर शिवपुर गांव के दबंग ठेकेदार द्वारा आधे दर्जन से अधिक नाजायज गोल बनाकर लोहे के राड सरिया से जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की सहायता से पीड़ित घायल को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल पहुंचाया गया जहां पर चिकित्सकों द्वारा पीड़ित के सिर पर गंभीर चोटें आने के साथ प्राथमिक उपचार किया गया।

### केंद्रीय मंत्री ने शोक संतप्त परिवार को दी सांत्वना

**अदलहाट।** केंद्रीय वाणिज्य उद्योग राज्य मंत्री एवं सांसद अनुप्रिया पटेल ने क्षेत्र के विरौरा खुर्द गांव में शनिवार को बाद दोपहर पहुंचकर विद्युत स्पर्ता घात से मृत मुकेश प्रजापति उम्र 45 वर्ष पुत्र कृपा शंकर के परिवार में पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए पत्नी आशा देवी को ढाढस बंधाया। ज्ञातव्य है कि विगत 27 मार्च की रात गांव में 11000 बोल्ट का लाइन तार टूट कर गांव की उपभोक्ता कनेक्शन में दौड़ गई थी और कोई मोबाइल चार्जर लगाते समय विद्युत चपेट में आकर मुकेश की मौत हो गई थी। गांव के अन्य स्त्री पुरुष सहित आठ अन्य घायल हो गए थे। 13 दिन बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा पीड़ितों को कोई सहायता न मिलने पर अनुप्रिया पटेल ने सहायक अभियंता विद्युत से दूरभाष पर नाराजगी व्यक्त की। अभियंता द्वारा दो-चार दिन में परिजनों से मिलकर कार्रवाई पूरी कराते हुए सहायता राशि दिलाने का आश्वासन देना बताया जाता है। यहां के बाढ़ क्षेत्र के दौलताबाद गांव प्रधान बनारसी गुप्ता तथा बिकसी ग्राम में गोपाल प्रधान के यहां पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की जनसंपर्क के दौरान साथ में अपना दल के कार्यकर्ताओं में भगवान दास प्रजापति आशीष कुमार पटेल आर के पटेल कन्हैया लाल और भाजपा मंडल मंडल अध्यक्ष बैजनाथ प्रजापति महामंत्री अनूप जायसवाल उदय सिंह पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जितेंद्र कुमार कोल बने पुलिस क्षेत्राधिकारी



जितेंद्र कुमार

**लालगंज।** यूपीपीसीएस 2022 के फाइनल रिजल्ट में लालगंज क्षेत्र के जैकर कलां निवासी जितेंद्र कुमार कोल बने पुलिस क्षेत्राधिकारी। उपरौध क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए कहा कि यह क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है? पिछड़ा इलाका आदिवासी बहुल्य क्षेत्र के जितेंद्र कुमार कोल समीक्षा अधिकारी के बनने के बाद अपना हौसला बुलंद करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी के पद पर सफलता हासिल किया। यूपी पीसीएस 20 22 के परीक्षा में 87 वां रैंक लाकर पुलिस क्षेत्राधिकारी के पद पर चयन हुआ। जितेंद्र कुमार कोल के पिता साधारण किसान थे पिता की मृत्यु के बाद पढ़ाई में अपने बड़े भाई धर्मेंद्र कोल के सहयोग से रात दिन मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य प्राप्त किया। जितेंद्र कोल कक्षा 1 से लेकर जूनियर हाईस्कूल तक गांव के ही प्राथमिक विद्यालय जैकर कलां से शिक्षा ग्रहण की इसके बाद कक्षा 9 से इंटरमीडिएट तक ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा इंटर कॉलेज दुबार कलां शिक्षा ग्रहण की इसके बाद इन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक किया। स्नातक के बाद इतिहास से पीएचडी की डिग्री लिया। डिग्री लेने के बाद सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में लग गए 2013 में पहले ही प्रयास में लोअर पीसीएस में समीक्षा अधिकारी के पद पर चयन हुआ लेकिन उन्होंने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगन से लगे रहे। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख जय कुमार सिंह, ग्राम प्रधान शारदा सिंह, ब्रह्मर्षि देवरहा बाबा के प्रधानाचार्य श्याम धर मौर्य, नीरज सिंह, रमेश कुमार यादव, अरविंद यादव, कीर्ति कोल, दीलिप शर्मा, भरतलाल पाल, लल्लू दुबे, ओमप्रकाश, पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेंद्र गिरी आदि लोगों ने बधाई दिया ।

## कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में प्रैक्टिस बॉलर के रूप में हुआ चयन



क्रिकेटर तेजवीर सिंह

**खुशी**

### जमालपुर सहित पूरे जनपद का नाम किया रोशन

### भड़ेवल गांव में जश्न का माहौल, बधाइयों का तांता

**जमालपुर।** जनपद के जमालपुर ब्लॉक अंतर्गत भड़ेवल गांव निवासी क्रिकेटर तेजवीर सिंह का आईपीएल के लिए चयन हो गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में बतौर प्रैक्टिस बॉलर के रूप में अभी चयनित हुए हैं। इसकी खबर मिलते ही पूरे गांव में जश्न का माहौल व्याप्त हो गया है। लोग एक-दूसरे को बधाइयां दे रहे हैं। श्रीकांत सिंह के पुत्र तेजवीर सिंह की प्रारम्भिक शिक्षा गांव के ही पूर्व मध्य पूर्व माध्यमिक विद्यालय भड़ेवल से ही हुई है। नौवीं से बारहवीं तक बनारस के राजकीय क्वींस कॉलेज में पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के लिए डीवाई पाटिल स्टेडियम में क्रिकेट का अभ्यास करना प्रारंभ कर दिया। उनके मुख्य कोच भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सदस्य विजय दहिया रहे। इस वर्ष 2023 के इंडियन प्रीमियर लीग के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में प्रैक्टिस बॉलर के रूप मे चयनित होने से गांव सहित अगल-बगल के गांवों में में खुशी का माहौल है। इस दौरान श्रीकांत सिंह, सुजीत सिंह, अजय सिंह, मदन सिंह, कल्लू सिंह, धीरज सिंह, श्रवण सिंह, सुरेन्द्र सिंह सहित आकाश दुबे, नितेश द्विवेदी, अतुल तिवारी, जोशी पटेल आदि ने बधाई दी है।

# लहुरियादह में गहराया पेयजल संकट

## सात टैंकर प्रतिदिन पहुंचाया जा रहा पानी ग्रामीणों को नाकाफी



पानी के लिए लाइन में लगे ग्रामीण



प्यास बुझाने के लिए साइकिल से पानी लेने जातीं महिलायें व बच्चे

**जनसंदेश न्यूज**

**परेशानी**

### गर्मी को देखते हुए बढ़ाई जाय पानी के टैंकरों की संख्या

**हलिया।** विकास खंड के लहुरियादह गांव में गर्मी शुरू होते ही पेयजल संकट गहराने लगा है। करीब बारह सौ की आबादी वाले लहुरियादह गांव में पेयजल की किल्लत दूर करने के लिए ग्राम पंचायत की तरफ से प्रतिदिन दो टैंकरों के माध्यम से दिन में सात टैंकर पानी की आपूर्ति करवाया जा रहा है लेकिन आबादी के हिसाब से ग्रामीणों को सात टैंकर पानी भी कम साबित हो रहा है। मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित लहुरियादह गांव में सालभर पेयजल का संकट छाया रहता है। अप्रैल माह की शुरूआत में ही यहां के झरने भी सूख गए हैं ग्रामीणों को पानी के लिए टैंकर ही एक मात्र सहारा बना हुआ है। गांव की बस्तियों में जैसे ही पानी का टैंकर पहुंचता है ग्रामीण डिब्बा बाल्टी लेकर पानी के लिए दौड़ पड़ते हैं। छोटकी कोल, धनपतिया, रजनी देवी, चमेलिया देवी, गिन्ने, सरस्वती देवी आदि ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की ओर से प्रतिदिन गांव में सात टैंकर पानी पहुंचाया जा रहा है टैंकर से मिला पानी खाना बनाने पीने तथा मवेशियों को पिलाने में खर्च हो जाता है जिसके चलते कपड़ा धुलने और नहाने आदि के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। टैंकर से मिले पानी के समाप्त होने पर पानी के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने पानी के संकट को दूर करने के लिए गर्मी तक टैंकरों से पर्याप्त मात्रा पेयजल आपूर्ति करवाने की मांग की है।

# सपा नेता की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या

## सपा ने उठाया कानून व्यवस्था पर सवाल, आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व पीड़ित परिवार को 50 लाख मुआवजे की मांग

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कैथी गांव में शनिवार को भूमि विवाद में मनबढ़ों ने लाठी-डंडे से पीटकर अधेड़ की हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। उधर हत्या की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजते हुए प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दिया है। उधर सपा ने घटना के लिए जिले की गिरती कानून व्यवस्था को जिम्मेदार बताया। मृतक के बेटे ने पुलिस कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। कहा कि पहले ही अनहोनी की आशंका को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया था। लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।

बताया गया कि सदर कोतवाली क्षेत्र के कैथी गांव निवासी सपा नेता नन्द कुमार 52 का जमीन को लेकर पड़ोसी

**भूमि विवाद**

**लगातार हो रही हत्या की घटनाओं से दहला जनपद**

गांव डुमरिया के कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। इसी विवादित भूमि पर बोई गई गेहूं की फसल को दूसरे पक्ष के लोग काट रहे थे। आरोप है कि नन्द कुमार ने उन्हें गेहूं काटने से मना किया तो विपक्षियों ने लाठी-डंडे और धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में नन्द कुमार के सिर पर गंभीर चोट आई जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शोर गुल सुनकर अन्य लोग पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर सदर कोतवाल मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि नन्द कुमार के पुत्र अनिल ने तीन सगे भाइयों समेत पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। सीओ राहुल पाण्डेय ने बताया कि मारपीट के कारण



पीड़ित परिजनों से घटना की जानकारी लेते पूर्व सपा विधायक अविनाश कुशवाहा

पिता द्वारा जमीन बेच दिया गया था, लेकिन बेटे द्वारा नहीं माना जा रहा था, इसी को लेकर मारपीट हुई और नंद कुमार मौत हो गई। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। इधर घटना की खबर लगते ही सपा नेता व पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा ने पीड़ितों से मिलकर मामले की जानकारी लिया। कहा कि जिले में अपराध की लगातार हो रही घटनाओं से यह साबित हो चुका है कि कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। बीजेपी सरकार का अपराध के प्रति जीरो टालरेंस का दावा खोखला साबित हो रहा है। एक के बाद एक घटना हो रही है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

उन्होंने प्रशासन से घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर पीड़ित के परिजनों को 50 लाख मुआवजा दिया जाने की मांग किया। कहा कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं की गई तो सपा चुप नहीं बैठेगी।

# ज्ञान परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को मिले प्रमाण पत्र



कार्यक्रम में शामिल बच्चे

जनसंदेश न्यूज

**विंढमगंज।** दुद्धी विकासखंड अंतर्गत कमपोजिट विद्यालय जोरूखाड मध्य, कमपोजिट विद्यालय जोरखाड़, कमपोजिट विद्यालय हीराचक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय महुली के उन दर्जनों छात्र छात्राओं को जिन्होंने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रतिभाग किया था उन्हें गायत्री प्रज्ञा मंडल विंढमगंज के द्वारा प्रशस्ति पत्र व प्रमाण पत्र एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्तर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में प्रतिभाओं के निखार हेतु भारतीय संस्कृति पर आधारित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का कार्यक्रम अभियान के रूप में विगत नवंबर 2022 में संपन्न कराया गया था।परीक्षा परिणाम आने पर छात्र छात्राओं को प्रज्ञा मंडल विंढमगंज के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल उपलब्ध कराया गया।

विद्यालय में प्रमाण पत्र व मेडल पाकर बच्चे काफी उत्साहित रहे।मौके पर धर्मेंद्र कुमार सिन्हा, दयाशंकर कुशवाहा, नीलेश कुमार, अरुण कुमार, सुनील कुमार, आशा देवी, संतोष कुमार श्रीवास्तव, बृजेश गुप्ता, विष्णु स्वरूप, हुलास यादव, रामदास कुशवाहा, राजेश केसरी, उमेश जायसवाल, सरिता देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सहकारी समिति चुनाव में भाजपा-सपा आमने-सामने

**चुनाव**

**बवाल होता देख निर्वाचन अधिकारी ने स्थगित किया चुनाव**

**लैम्पस व सहकारी संघ चुनाव पुनः कराने की मांग को लेकर धरने पर डटे भाजपाई**



सहकारी समिति के सामने धरने पर बैठे लोग व तैनात फोर्स

**दुद्धी।** स्थानीय डीसीएफ कालोनी में दुद्धी क्रय विक्रय सहकारी समिति के नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री व दाखिले के दौरान शनिवार को सपाइयों व भाजपाइयों के बीच माहौल तल्ख हो गया। भाजपाई लैम्पस व सहकारी संघ के चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए नामांकन पत्रों की बिक्री का बहिष्कार करने लगे, जिससे सपा-भाजपा आमने सामने हो गए। माहौल को तल्ख देख निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव स्थगित करते हुए एसडीए श्याम प्रताप सिंह को सूचना दी। जिस पर पहुंचे एसडीएम व सीओ ने मोर्चा संभाला। दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों से काफी देर तक वार्ता करने के बाद मामले का हल नही निकलता देख प्रशासन ने दोनों पक्षों को चुनाव स्थल से बाहर कर उच्च अधिकारियों को प्रकरण को अवगत कराया। वहीं दोनों पक्ष मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए। सपाइयों की मांग थी कि नामांकन पत्र दिया जाए और चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। वहीं भाजपाइयों की मांग थी कि चुनाव स्थगित हो और शुरूवाती लैम्पस के चुनाव व संघ का चुनाव में जहां धांधली हुआ है, उसे पुनः सम्पन्न कराया जाए। घण्टों तक दोनों पक्ष चुनाव स्थल के बाहर बैठे रहे। समयावधि समाप्त होने पर उप जिलाधिकरी बिना कुछ कहे वहां से निकल लिए। वहीं निर्वाचन अधिकारी ओम प्रकाश ने चुनाव को अग्रिम आदेश तक स्थगित करने का आदेश बाहर दीवार पर चस्पा कर दिया। सपा नेता जुबेर आलम ने हार के डर से भाजपा पर चुनाव स्थगित कराने का आरोप लगाया। वहीं भाजपा नेता रामेश्वर राय ने पूर्व में हुए लैम्पस व सहकारी संघ चुनाव में हुए धांधली की जांच की मांग करते हुए पुनः उन चुनाव को सम्पन्न कराते हुए ही क्रय विक्रय चुनाव करवाने की मांग की। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सुभाष राय के नेतृत्व में भारी संख्या पीएसी व पुलिस बल तैनात रहा।

## तीन किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अनपरा।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को पुलिस ने शनि धरिकार पुत्र सिकन्दर निवासी वार्ड 12 डिबुलगंज, अनपरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन किलो गांजा बरामद करते हुए संगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

## तीन वारण्टी गिरफ्तार

**चोपन।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को पुलिस ने अमरेश पुत्र स्व. सहदेव, कमलेश पुत्र स्व. सहदेव निवासी महुआंव कला, चोपन व अख्तर कुरैशी पुत्र लल्लन कुरैशी निवासी थाना रोड, चोपन को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस टीम में चोपन प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत, नवनीत कुमार चौरसिया, योगेन्द्र नाथ, अमित तिवारी, संदीप शुक्ला शामिल रहे।

# डॉ. ज्योति का मेडिकल आफिसर आयुष में चयन

**दुद्धी।** कस्बे के मां काली मंदिर मुहाल की निवासिनी डा. ज्योति गुप्ता का मेडिकल आफिसर आयुष में चयन हुआ है। ज्योति गुप्ता का मेडिकल आफिसर पद पर चयन होने पर कस्बे एवं परिजनो, शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गयी है। तमाम लोगों ने ज्योति गुप्ता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन ने रिम्स के आडिटोरियम हाल में नियुक्त पत्र देकर सम्मानित किया। ज्योति गुप्ता ने सेल फोन पर बताया कि आयुष मेडिकल कोर्स करने के बाद पहली बार परीक्षा में बैठने के बाद चयन होने का श्रेय काशी हिंदू विश्वविद्यालय के जीएफ डा. हिमांशु सर्जन को दिया। उन्होंने इसका श्रेय माता सुनीता देवी, पिता संयोग प्रसाद तथा मित्रों और शुभचिंतकों को दिया है। उन्होंने कहा कि लगन और प्रयास सीनियर डाक्टरों की प्रेरणा और ज्ञान से कोई मुकाम दूर नहीं है। हर छात्र-छात्राओं को किसी भी क्षेत्र में पढ़ाई से छात्रों की मेहनत बेकार नहीं साबित होती है। लगातार परिश्रम करने से कहीं ना कहीं मुकाम जरूर हासिल होता है, इसके लिए किसी भी छात्रों को नर्वस और परेशान नहीं होना चाहिए। केवल पढ़ाई के प्रति अपनी लगन, निष्ठा को हमेशा बनाए रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी हजारीबाग मेडिकल कालेज पढ़ाई की। मेडिकल का कोर्स पूरा होने के बाद मेडिकल आफिसर के पद पर उन्होंने आवेदन किया और पहले ही आवेदन में उनका मेडिकल आफिसर अधिकारी पद पर चयन हो गया।



नियुक्ति पत्र देते आयुष्मान के मुख्य आधिकारी

## संक्षेप

### महिला शक्ति ने किया सड़क निर्माण का शुभारंभ



पूजन कर सड़क निर्माण का शुभारंभ करती पिंकी

**अनपरा।** नगर पंचायत द्वारा वार्ड 17 रामनगर शिव मंदिर रेनूसागर के पास तेज बहादुर सिंह के घर से विमलेश यादव के घर तक सीसी रोड निर्माण का शुभारंभ शनिवार को महिला शक्ति ने पूजन कर किया। पूर्व कनिष्ठ ब्लाक प्रमुख आशा शुगूल व पूर्व पंचायत सदस्य परासी पिंकी सिंह ने पूजा अर्चना कर कार्य की शुरुआत की। बताते हैं कि इस क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण होने से लोगों के आने जाने में सहूलियत होगी, साथ ही काफी समय से इस रोड मरम्मत व निर्माण के लिए ग्रामीणों की मांग भी पूरी हो जाएगी। निमार्ण से मजदूरों को रोजगार का अवसर मिलेगा। वहीं जेई रामाश्रय मौके पर पहुंच कार्य का अवलोकन किया व दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर शुगुल किशोर, आशीष मिश्रा, आरपी सिंह, प्रमोद शुक्ला, कमलाकांत मिश्रा, जीपी शुक्ला, प्रथम श्रीवास्तव, प्रभावती देवी, सीताराम मिस्त्री, शिवम, गोलू, अंशुमान सिंह, गणेश तिवारी मौजूद रहे।

### कंप्यूटर सेवा केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग का छापा हड़कंप

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे के वार्ड 6 में एक कंप्यूटर सेंटर पर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने छापा मारा। जिससे सेंटर संचालकों में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते तमाशबीनों की भीड़ लग गई। अधिकारियों का कहना था कि मुंसिफ कोर्ट रोड स्थित एक कंप्यूटर सेंटर से गलत व फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र बनाकर जारी किया गया था। कंप्यूटर सेंटर से जारी प्रमाण पत्र को लेकर जब बसंत गुप्ता निवासी खजुरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचा और स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर जन्म प्रमाण पत्र स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से तस्दीक कराने लगा तो मामले का खुलासा हुआ। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि जन्म प्रमाण पत्र पूरी तरह से फर्जी है। जन्म प्रमाण पत्र संबंधित अस्पताल द्वारा ही जारी किया जाता है। जिसपर फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने के मामले को चिकित्सा अधीक्षक और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने गंभीरता से लिया और तत्काल कंप्यूटर सेंटर पर जा धमके। वहीं इसकी सूचना चिकित्सा अधीक्षक डा. शाह आलम ने पुलिस को दी। जिसपर पहुंची पुलिस कंप्यूटर सेंटर को बंद कराते हुए दो संचालकों को थाने लाकर पूछताछ शुरू कर दी। बता दें कि नगर में तमाम कंप्यूटर सेंटर खोलकर गलत तरीके से आधार कार्ड और तमाम तरह के प्रमाण पत्र बनाए जाने का गोरखधंधा क्षेत्र में तेजी से फल-फूल रहा है।

### गहमा गहमी के बीच सुरक्षागार्ड के शव का हुआ दाह संस्कार

**डाला।** अल्ट्राटेक भलुआ माइंस में ड्यूटी के दौरान एक सुरक्षागार्ड द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में अंतिम संस्कार कराने के लिए चोपन पुलिस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। शनिवार की दोपहर वार्ता के पश्चात गोरादह घाट पर शव का अंतिम संस्कार कराया गया। बताया गया कि ओबरा थाना क्षेत्र के अल्ट्राटेक भलुआ माइंस में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी के दौरान 45 वर्षीय संतोष राय पुत्र कांता प्रसाद मूल निवासी सकलडीहा, चंदौली हाल पता चूड़ी गली डाला का शुक्रवार की सुबह अल्ट्राटेक क्रशर बाउंड्री के पास बने एक सुरक्षा पोस्ट के समीप एलमुनियम के तार से फंदे से लटकता शव मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस शव का पोस्टमार्टम करने के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। उधर बेटे की मौत की खबर सुनते ही पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचे पिता ने अपने पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया। शव का दाह संस्कार कराने को लेकर सीओ सीटी राहुल पाण्डेय, ओबरा सीओ चारु द्विवेदी, चोपन इंस्पेक्टर लक्ष्मण पर्वत, ओबरा इंस्पेक्टर मिथिलेश मिश्रा, जुगैल इंस्पेक्टर विश्वनाथ प्रताप सिंह, हाथीनाला इंस्पेक्टर श्याम किशोर, डाला चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह व एक बटालियन पीएसी बल तैनात रहा।

### बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे अधिकारी

**सोनभद्र।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि आगामी नगर निकाय सामान्य निर्वाचन में अप्रैल-मई में होना प्रस्तावित है, विभिन्न अधिकारियों को रिटर्निंग अधिकारी/ सहायक रिटर्निंग अधिकारी/ प्रभारी/ सहायक प्रभारी अधिकारी/ जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ता तथा स्थैतिक निगरानी टीमों में कार्य करने हेतु योजित किया गया है, निर्वाचन कार्य में लगे सभी कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि बिना जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे तथा विभिन्न कार्यों हेतु योजित किए जाने वाले अधिकारी अनावश्यक रूप से ड्यूटी काटने हेतु आवेदन प्रस्तुत नहीं करेंगे।

### दुष्कर्म मामले का आरोपी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को घोरावल पुलिस द्वारा दुष्कर्म मामले का आरोपी रामदुलारे गौड़ पुत्र स्व. दशमी निवासी ग्राम मोकरसिम, करमा को सिरसाई गांव से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

# थाना समाधान दिवस : 65 मामलों में 10 निस्तारित



चोपन थाने में पीड़ितों की फरियाद सुनते सीओ राहुल पांडेय

**सोनभद्र।** जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय ने थाना चोपन, सीओ घोरावल अमित कुमार द्वारा थाना शाहगंज पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर कुछ का मौके पर निस्तारण किया।

कुछ के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। कहा कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। इसी क्रम में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर समाधान दिवस का आयोजन कर जनता की समस्याओं को सुना।

जनपद में प्राप्त कुल 65 प्रार्थना पत्रों में 10 का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष बचे प्रार्थनापत्रों के निस्तारण के सम्बंध में आवश्यकतानुसार कार्रवाई कर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

# जनजातीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**कार्यक्रम**

**विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन**

जनसंदेश न्यूज

**बभनी।** शनिवार को दक्षिणांचल ग्रामोदय इण्टर कालेज के प्रांगण में सामाजिक न्याय सप्ताह के तत्वाधान में जनजातीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।दक्षिणांचल ग्रामोदय इण्टर कालेज के प्रांगण में शनिवार को सामाजिक न्याय सप्ताह के तत्वाधान में जनजातीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामदुलार गोड़ रहे।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शारदा खरवार काशी प्रान्त क्षेत्रीय अध्यक्ष शामिल रहे।कार्यक्रम की शुरूआत बीरसामुण्डा और रानी दुर्गावती देवी के चित्र पर फूल माला और दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम में नृत्य और संगीत के माध्यम हुआ।कार्यक्रम में कर्मा नृत्य का भी आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि दुद्धी विधायक श्री गोड़ ने कहा कि दुद्धी तहसील आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। प्रदेश सरकार लगातार आदिवासीयों के उत्थान के लिए काम कर रही है।वर्तमान सरकार में कोई भेद भाव नहीं है। देश की राष्ट्रपति भी आदिवासी हैं ल, यह भी हमें जानना होगा।पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच से प्रेरित प्रदेश सरकार द्वारा सामाजिक न्याय सप्ताह एवं जनजातीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय चाहते थे कि अन्तिम व्यक्ति तक सरकार की सुविधा पहुंचे। प्रदेश यह परिकल्पना पूरी होती दिख रही है।कार्यक्रम के बाद सभी कार्यकताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया।पूरे कार्यक्रम के प्रभारी ओमप्रकाश दूबे जी रहे।कार्यक्रम में जिला संयोजक जनजातीय मोर्चा मीरा गोड़ सहित जीत सिंह खरवार, रामरूप गोड, उमाशंकर उर्फ बबयी गोंड, जगनारायण गोड़, मंजू देवी, विष्णुकांत दूबे, श्याम नारायण, दिवान सिंह, लालमन सिंह खरवार, सुरेन्द्र पोता, जवाहर जोगी, आशीष अग्रहरी, रामदेव गोड़, तुलसी राम प्रजापति, रामेश्वर शर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।



कर्मा नृत्य करते लोग

### परशुराम जयंती आयोजन पर हुआ विचार विमर्श

**चोपन।** नगर के वैरियर स्थित डाक बंगले पर परशुराम जयंती आयोजन को लेकर कोर कमेटी की बैठक शनिवार को आहुत की गई। इसकी अध्यक्षता स्वामी केशवदास ने की। इस दौरान परशुराम जयंती मनाने पर विचार विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि पं. अमरेश चंद्र पाठक ने कहा कि परशुराम त्रेता युग (रामायण काल) में एक ब्राह्मण ऋषि के यहां जन्मे थे। जो विष्णु के छठें अवतार हैं। वे भगवान विष्णु के आवेशावतार हैं। महाभारत और विष्णुपुराण के अनुसार परशुराम का मूल नाम राम था, किन्तु जब भगवान शिव ने उन्हें अपना परशु नामक अस्त्र प्रदान किया तभी से उनका नाम परशुराम हो गया। शिवजी से उन्हें श्रीकृष्ण का त्रैलोक्य विजय कवच, स्तवराज स्तोत्र एवं मन्त्र कल्पतरु भी प्राप्त हुए। बताया कि परशुराम न्याय एवं अन्याय के संघर्ष धर्म संस्थापना हेतु प्रतिबद्ध हैं। जब भी मानव जाति संकट में आएगी तब-तब परशुराम को स्मरण किया जाता रहेगा। आलोक चतुर्वेदी ने कहा कि आगामी 21 अप्रैल को रावर्ट्सगंज रामलीला मैदान में होने वाले ब्राह्मण सम्मेलन सभी अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। इस मौके पर पं. विजयानंद तिवारी, सुरेश तिवारी, संजीव तिवारी, मुरली दत्त पाठक, कमलेश चौबे, ज्ञानेंद्र पाठक, अरुनेश पाण्डेय, जितेंद्र मिश्रा, मिंटू तिवारी, राहुल दुबे, पं दिलिप पाण्डेय, सुनील पाठक, हृदयनरायन पाण्डेय, आर्यन दुबे, प्रियांशु चौबे, अंशु उपाध्याय आदि मौजूद रहे। संचालन मनोज चौबे ने किया।

# रहमतों व बरकतों का महीना है रमजानुल मुबारक : उस्मान

जनसंदेश न्यूज

**चोपन।** नगर के जामा मस्जिद में हाफिज व कारी परवेज किब्ला ने शुक्रवार की देर शाम खतमे तरावीह मुकम्मल कराई। तरावीह मुकम्मल होने के बाद सभी मुस्लिम बन्धुओं ने हाफिज व कारी परवेज किब्ला को फूल माला पहनाकर इस्तकबाल किया। हजरते अल्लामा मौलाना एख्लाख किब्ला बरकाती बनारसी ने फरमाया कि रमजान उल मुकद्दस का महीना बड़ा बरकत वाला महीना होता है। इसमें हम सब जितनी इबादत करें उतनी कम है।

इस पाक महीने में कुरान की तिलावत ज्यादा से ज्यादा करें और अल्लाह हमें कुरान सुनाने की और सुनने की तौफीक अता फरमाए। हाफीज व कारी परवेज ने कहा कि इस खास महीने में मुसलमान अल्लाह के बंदे ज्यादा से ज्यादा रोजे रखें। जो बंदा इतनी शिद्दत से गर्मी में रोजे रखता है, अल्लाह तआला उसकी हर जायज मुरादें पूरी कर देता है और उसके गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। चेयरमैन प्रतिनिधि उस्मान अली ने कहा कि रमजानुल मुकद्दस का पाक महीना रहमतों व बरकतो वाला महीना होता है। इस महीने में अल्लाह रब्बुल इज्जत रोजेदारों के ऊपर बेशुमार रहमते नाजिल फरमाता है। इसके बाद उस्मान अली व साकिब खान ने परवेज किब्ला को फूल माला पहनाकर अंग वस्त्र व नजराना दिया। मुस्लिम बन्धुओं ने रो-रोकर अल्लाह की बारगाह में मुल्क की सलामती व अमन चैन की दुआएं मांगी। इस मौके पर हाजी सरफराज अहमद, मुख्तार अहमद, महफूज आरिफ, रियाज अहमद, ईदू भाई सर्राफ, रिजवान अहमद, अनवर कुरैशी, नसरे आलम, सेराज अंसारी, अनीस अहमद, इस्तियाक अहमद समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन सद्दाम हुसैन कादरी ने किया।



कार्यक्रम में शामिल लोग



दुद्धी मस्जिद में आयोजित कार्यक्रम में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग

### धूमधाम से मना महफीले मिलाद

**डाला।** स्थानीय जामा मस्जिद में शुक्रवार की देर रात सुन्नत -ए-तरावीह की नमाज के उपरांत महफीले मिलाद का प्रोग्राम धूमधाम से मनाया गया। हाफिज बिलाल की इबादत में जामा मस्जिद इमाम जुबेर आलम ने नमाजे तराबीह की अहमियत बताई। कमेटी के सभी वहदेदारानों ने हाफिज बिलाल का इस्तकबाल करके एक दूसरे को मुबारकबाद दिया। इस मौके पर जहीरुद्दीन, इश्तियाक अहमद, फिरोज खान, मुनव्वर अली, सूफी सगीर बाबा, रियाज कुरेशी, मोहम्मद इरफान, मकसूद, गुलामे मुस्तफा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## देश के अमन चैन की मांगी गयी दुआएं

**दुद्धी।** स्थानीय मकतब जब्बारिया में बीते 31 मार्च से चल रहे तराबी खत्मे कुरान हुआ। जिसमें रोजेदारों व ताराबी पढ़ने वालों की शिरकत रही। जोश के साथ इस माहे रमजान का इस्तकबाल किया गया। हाफिज तोहिद ने रमजान के फजीलत वह जकात की अहमियत पर प्रकाश डाला और लोगों को नमाज की पाबंदी करने की और सीधी राह चलने की हिदायत दी। पूरे हिंदुस्तान के लोगों के लिए अमन और शांति के लिए अल्लाह की बारगाह में दुआएं की गई। उन्होंने कहा कि सदके और फितरा हर इंसान पर 50 का रकम निकालना वाजिब है। आखिर में तराबी खत्म होने के बाद हाफिज तोहिद ने शिरनी का फातिहा किया। इस मौके पर आदिल खां, मो. आशिफ खां, रिजवान अहमद, मेराज कादरी, इब्राहीम खां, अज्जू, जिशान खां, मुन्ना मिस्त्री, शकील अंसारी, सलीम खान, शाहिद खलीफा, साबिर, नज्जु खां समेत तमाम रोजेदार तराबी पढ़ने वाले मुस्लिम भाई मौजूद रहे।

# डीएम की निगरानी में हुई गेहूं की क्रॉप कटिंग


लीलापुर में गेहूं की कटाई के दौरान मौजूद जिलाधिकारी।

**जायजा**

### लीलापुर के किसान अक्षय कुमार सिंह व उमानाथ के खेत में हुई कटाई

**चंदौली।** क्षेत्र के ग्राम लीलापुर निवासी किसान अक्षय कुमार सिंह तथा उमानाथ सिंह के खेत में जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की मौजदूगी में शनिवार को गेंहू की क्रॉप कटिंग करायी गई। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में क्राप कटिंग प्रयोग के आधार पर फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किये जाते है, जिससे उत्पादन की सटीक आंकलन प्राप्त हो सके। जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा एवं भू-अभिलेखों की जांच करते हुए काश्तकार से बोए हुए फसल की जानकारी ली।

एक त्रिभुज आकार एरिया का क्रॉप कटिंग 43.30 वर्ग मीटर की गई, जिसमें क्रमशः 12.110 किलो तथा 14.230 किलो का उत्पादन प्राप्त किया गया। जो लगभग 30.42 कुंतल प्रति हेक्टेयर क्राफ्ट कटिंग के दौरान गेहूं की औसत पाया गया।

उन्होंने किसानों को अपने नजदीकी क्रय केन्द्रों पर गेहूं का विक्रय करने के लिए सलाह दिया। कहा कि किसानों को गेहूं विक्रय का उचित मूल्य मिल सके। इस उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष 2023-24 में राजकीय गेंहू क्रय केन्द्र पर गेहूं का समर्थन मूल्य 2125 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। गेहूं की खरीद एक अप्रैल से 15 जून तक टाइम निर्धारित किया गया है। उन्होने किसानों से क्रय केंद्र पर गेहूं विक्रय करने के लिए अपील की। कहा कि खेत में गेहूं का पराली न जलाए। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर दिग्विजय प्रताप सिंह, तहसीलदार सतीश कुमार, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी मनीष कुमार जायसवाल, लेखपाल विनित कुमार सिंह, बीमा कंपनी के जनपद प्रतिनिधि शरद मंडवाल तथा राकेश श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## गेहूं क्रय केंद्र नहीं बनाए जाने से किसानों में रोष

**डीडीयू नगर।** शासन के निर्देश पर गेहूं क्रय केंद्र का शुभारंभ एक अप्रैल से कर दिया गया है। अभी तक किसी भी समिति पर बोहनी तक नहीं होने से क्रय केंद्र विरान पड़ा हुआ है। वहीं कई जगह गेहूं क्रय केंद्र नहीं बनाए जाने से किसानों में रोष व्याप्त है। शासन स्तर पर एक अप्रैल से गेहूं क्रय केंद्र खोल दिया गया है। जिसका समर्थन मूल्य 2125 रुपए प्रति कुंतल है। बरसात होने के बाद किसानों के खेतों में गेहूं की कटाई धीमी गति से होने से अभी तक क्रय केंद्रों पर बोहनी तक नहीं हुई है, जिससे का केंद्र वीरान पड़ा हुआ है। क्षेत्र के साधन सहकारी समिति डिग्घी, संघती, महरखा को गेहूं क्रय केंद्र बनाया गया है। लेकिन साधन सहकारी समिति धूसखास को एक बार फिर क्रय केंद्र नहीं बनाए जाने से किसानों में काफी रोष व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि इस समिति से 19 गांव संबद्ध है। लेकिन विभागीय अधिकारियों की मनमानी के कारण हमेशा किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर क्रय केंद्र नहीं बनाया जाता है, जिससे किसानों को औने पौने दामों में अपने उपज को बिचौलियों के हाथों बेचना पड़ता है। इसको लेकर क्षेत्र के किसान विजय मिश्रा, केदार यादव, सूबेदार सिंह, बलवंत मौर्य, बनवारी यादव, सोम बिंद, श्याम नारायण सहित तमाम लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। चेताया कि जल्द केंद्र नहीं खोला गया तो किसान प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## जीप की चपेट में आने से युवक की मौत

**चकिया।** सोनभद्र जिला के अमिला भगवती धाम में दर्शन करने गए 22 वर्षीय युवक सोनू यादव की जीप के नीचे आ जाने से मौत हो गई। नगर के वार्ड नंबर 5 कालिकाधाम कॉलोनी निवासी बिसुन यादव मोहल्ले के कुछ दर्शनार्थियों के साथ जीप से सोनभद्र जनपद के अमिला भगवती धाम में दर्शन करने पहुंचा था। सुबह 10 बजे के आसपास मंदिर के पास जीप का ड्राइवर राजेश जायसवाल गाड़ी को सड़क किनारे खड़ी करके पेशाब करने लगा। गाड़ी रुकने पर कुछ दर्शनार्थी भी गाड़ी से निकल कर बाहर इधर उधर घूमने लगे। उसी दौरान सोनू जीप के ड्राइवर सीट पर बैठकर लगी चाबी से जीप को स्टार्ट कर दिया। पहले से ही गियर में खड़ी जीप स्टार्ट होते ही अचानक से तेज रफ्तार से आगे बढ़ गई। उसी दौरान चलती जीप से कूदकर जान बचाने के चक्कर में जैसे ही सोनू बाहर कूदा वैसे ही जीप पलट गई और वह उसमें दब गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जीप में मौजूद अन्य दर्शनार्थियों को भी हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। आनन-फानन में युवक के शव को लेकर लोग चकिया पहुंचे जहां से पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का दाह संस्कार कर दिया। सोनू की मौत से पिता बिसुन यादव, माता मुन्नी देवी, भाई अनिल और सुनील का रो रो कर बुरा हाल है।

## संक्षेप

### कलश शोभायात्रा संग मानस नगर में श्रीराम कथा का आगाज



**डीडीयू नगर।** मानस नगर स्थित शिव मंदिर पर सर संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शनिवार को कलश शोभायात्रा निकाली गई जिसमें मानस नगर कॉलोनी व आसपास के सैकड़ों लोगों व महिलाएं अपने सर पर कलश रखकर शोभायात्रा में शामिल हुए। यह कलश शोभायात्रा शिव मंदिर से निकलकर मानसरोवर तालाब सूर्य मंदिर पहुंचा यहां कलश यात्रा में शामिल लोगों ने दर्शन पूजन किया जिसके बाद यह कलश शोभायात्रा चकिया तिराहा होते हुए मानस नगर कालोनी में भ्रमण करते हुए शिवमंदिर पहुचा यहां हवन पूजन कर कलश शोभायात्रा समापन किया गया। इस समन्ध मे मनस नगर स्थित शिव मंदिर के महंत कुन्दन तिवारी ने बताया कि शनिवार से संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। यह राम कथा 16 अप्रैल तक चलेगा, जिसको लेकर आज भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई है, जिसमे कालोनी सहित आसपास के लोगों ने बढ़-चढ़ हिस्सा लिया।

### लोकसेवा आयोगः दो होनहारों ने गाड़े सफलता के झंडे



**चंदौली।** यूपी लोक सेवा आयोग की परीक्षा में जनपद के दो होनहार होने अपना लोहा मनवाया है। लोगों का कहना है कि कड़ी मेहनत और लगन कभी बेकार नहीं जाती हिम्मत करने वालों की कभी हार नहीं होती। पूर्व विधायक साधना सिंह के पुत्र अमन कुमार सिंह और सदर विकासखंड के भदौलिया गांव निवासी शंभू नाथ के पुत्र चंद्र प्रकाश गौतम ने सफलता अर्जित किया। जहां चंद्रप्रकाश गौतम एसडीएम बनने में कामयाबी हासिल की है वही अमन कुमार सिंह जेल अधीक्षक बनकर जनपद का गौरव बढ़ाया। सदर ब्लाक के भदौलिया गांव निवासी चंद्रप्रकाश का पंचायत मित्र से एसडीएम बनने तक का सफर काफी दिलचस्प है। 2019 में लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी से सिलसिले में दिल्ली गए। वहां से प्रयागराज आए और अंत में वह मुकाम हासिल कर लिया जिसके लिए वर्षों से मेहनत कर रहे थे। भदौलिया गांव निवासी शंभू नाथ के पुत्र चंद्रप्रकाश गौतम अपनी ग्राम पंचायत भटपुरवा के प्रधान भी रह चुके हैं। इसके बाद गांव के पंचायत मित्र चुने गए। इन जिम्मेदारियों के बाद भी अध्ययन जारी रखा। वर्ष 2013-14 में पंचायत मित्र पद से इस्तीफा देकर पीसीएस परीक्षा की तैयारियों में जुट गए। प्रयागराज जाकर प्रतियोगी परीक्षाओं की की तैयारी शुरू कर दी। इसके बाद 2019 में दिल्ली चले गए। चंद्रप्रकाश गौतम ने तीसरे प्रयास में यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। पूर्व विधायक ने कहा कि आज जो खुशी हमें मिली है उसे मैं बयां नहीं कर सकती वही अमन कुमार सिंह ने इसका पूरा श्रेय अपनी माता को दिया।

### श्रद्धापूर्वक मना मंगल पांडेय का बलिदान दिवस

**डीडीयू नगर।** लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को मंगल पांडेय बलिदान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा. सुशील त्रिपाठी राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष, जगद्गुरू रामभद्राचार्य ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ बगावत की पहली चिंगारी लगाने वाले देशभक्त मंगल पांडेय को बैरकपुर में 8 अप्रैल 1857 को फांसी दी गई थी। मंगल पांडे के क्रांतिकारी विचारों और गतिविधियों से अंग्रेज सरकार इतना डर गए थे कि तय तारीख से पहले ही 8 अप्रैल 1857 को उन्हें फांसी दे दी गई। 1856 में भारतीय सैनिकों को एक नई बंदूक एनफील्ड दी गई थी, बंदूक के कारतूस पर गाय और सूअर की चर्बी लगाई जाती थी जिससे हिन्दू तथा मुसलमान सैनिकों में आक्रोश फैल गया और उन लोगों ने इसे अपने धर्म के साथ खिलवाड़ समझा। मंगल पांडेय ने इस बात का पुरजोर विरोध कर विद्रोह कर दिया। उनका नारा ह्यमारो फिरंगीह्य के विद्रोह में बहुत प्रसिद्ध हुआ था। 29 मार्च, 1857 की दोपहर को मंगल पाण्डेय ने परेड मैदान पर ही मेजर ह्यूसन को गोली मार दी, उसके बाद अंग्रेजों ने मंगल पांडे को गिरफ्तार कर लिया व उनका कोर्ट मार्शल करते हुए उन्हें फाँसी की सजा दी। मंगल पाण्डेय को फांसी देने वाले जल्लादों ने 7 अप्रैल को जब ये जाना कि मंगल पाण्डेय को फांसी देना है तो उन्होंने मना कर दिया। बाद में 8 अप्रैल को कलकत्ता के जल्लादों ने फांसी दी। इस अवसर पर पर प्रो संजय पाण्डेय, प्रो अमित राय, प्रो अरुण, डा. भावना, डा. गुलजबी, डा.ब्रजेश, डा.हर्ष, राहुल, रंजीत, सुनील आदि उपस्थित रहे।

### आज का मित्र स्वार्थ में करता है मित्रता : आचार्य मनोहर



**कमालपुर।** रामलीला मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का विश्राम दिवस कथा व्यास वृंदावन से आए आचार्य मनोहर कृष्ण महाराज के द्वारा भगवान कृष्ण के 16108 विवाह के बारे में वर्णन करके बताया कि भौमासुर के द्वारा 16100 कन्याओं को बंदी बनाया गया। भगवान जाकर के उन कन्याओं को बंधन से मुक्त करते हैं 16100 कन्या भगवान शिव स्तुति करती हैं हे प्रभु आप हमें स्वीकार करें भगवान ने एक मुहूर्त में 16100 विवाह संपन्न किए राजा नृग के द्वारा गोदान किया गया। एक छोटी सी गलती के कारण एक गाय को दोबारा दान करने से राजा नृग को गिरगिट की योनि प्राप्त हुई। आज हम अपने जीवन में कितने पाप कर्म करते हैं। बलराम जी ब्रज में जाकर के ब्रज गोपी ग्वाल बालों के साथ होली उत्सव का आनंद लिया। जरासंध का उद्धार करना राजसूय यज्ञ में सम्मिलित होना भगवान कृष्ण ने सुदामा से मित्रता नहीं भाई। आज का मित्र जो है स्वार्थ में मित्रता करता है लेकिन सुदामा जी के पास कुछ भी नहीं है पर भगवान के प्रति भाव है भगवान धन के महत्व नहीं देते। भगवान तो भक्तों के भाव को देखते हैं ब्रह्म ऋषि द्वारा भगवान की परीक्षा देना प्रभु मनी के परीक्षा में भगवान विष्णु पास हुई। कथा में हरिवंश उपाध्याय रविंद्र दुबे, सजीवन मिश्रा, बसंत मिश्रा, संजय, गणेश, संतोष कुमार, झांके दुबे, भैरो सिंह, अशोक अग्रहरि, रामजीत मौर्या, राधे सेठ, राजेश सेठ आदि उपस्थित रहे।

### प्रिया ने तय किया किसान परिवार से लोको पायलट का सफर



**इलिया।** लड़किया तेजी से तरक्की की सीढ़ियां चढ़ रही है। कड़ी मेहनत और लक्ष्य को पाने अपने जुनून व एकाग्रता के बल पर लड़किया आज हर क्षेत्र में अपने हूनर और हौसला का लोहा मनवा रही है। ऐसी ही एक नजीर हैं कि जनपद के बरियारपुर गांव निवासी प्रिया। जो मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बाद रेलवे से जुड़ी और लोको पायलट बनकर अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। वर्तमान में प्रिया कालका व शिमला मार्ग पर चलने वाली टाय ट्रेन को बतौर लोको पायलट चला रही हैं। प्रिया एक सामान्य किसान परिवार है जिन्होंने गाजियाबाद से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और बतौर लोको पायलट रेलवे से जुड़ी। लोको पायलट प्रिया का कहना है कि वह कुछ अलग करनाचाहती थी। इसलिए पुरूषों की प्रोफाइल माने जाने वाले लोको पायलट बनने का निर्णय लिया। शुरूआत में यह काम थोड़ा मुश्किल भी लगा, लेकिन मेहनत व परिवार के सहयोग से इसे अआसान बना दिया। बताया कि रेलवे में बतौर लोगों पायलट 2019 में अंबाला में नियुक्त हुईं।

### खड़ी ट्रेलर में दूसरे ट्रेलर ने मारा धक्का, मौत

**नंदगंज।** थाना क्षेत्र के पहाड़पुर ढाबा के पास पहले से गिट्टी लदा खड़े ट्रेलर में दूसरा गिट्टी लदा ट्रेलर ने पीछे से धक्का मार दिया। जिसमें चालक की मौत हो गई और खलासी बुरी तरह से घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को जिला अस्पताल भेजा।वाराणसी से गोरखपुर जा रहा गिट्टी लदा ट्रेलर पहाड़पुर ढाबा के पास पहले से खड़े ट्रेलर में गिट्टी लदा दूसरा ट्रेलर ने पीछे से धक्का मार दिया। टक्कर इतना जोरदार थी कि टकरबकी आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे आस पास के लोगो ने पुलिस को सूचना देकर गाड़ी में फंसे चालक और खलासी को बाहर निकालने में लग गए। किसी तरह चालक और खलासी को बाहर निकाले पुलिस ने तुरंत जिला अस्पताल भेजा जहां चालक धीरज यादव(25) निवासी बिरोही जिला मिजार्पुर की मौत हो गई। खलासी दीपक विश्वकर्मा का ईलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष कमलेश कुमार पाल ने बताया कि सूचना उनके परिजन को दे दी गई है।उनके परिवार के लोग आ रहे है।



# पुलिस ने अवैध असलहों के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार



**इलिया।** स्थानीय पुलिस को शनिवार की सुबह मालदह नहर पुलिया से अवैध असलहा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर को आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया। इलिया पुलिस सर्विलांस टीम को सूचना मिली की वाराणसी का एक शातिर असलहा तस्कर बिहार से असलहा लेकर वाराणसी जा रहा है।

सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र विक्रम सिंह ने सर्विलांस व स्वाट टीम के साथ मालदह नहर पुलिया के पास घेराबंदी कर दिया।उसी समय मोटरसाइकिल यूपी 52 एजेड 1883 से एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। उसको रोककर जांच पड़ताल किया गया तो उसके पास से दो अवैध पिस्टल 32 बोर, एक तमंचा 315 बोर व चार जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।

गिरफ्तार तस्कर समय बहादुर सिंह पुत्र स्व लालजी सिंह निवासी ग्राम रामचन्दीपुर थाना चौबेपुर वाराणसी का निवासी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि तस्कर बिहार से असलहा खरीद कर वाराणसी में अच्छे दामों पर बेचता है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी सर्विलांस श्यामजी यादव, अमित सिंह, विजेन्द्र कुमार, प्रीतम कुमार सहित आदि पुलिस कर्मी रहे।

## निकाय चुनावः डीएम-एसपी ने बूथों का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

**चंदौली।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत शिव मूरत सिंह मेमोरियल इंटर कालेज पीडीडीयू नगर व नपा इंटर कालेज पीडीडीयू का डीएम निखिल टी फुंडे व एसपी अंकुर अग्रवाल द्वारा भ्रमण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर बूथ का जायजा लिया जा रहा है। देखा जा रहा है कि बूथ पर बिजली, शुद्ध पेयजल, शौचालय, रैंप, पर्याप्त साफ-सफाई इत्यादि की स्थिति क्या है? निरीक्षण के दौरान दिखी छोटी-छोटी कमियों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान उन्होंने बूथों पर व्यवस्थाओं को लेकर अधिशासी अधिकारी नपा व प्रधानाचार्य को समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मतदान केंद्रों के बूथों पर मतदाता के प्रवेश व निकास की व्यवस्था देखी। स्थान चयन ठीक मिलने पर मानक के अनुरूप अन्य व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए। कहा नगर निकाय चुनाव को लेकर शासन सख्त है कोई भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान एसडीएम अविनाश कुमार, अधिशासी अधिकारी नपा पीडीडीयू नगर, क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध उपस्थित रहे।

# सत्यनारायण के चौथी बार जिलाध्यक्ष बनने पर स्वागत

जनसंदेश न्यूज


सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सत्यनरायन राजभर का स्वागत करते सपाई।

**डीडीयू नगर।** चौथी बार सत्यनारायण राजभर को जिले की कमान सौंपे जाने पर नगर स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इस दौरान सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद रामकिशुन ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने राजभर को पुनः जिलाध्यक्ष बनाकर पार्टी को मजबूत बनाने का कार्य किया है। इन्होंने हमेशा ईमानदारी और कर्मठता के साथ पार्टी को मजबूत बनाने का काम किया है। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख बाबूलाल यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पिछड़ों व दलितों के हित में काम किया है। पार्टी नेतृत्व ने जाति धर्म से ऊपर उठकर एक बार फिर सत्यनारायण राजभर को अध्यक्ष बनाकर साबित कर दिया। भारत का संविधान वह आरक्षण खतरे में है। ऐसी परिस्थिति में शोषित समाज दलितों पिछड़ों के अधिकार की लड़ाई सपा लड़ने का काम कर रही है।

सत्य नरायन राजभर ने कहा कि जनपद में नगर निकाय के चुनाव में कार्यकर्ता कमर कस चुके हैं। सभी सीटों पर सपा का परचम लहराएगा। वही सत्यनारायण ने चकिया चंदौली तिराहा पर पहुंचकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व विधायक गंजी प्रसाद के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शीश नवाया। पूर्व चेयरमैन मुसाफिर सिंह चौहान, अमरनाथ जयसवाल उर्फ मोनू, जलालुद्दीन अंसारी, टोनी खरवार, निवाज अहमद, सुरेश यादव, जाहिर बल्ला, नन्दू जायसवाल, स्वदेशी गुप्ता, नारायण सोनकर, बैजनाथ यादव, राजकुमार कन्नौजिया, अमित खरवार, चंद्रभान, रामनाथ यादव, रितेश चौहान, डा.कृष्ण कुमार यादव, भैयालाल आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# थाना समाधान दिवसः डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

जनसंदेश न्यूज


सकलडीहा कोतवाली में समाधान दिवस के दौरान फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

**सकलडीहा।** जिले के सभी थानों में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में थाना सकलडीहा में फरियादियों की समस्याओं व शिकायतों को सुनकर निर्धारित समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तहसीलदार एवं थाना प्रभारी को निर्देशित किया।

कहा कि तहसील एवं थाना से भूमि विवाद वाले शिकायतों को चिन्हित कर टीम गठित करते हुए प्राथमिकता पर ईमानदारी व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो। निस्तारण के उपरान्त शिकायत पंजिका पर आख्या अंकित की जाय। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लेखपालों को कहा कि सभी अपने अपने राजस्व गांवों में गलत गतिविधियों को भी देखते रहे। अगर कुछ ऐसे मामले संज्ञान में आते है तो तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित करें। साथ ही किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ उठाने हेतु जागृत करे।

थाना समाधान दिवस के दौरान कुल 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर प्रकरणों में टीम बनाकर निस्तारण हेतु निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस के दौरान क्षेत्राधिकारी सकलडीहा, खंड विकास अधिकारी सकलडीहा, तहसीलदार सकलडीहा, थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## सकलडीहा मनियारपुर के दुर्गेश बने डिप्टी एसपी

**सकलडीहा।** निष्ठा और लगन से मेहनत करने वाले सदैव सफलता को हासिल करते है। शुक्रवार को यूपीपीसीएस 2022 का रिजल्ट में चंदौली जनपद के मनियारपुर निवासी दुर्गेश दीप डिप्टी एसपी के पद चयन हुआ है। पहली बार यूपी पीसीएस 2021 में आबकारी इंस्पेक्टर के रूप में चयनित हुए। डिप्टी एसपी बनने पर ग्रामीणों के साथ परिजनों में हर्ष है। मनियारपुर निवासी दुलारे राम कन्नौजिया सोनभद्र पीएससी में सब इंस्पेक्टर पद पर कार्यरत है। इनका दो पुत्र है। बड़ा पुत्र दुर्गेश दीप हाईस्कूल तक वाराणसी में शिक्षा ग्रहण करने के बाद इंटरमीडिएट की पढ़ाई राजस्थान में किया। वर्ष 2016 में बीटेक कंप्यूटर सांइस कानपुर से करने बाद गुड़गांव में जॉब करते हुए तैयारी में जुट गये। पहली बार यूपी पीसीएस 2021 में आबकारी इंस्पेक्टर के रूप में चयनित हुए। इसके बाद भी तैयारी में जुटे रहे।

## फगुइयां में किसान पंचायत में हुंकार भरेगा पीड़ित अन्नदाता

**चंदौली।** किसान न्याय मोर्चा ने विश्वनाथ चौराहा स्थित कैम्प कार्यालय पर शनिवार को बैठक की। जिसमें सरकार की जिले में सभी परियोजनाओं में सरकार द्वारा 2013 भूमि अधिग्रहण कानून को लेकर चर्चा की। कहा कि अधिग्रहण से प्रभावित किसान अपने हक की लडाई लड़ रहे है। जिले में गुरुवार से फगुईया में किसान धरनारत है जिसे लेकर जिलाध्यक्ष किसान न्यान मोर्चा कृष्ण कान्त यादव ने प्रस्ताव रखा कि नौ अप्रैल को किसान संगोष्ठी धरनास्थल फगुईया में होगी। क्षेत्र व जिले के सभी प्रभावित किसानों का आह्वान किया कि धरनास्थल पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बल प्रदान करें। कहा कि सरकार ने चंदौली में भारत माला योजना सैयदराजा मार्ग, रिंग रोड व फ्रेट कारिडोर रेल परियोजना द्वारा प्रभावित किसान को नहीं पुनर्वास व विस्थापन का व्यवस्था दिया और ना ही राहत पैकेज के रूप पांच लाख रुपये ही दिए। यह किसानों के साथ धोखा है और एक किस्म का घोटाला है। इन्हीं बिंदुओं पर गोष्ठी में नौ अप्रैल को किसान व प्रभावी जन विचार-विमर्श किया जाएगा। उक्त बातों को लेकर उपस्थित सभी व्यक्ति धर्मदेव कुशवाहा, हीरावती देवी, धर्मदेव मौर्या, रोहित यदुवंशी, सुरेश पाल शमीम मिल्की, इन्द्रजीत आदि उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार दो घायल



**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के गोधना गांव के समीप नेशनल हाईवे पर मिट्टी लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों का इलाज एक निजी चिकित्सालय में कराया जा रहा है। वहीं पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर अगली कार्यवाही में जुटी है। जबकि चालक मौका पाकर फरार हो गया। अलीनगर थाना क्षेत्र के मुगलचक निवासी शंभू प्रजापति 22 वर्ष व दीपक प्रजापति 20 वर्ष शुक्रवार की सुबह वाराणसी के अदलपुरा स्थिति शीतला मंदिर दर्शन करने गए थे। वहां से वापस घर लौटते समय जैसे ही गोधना गांव के समीप नेशनल हाईवे पर पहुंचे की विपरीत दिशा से मिट्टी लाकर आ रही ट्रैक्टर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने अलीनगर स्थित स्वामी विवेकानंद जनकल्याण हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया। वही पिकेट पर लगी पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई में जुट गई ।जबकि चालक मौका पाकर फरार हो गया। इसकी जानकारी होते ही आक्रोशित वार्डवासियों के भीड़ थाने पर लग गयी। हालांकि पुलिस ने समझा बुझाकर शांत कराई।

# पिछड़ों के अधिकार को छीनना चाहती है भाजपा सरकार : प्रभु नारायण



**चंदौली।** समाजवादी पार्टी के लोहिया भवन कार्यालय में समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर का माल्यार्पण कर स्वागत हुआ। इस दौरान सकलडीहा विधायक प्रभुनारायण यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दलित, पिछड़ों के अधिकार को छीनना चाहती है इसीलिए जातीय जनगणना नहीं करा रही है और जब तक हमारे समाज की जातीय जनगणना नहीं होगी आप अपने अधिकार से वंचित रहेंगे।

मुगलसराय विधानसभा सपा के पूर्व प्रत्याशी चंद्रशेखर यादव ने कहा कि हमें दलितों, पिछड़ों एवं शोषितों के अधिकार के लिए उनके संदेशों को आत्मसात करना होगा। भाजपा दलितों, पिछड़ों के आरक्षण एवं हक, अधिकार पर डाका डाल रही है। भारत का संविधान व आरक्षण खतरे में है। ऐसी परिस्थिति में शोषित वंचित समाज और दलितों, पिछड़ों के अधिकार की लड़ाई के लिए सपा सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी। इस दौरान नफीस अहमद, सुदामा यादव, संतोष यादव, राजा बहादुर खान, प्रदीप, अजय मौजूद रहे।

## सबका भला करते हैं भगवान : सुंदरराज

**चहनियां।** महुआरी खास गांव में गंगा तट पर चल रहे श्रीमद भागवत कथा के 25वें दिन सन्त सुंदर राज स्वामी ने कहा कि परीक्षित महाराज से सन्तों ने कहा कि हम आपको बचाने आये है। आपको श्राप न लगे। परीक्षित महाराज ने कहा कि मैं कितना धन्य हूं, जो आप सन्त मुझे बचाने आये। ये कैसा श्राप है जो संत खुद आकर दर्शन दे दिये। जिसका स्वभाव ही है कि इस सृष्टि की रक्षा करना। मंगल भवन अ मंगल हारी, तबहु सुदसर्थ अंजीर बिहारी भगवान धन देते है, यश देते है पर भक्ति नहीं देते है। भगवान के दरबार मे जो जाता है मांगने ही जाता है। भगवान सबका भला करते है किंतु गलत कार्यो का हिसाब बाद में करते है। हम राम को मानते है लेकिन उनके आदर्शों को नहीं मानते, हम कृष्ण को मानते है लेकिन गीता के उपदेश को नही मानते है। भगवान की पूजा करिये किन्तु उनके बताये आदर्शों को भी मानिये। तभी भगवान का आशीर्वाद मिलेगा। ये नहीं की इधर राम राम करिए उधर दीन दुखियों को सताइये।

# भजन कार्यक्रम में गायकों ने प्रस्तुत किया भक्ति गीत


स्टेशन परिसर स्थित हनुमान मंदिर पर भजन गाते कलाकार।

**डीडीयू नगर।** जागरण मंडल ने स्थानीय स्टेशन स्थित हनुमान मंदिर परिसर का फूल-मालाओं सजा दिया। हनुमान जी के विशेष श्रृंगार के साथ ही पूरे स्टेशन परिसर को हनुमान पताकाओं से पाट दिया गया था।

शनिवार की सायंकाल 7 बजे से भजन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें हनुमान चालीसा, बजरंग बाण, संकटमोचन हनुमानाष्टक का सामूहिक पाठ किया गया। तत्पश्चात भजन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें आनंद गुप्ता ने हनुमान जी के चरणों में हनुमान को खुश करना आसान होता है। सिन्दूर चढ़ाने से हर काम होता है। महेश मधुर ने लोगवा कहेला बढ़ आगर सुना हो बजरंग बली। विजय राही ने भगवान मेरी नैया पार लगा देना।

जीतेन्द्र चंचल ने क्यूं करूं मैं फिकर मुझे काहे का डर,सांवरे का सहारा जो मुझे मिल गया।धर्मप्रकाश शर्मा चरणों में बैठे हनुमान जी राम-राम, रजत कुमार ने मईया असरे में बानी आ जईतू -सभा बीच लजवा बचा जाईतू। बृजेश कुमार ने लहरा ता ललकी चुनरिया लागत ह हमरे घरे आ गईलू, संदीप साजन ने करने देवी माई क गुजें जयकरिया, छांगुर ने हवा में उड़ता जाए मेरा रामदुलारा से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनके साथ संगत करने वालों में अंकित, पैड पर रवि मिश्रा, नाल पर रोहित शामिल रहे। इस दौरान अजय पांडेय, विजय गुप्ता, आलोक मोदी, दीनदयाल अग्रवाल, मनोज सिंह, सत्यप्रकाश उपाध्याय, आशीष श्रीवास्तव, शंभू डोकानियां, जगदीश जायसवाल, चंदू गुरु, धर्मेंद्र सिंह, कृष्ण कांत गुप्ता, विजय विश्रास, सत्यम आदि लोगों ने भाग लिया।

# स्पोर्ट्स

## ईडी ने किया अनिल जयसिंघानी को आईपीएल से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली/अहमदाबाद।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में संदिग्ध बुकी अनिल जयसिंघानी को गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुंबई पुलिस ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस को रिश्वत देने की कोशिश करने और ब्लैकमेल करने की साजिश रचने के आरोप में जयसिंघानी और उसकी बेटी अनिक्षा को हाल में गिरफ्तार किया था। आरोप है कि अमृता ने अनिक्षा के पिता अनिल जयसिंघानी को उसके खिलाफ दर्ज कई मामलों में बचाने से इनकार किया, तो उनसे पैसे ऐंठने की भी कोशिश की गई। ईडी के अहमदाबाद कार्यालय ने शुक्रवार को पेशी वारंट के साथ मुंबई की एक अदालत का रुख किया और जयसिंघानी को हिरासत में लिया। जांच एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उसकी हिरासत की मांग की।



# दिल्ली की लगातार तीसरी हार, ट्रेंट बोल्ट के झटकों से जीता राजस्थान रॉयल्स

## राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 57 रन से करारी शिकस्त दी

**गुवाहाटी।** सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर के अर्धशतकों के बाद ट्रेंट बोल्ट (29 रन देकर तीन विकेट) के पहले ओवर में दो झटकों से राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 57 रन से करारी शिकस्त दी। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद जायसवाल (60 रन) और बटलर (79 रन) ने शानदार लय जारी रखते हुए 51 गेंद में 98 रन की साझेदारी निभायी जिससे राजस्थान रॉयल्स ने चार विकेट पर 199 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। ट्रेंट बोल्ट (चार ओवर में एक मेडन) के पहले ही ओवर में दो झटकों से पस्त हुई दिल्ली कैपिटल्स कप्तान डेविड वॉर्नर (65 रन) के अर्धशतक के बावजूद निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सकी। दिल्ली कैपिटल्स को फिर बल्लेबाजों ने निराश किया जिसके कारण उसे लगातार तीसरी शिकस्त का सामना करना पड़ा। जायसवाल ने 31 गेंद की दर्शनीय पारी के दौरान 11 चौके और एक छक्का जड़ा जबकि बटलर ने 51 गेंद में 11 चौके और एक छक्का लगाया। वहीं राजस्थान के लिए शिमरोन हेटमायर ने जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए आखिर में 21 गेंद में एक चौके और दो छक्के से नाबाद 39 रन बनाये। इसमें से दो छक्के अंतिम ओवर में जड़े थे। राजस्थान रॉयल्स के लिए बोल्ट के अलावा स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 25 रन देकर दो विकेट झटके जबकि युजवेंद्र चहल ने 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। संदीप शर्मा को भी एक विकेट मिला। दिल्ली कैपिटल्स के इम्पैक्ट प्लेयर पृथ्वी साव और मनीष पांडे खाता भी नहीं खोल सके जो पहले ओवर में बोल्ट को शिकार बने जबकि टीम ने पावरप्ले में राइल रूसो (14 रन) का विकेट भी गंवा दिया। फिर सलामी बल्लेबाज वॉर्नर (55 गेंद, सात चौके) और ललित यादव (38 रन) ने मिलकर चौथे विकेट के लिये 46 गेंद में 68 रन की भागीदारी निभाकर पारी को संभालने की कोशिश की। लेकिन बोल्ट ने दिल्ली की इस महत्वपूर्ण साझेदारी का अंत किया। ललित यादव ने बोल्ट पर चौका लगाकर टीम के 100 रन पूरे कराये और अगली ही गेंद पर बोल्ड हो गये। वॉर्नर ने इस दौरान आईपीएल में



6000 रन पूरे किये। अक्षर पटेल और रोवमैन पॉवेल के विकेट जल्दी गिरने का दबाव वॉर्नर पर दिख रहा था जो 44 गेंद में अर्धशतक बनाने के बावजूद भी तेजी से रन नहीं बना सके। टीम के लिए रूसो ही एक अन्य खिलाड़ी रहे जो दोहरे अंक तक पहुंच सके। इससे पहले जायसवाल ने कमाल की बल्लेबाजी करते हुए पहले ही ओवर में खलील अहमद (दो ओवर में 31 रन) पांच चौके जड़कर टीम को धुआंधार शुरूआत करायी जिससे यह इस आईपीएल का सबसे मंहगा पहला ओवर भी रहा। अंगुली में टांके के बावजूद खेल रहे बटलर ने दूसरे ओवर में तीन चौके जड़े जिससे दो ओवर में आठ चौके लग चुके थे। राजस्थान रॉयल्स ने रनों का पचासा चार ओवर में पूरा कर लिया जिसमें से 40 रन चौकों (10) से ही बने। इससे पावरप्ले में टीम का स्कोर बिना विकेट गंवाये 68 रन था। जायसवाल ने 25 गेंद में 11 चौके से अर्धशतक पूरा किया। पारी का पहला छक्का भी जायसवाल के बल्ले से निकला जिन्होंने चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव (31 रन देकर एक विकेट) की गेंद को उठाकर लांग ऑफ के लिए भेजा। एक समय ऐसा लग रहा था कि टीम बड़ा स्कोर खड़ा कर लेगी लेकिन दिल्ली कैपिटल्स को पहली सफलता मुकेश कुमार (36 रन देकर दो विकेट) ने खतरनाक दिख रहे जायसवाल का विकेट लेकर दिलायी। मुकेश की शार्ट गेंद जायसवाल के बल्ले से ऊपर उठ गयी और इस गेंदबाज ने अपनी ही गेंद पर कैच लेकर उनकी पारी का अंत किया।

## घरेलू पिच पर पंजाब किंग्स के खिलाफ वापसी करने उतरेगी सनराइजर्स हैदराबाद

**हैदराबाद।** लगातार दो हार के बाद सनराइजर्स हैदराबाद को आत्मविश्वास से ओतप्रोत पंजाब किंग्स के खिलाफ रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपनी बल्लेबाजी की कमजोरियों से पार पाना होगा। पिछले दो सत्र में आठवें स्थान पर रही सनराइजर्स ने इस बार बेहतर शुरूआत की उम्मीद की थी लेकिन उसे पिछले दो मैचों में राजस्थान रॉयल्स औरलखनऊ सुपर जायंट्स ने हराया। सनराइजर्स की हार का प्रमुख कारण उसके बल्लेबाजों की नाकामी रही जो दो मैचों में क्रमशः 131 और 121 रन ही बना सके। लगातार विकेट गिरने से टीम लय हासिल नहीं कर सकी। पहले मैच में पावरप्ले में स्कोर दो विकेट पर 30 रन था जो दूसरे मैच में एक विकेट पर 43 रन। लखनऊ के खिलाफ नौ ओवर के बाद 55 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे। नये कप्तान एडेन मार्कराम की वापसी से भी कुछ नहीं बदला। मार्कराम खाता भी नहीं खोल सके। हैरी ब्रूक स्पिनरों को बखूबी खेलने के लिये जाने जाते हैं लेकिन दोनों मैचों में उन्हें स्पिनरों ने ही आउट किया। शीर्षक्रम में सनराइजर्स ने विकेटकीपर अनमोलप्रीत सिंह को पारी की शुरूआत करने भेजा। उन्होंने अच्छी शुरूआत भी की लेकिन राहुल त्रिपाठी और मयंक अग्रवाल लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। दोनों मैचों में अब्दुल समाद ने आखिर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम को कुछ सम्मानजनक स्कोर दिया। बड़े शॉट खेलने में माहिर हेनरिच क्लासेन को अभी तक मौका नहीं दिया गया है। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन स्कोर ही इतना कम था कि गेंदबाज कुछ नहीं कर सकते थे। दूसरी ओर दो शानदार जीत के बाद पंजाब के हौसले बुलंद हैं। पहले मैच में उसने डकवर्थ लुईस प्रणाली पर कोलकाता नाइट राइडर्स को सात रन से हराया जबकि गुवाहाटी में राजस्थान को पांच रन से मात दी ।

# शिविर के लिए 35 संभावित महिला हॉकी खिलाड़ियों का चयन, रानी रामपाल को नहीं मिली जगह

## मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि शिविर नौ अप्रैल से 13 मई तक चलेगा

**बेंगलुरू।** हॉकी इंडिया ने मई में होने वाले आस्ट्रेलिया दौरे से पहले राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए 35 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की है जिसमें पूर्व कप्तान रानी रामपाल को जगह नहीं दी गई है। महिला टीम की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा कि शिविर नौ अप्रैल से 13 मई तक चलेगा जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया दौरा होना है। टोक्यो ओलंपिक में रानी की कप्तानी में भारतीय टीम ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी । उसके बाद से चोटों के कारण रानी टीम से बाहर है। उन्हें इस साल की शुरूआत में दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिये टीम में चुना गया था। रानी ने पिछले साल एफआईएच महिला प्रो लीग में बेल्जियम के खिलाफ खेला जो



उनका 250वां अंतरराष्ट्रीय मैच था। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी बयान में कहा, पिछले शिविर के बाद हमने व्यक्तिगत खेल पर फोकस किया ताकि उसमें सुधार आ सके। अब हम टीम खेल और तकनीक पर ध्यान देंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद हमें पता चलेगा कि शीर्ष टीमों के खिलाफ हम कहां ठहरते हैं।

*संभावित खिलाड़ी :*

गोलकीपर : सविता , रजनी ई, बिछू देवी खारीबाम, बंसारी सोलंकी

डिफेंडर : दीप ग्रेस इक्का, गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, अक्षता अबासो डी, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

मिडफील्डर : निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू, ज्योति, नवजोत कौर, मोनिका, मरियाना कुजूर, सोनिका, नेहा, बलजीत कौर, रीनाा खोखार, वैष्णवी फाल्के, अजमिना कुजूर।

फॉरवर्ड : लालरेम्सियामी, नवनीत कौर, वंदना कटारिया, शर्मिला देवी, दीपिका, संगीता कुमारी, मुमताज खान, सुनेलिता टोप्पो।

## बॉलीवुड न्यूज

### दिलप्रीत ने 'दिल दियां गल्लां' में क्यूपिड की भूमिका निभाई



**इंदौर।** सोनी सब का पारिवारिक शो दिल दियां गल्लां एक ही परिवार की कई पीढ़ियों के रिश्तों को चित्रित करता है। आपसी गलतफहमियों, भावनात्मक दर्द और परिवार के सदस्यों के बीच शारीरिक दूरी के कारण यह परिवार अलग-थलग हो गया है। पहली दो पीढ़ियां अपनी शिकायतों पर कायम हैं। ऐसे में तीसरी पीढ़ी हस्तक्षेप करती है और उन्हें अपने अतीत का सामना करने और रिश्ते सुधारने की यात्रा शुरू करने को मजबूर करती है। आगामी एपिसोड्स में दर्शक दिलप्रीत (पंकज बेरी) और संजोत (जसजीत बब्बर) को महत्वपूर्ण निर्णय लेते देखेंगे, जो बराड़ परिवार के जीवन को हमेशा के लिए बदल देगा। मनदीप (संदीप बासवाना) के घर लौटते ही पूरे घर में कोहराम मचा है। मनदीप और दिलप्रीत के खाने-पीने की पसंद-नापसंद का मेल कराने और उनके बीच के झगड़ों को सुलझाने की कोशिश करने में बराड़ परिवार ने जमीन-आसमान एक कर रखा है। हालांकि, परिवार की छोटी बहू निमृत (कनिका माहेश्वरी) लगातार ऐसी योजनाएं बना रही है कि मनदीप और उसका परिवार घर छोड़ने को मजबूर हो जाए। इस अराजकता के बीच दिलप्रीत को पता चलता है कि वीर (पारस अरोड़ा) और अमृता (कावेरी प्रियम) को आपस में प्यार हो गया है। दिलप्रीत का किरदार निभा रहे पंकज बेरी ने बताया कि बराड़ परिवार में लंबे समय से खुशियां नहीं आई हैं और अब वह इसका अनुभव करने वाला है क्योंकि दिलप्रीत ने वीर और अमृता में एक-दूसरे के बीच प्यार को खोज लिया है। यह समय है कि मेरा किरदार दिलप्रीत स्थिति को अपने हाथों में लें और वीर व अमृता को करीब लाए और प्रशंसकों को आश्वस्त करें कि उनका लंबा इंतजार जल्द ही खत्म हो जाएगा!

### सिंगल मदर की प्रेरक कहानी है 'पुष्पा इम्पॉसिबल'



इंदौर। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल एक सिंगल मदर की प्रेरक कहानी है, जो अपनी पढ़ाई के साथ-साथ अपने बच्चों का भरण-पोषण करने का प्रयास करती है। उसका सकारात्मक और समस्या को सुलझाने का रवैया, एक आकर्षक सादगी के साथ मिलकर, उसे दर्शकों के बीच प्रिय बनाता है। हाल के एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि अश्विन और दीप्ति के बीच बढ़ते तनाव के कारण पुष्पा चिंतित है और किस तरह अश्विन अपने रहने के लिए अलग जगह तलाश रहा है। आने वाले एपिसोड्स में हम चॉल में काफी हंगामा देखेंगे। पुष्पा चकित रह जाएगी जब वह चॉल में प्रवेश करने वाले किसी व्यक्ति के सामान से भरे ट्रकों को देखेगी। वह चौंक जाएगी जब उसे पता चलेगा कि उसका पूर्व पति और सबसे बड़ा दुश्मन दिलीप पटेल चॉल में रहने आ रहा है। इस बीच, पुष्पा के घर में दीप्ति की तबियत बिगड़ेगी और यह माना जाएगा कि वह गर्भवती है। एक बहस शुरू होती है जहां पुष्पा और दीप्ति को लगता है कि जोड़ा माता-पिता बनने के लिए तैयार हैं और दूसरी ओर अश्विन और सोनल के विचार इससे अलग हैं। पुष्पा पटेल की भूमिका निभाने वाली करुणा पांडे ने कहा, ह्लपुष्पा के जीवन में ऐसा कोई दिन नहीं है जब कोई परेशानी न आए। दिलीप की चॉल में एंट्री और उसके साथ पड़ोस में रहना कुछ ऐसा है जिसकी पुष्पा ने कभी कल्पना भी नहीं की थी। साथ ही, यह एक ऐसे बिंदु पर आ रहा है जहां अश्विन और दीप्ति अपने जीवन में इस तरह की संवेदनशील दुविधा से निपट रहे हैं, यह पुष्पा के लिए एक कठिन समय है। पुष्पा इस स्थिति से कैसे निपटती है और किसी भी संभावित स्थिति में अपने परिवार की सुरक्षा कैसे करती है, यह दर्शक देखेंगे।

# शिव थापा-दीपक भोरिया करेंगे विश्व चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई

**नई दिल्ली।** छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा और 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक भोरिया 30 अप्रैल से 14 मई तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में होने वाली आगामी आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। विश्व चैंपियनशिप 2015 में कांस्य पदक जीतने वाले शिव 63.5 किग्रा वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने नाम एक और पदक जोड़ने की कोशिश करेंगे। हाल के दिनों में तेजी से उभरे दीपक 51 किग्रा फ्लाईवेट वर्ग में दावेदारी पेश करेंगे। दीपक ने 2021 में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूनार्मेंट में 2016 रियो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और 2019 विश्व चैंपियन उज्बेकिस्तान के शाखोबिदिन जोइरोव को हराकर सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने टीम की घोषणा पर कहा, पुरुषों की टीम बेहद कड़ी मेहनत कर रही है और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि उनमें से हर एक देश का गौरव बढ़ाएगा। हमने हाल ही में भारतीय महिला मुक्केबाजों को दिल्ली विश्व चैंपियनशिप में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देखा था और मुझे उम्मीद है कि हमारे लड़के आईबीए पुरुष विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में एक बार फिर से हमें गौरवान्वित करेंगे। भारतीय टीम में अनुभवी मुक्केबाज और 2022 एशियाई चैंपियनशिप मेडलिस्ट मोहम्मद हुसामुद्दीन भी होंगे। वह शीर्ष आयोजन में अत्यधिक प्रतिस्पर्धी 57 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगे। टोक्यो ओलंपियन और 2019 एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता आशीष चौधरी भी दूसरी बार प्रतिष्ठित कार्यक्रम में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे और अपने नाम एक और बड़ा पदक जोड़ने के इच्छुक होंगे। हाल ही में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूनार्मेंट में रजत पदक जीतने वाले गोविंद साहनी 48 किग्रा वर्ग में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे।



इस बीच, 2021 विश्व यूथ चैंपियन सचिन सिवाच 54 किग्रा बेंटमवेट वर्ग में भारत का परचम लेकर उतरेंगे। साल की शुरूआत में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाले युवा मुक्केबाज वरिंदर सिंह (60 किग्रा), आकाश सांगवान (67 किग्रा), निशांत देव (71 किग्रा) और सुमित कुंडू (75 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में भारतीय जर्सी पहनेंगे। इस चौकड़ी ने 2021 विश्व चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व किया था और इस बार वे अपने अनुभव का उपयोग कर पदक लाने की कोशिश करेंगे। राजस्थान के रहने वाले हर्ष चौधरी 86 किग्रा वर्ग में विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण करेंगे, जबकि राष्ट्रीय चैंपियन नवीन कुमार और नरेंद्र बेरवाल क्रमशः 92 किग्रा और 92+ किग्रा में लड़ते नजर आएंगे। विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता को दो लाख अमरीकी डॉलर की पुरस्कार राशि दी जायेगी। रजत पदक विजेताओं को एक लाख अमरीकी डॉलर और कांस्य-पदक विजेताओं को 50,000 अमरीकी डालर से सम्मानित किया जायेगा। भारतीय टीम 17 अप्रैल को ताशकंद के लिये रवाना होगी। इससे पहले सभी मुक्केबाज विश्व एक बहु-देशीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे। इस शिविर में सात ओलंपिक वजन श्रेणियों (51 किग्रा, 57 किग्रा, 63.5 किग्रा, 71 किग्रा, 80 किग्रा, 92 किग्रा और 92+ किग्रा) के दो-दो मुक्केबाज भाग लेंगे। चैंपियनशिप में फ्रांस के सोफियान ओउमिहा, जापान के टोमोया त्सुबोई और सिवोनरेट्स ओकाजावा, अजरबैजान के लोरेन अल्फोंसो, कजाकिस्तान के सकेन बिबोसिनोव और क्यूबा के योएनलिस हर्नांडेज मार्टिनेज और जूलियो ला क्रूज सहित सात गत विश्व चैंपियन भी शामिल होंगे। ताशकंद चैंपियनशिप में पहले ही 104 देशों के लगभग 640 मुक्केबाजों का पंजीकरण हो चुका है।

# न्यूजीलैंड ने रोमांचक मुकाबले में श्रीलंका को चार विकेट से हराया, 2-1 से जीती सीरीज

**क्वींसटाउन।** न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 मैच में श्रीलंका को एक गेंद बाकी रहते चार विकेट से हराकर श्रृंखला 2 . 1 से जीत ली। सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट ने 48 गेंद में 88 रन बनाये जिसकी मदद से न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल किया । इससे पहले श्रीलंका ने छह विकेट पर 182 रन बनाये थे। श्रीलंका ने पहला मैच सुपर ओवर मे जीता था जबकि न्यूजीलैंड ने दूसरा मैच नौ विकेट से अपने नाम किया था। सीफर्ट ने दूसरे मैच में भी 43 गेंद में 79 रन बनाये थे। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने 48 गेंद में 73 रन बनाये जबकि पाथुम निसांका ने 25 और कुसल परेरा ने 33 रन की पारी खेली। मेंडिस ने अपनी पारी में छह चौके और पांच छक्के जड़े जबकि सीफर्ट ने दस चौके और तीन छक्के लगाये। सीफर्ट ने पहले विकेट के लिये चाड बोवेस के साथ 53 रन की साझेदारी की और कप्तान टॉम लाथम (31) के साथ दूसरे विकेट के लिये 52 गेंद में 84 रन जोड़े। न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 153 रन था जब सीफर्ट आउट हुए। उस समय उसे 23 गेंद में 30 रन की जरूरत थी। आखिरी दो ओवरों में न्यूजीलैंड को 17 और आखिरी ओवर में 10 रन चाहिये थे। मार्क चेपमैन ने पहली गेंद पर छक्का लगाया लेकिन अगली पर आउट हो गए। जिम्मी नीशाम एक भी गेंद खेले बिना रन आउट हो गए। अब न्यूजीलैंड को चार गेंद में तीन रन चाहिये थे और पांच विकेट बाकी थे । डेरिल मिशेल (15) ने अगली गेंद पर हवाई शॉट खेला और लपके गए। न्यूजीलैंड ने तीन विकेट लगातार गंवा दिये और अब उसे तीन गेंद में तीन रन चाहिये थे। अगली गेंद पर रचिन रविंद्र और एडम मिल्ने ने एक रन लिया। पांचवीं गेंद पर रविंद्र ने दो रन निकालकर टीम को जीत दिलाई।



## सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों की विकेट गंवाने की आदत से खफा ब्रायन लारा



। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद का कोई बल्लेबाज टिककर खेल नहीं सका और उसके मुख्य कोच ब्रायन लारा अपने बल्लेबाजों की विकेट गंवाने की इसी आदत से खफा हैं । लखनऊ के खिलाफ सनराजइर्स के बल्लेबाज 121 रन ही बना सके जो मेजबान ने चार ओवर बाकी रहते बना लिये । लारा ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम एक के बाद एक विकेट गंवाते आ रहे हैं। पहले मैच में हमने पहले ही ओवर में दो विकेट गंवा दिये । इस मैच में तीन विकेट सात गेंद के भीतर गंवाये जिससे मैच का नक्शा बदल गया । हमें इस समस्या का हल निकालना होगा। सनराइजर्स ने आठवें और नौवें ओवर में अनमोलप्रीत सिंह, कप्तान एडेन मार्कराम और हैरी ब्रूक के विकेट गंवाये जिससे स्कोर चार विकेट पर 55 रन हो गया। सनराइजर्स इस झटके से उबर ही नहीं सके । लारा ने यह भी कहा कि विकेट पर स्ट्रोक्स खेलना मुश्किल था। उन्होंने कहा , यह पिच ऐसी नहीं थी जिस पर स्ट्रोक्स लगाये जा सके । यह हालांकि कोई बहाना नहीं है लेकिन मेरा मानना है कि हमें बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। लारा ने यह भी कहा कि टीम में दो शीर्ष स्पिनरों के होते हुए भी अतिरिक्त स्पिनर उतारने से उन्हें फायदा मिलता । उन्होंने कहा, हमारे पास वाशिंगटन सुंदर और आदिल रशीद जैसे शीर्ष स्तरीय स्पिनर थे लेकिन एक अतिरिक्त स्पिनर होने से फायदा मिलता।

***विकेट का सटीक आकलन करने से मिली सफलता : अमित मिश्रा***

लखनऊ। लखनऊ सुपर जाइंट्स के अनुभवी स्पिनर अमित मिश्रा ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से मिली जीत में अपनी सफलता का श्रेय विकेट का सटीक आकलन करने और बल्लेबाजों के शॉट्स को पहले ही भांप लेने को दिया । आईपीएल के पहले सत्र (2008) से ही खेल रहे 40 वर्ष के मिश्रा ने सनराइजर्स के खिलाफ दो विकेट लिये । आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स (2008), डेक्कन चार्जर्स (2011) और सनराइजर्स हैदराबाद (2013) के लिये तीन हैट्रिक लेने वाले एकमात्र गेंदबाज मिश्रा ने वाशिंगटन सुंदर और आदिल रशीद को आउट किया ।

# मुंडन कराने आए मासूम की पिकअप के धक्के से मौत

**दुर्घटना**

परिजनों का आरोप, ईयरफोन लगाने से हुआ हादसा

पिकअप चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



मासूम की मौत के बाद बिलखते परिजन



मृत मासूम आदर्श

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोठवार गांव में शनिवार की शाम पिकअप के धक्के से 3 साल के मासूम की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि ईयर फोन लगाने की वजह से ड्राइवर ने आसपास के लोगों की आवाज नहीं सुनी जिसकी वजह से हादसा हो गया। मौके से पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है और पिकअप को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुट गई है।

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोठवार गांव में 3 साल का मासूम आदर्श अपनी मां मालती देवी के साथ मुंडन कराने के लिए आया था। आदर्श के मामा नाटे बिंद ने बताया की आदर्श अपने गांव फरीदपुर थाना खेतासराय से 20 दिन पहले यहां पर अपनी मां के साथ मुंडन कराने के लिए आया था। लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था। शनिवार की शाम पिकअप की चपेट में आने से मासूम की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि सड़क के किनारे से चालक कमलेश पिकअप को पीछे कर रहा था और कान में ईयर फोन लगाया हुआ था।

पिकअप पीछे करने के दौरान लोग शोर मचाते रहे लेकिन चालक ने लोगों की आवाज नहीं सुनी जिससे 3 साल के मासूम आदर्श बिंद की पिकअप की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। लोग सड़क जाम करने पहुंचे तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना सरायख्वाजा थाने पर दी जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने ग्रामीणों को समझाया तथा चालक को गिरफ्तार कर पिकअप को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई में जुट गई है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में श्रमिक की मौत

**खुटहन।** थाना क्षेत्र के कम्मरपुर निवासी एक श्रमिक की शुक्रवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। साथी मजदूर ट्रैक्टर से गिरने के कारण मौत होना बता रहे हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। उक्त गांव निवासी 49 वर्षीय रामबचन सटरिंग मशीन के साथ छत लिंटर करने का काम करता था। रोज कि भांति अपने पड़ोस के अन्य मजदूरों के साथ वह काम पर गया था जहां रात को वापस लौटते समय नौरंगाबाद पुलिया पर चढ़ते समय ट्रैक्टर से नीचे गिर गया। शव घर पंहुचा तो परिजन हक्का-बक्का हो गए। साथ गये मजदूरों ने बताया कि काम से लौटते समय वह ट्रैक्टर से गिर गया जिसे इलाज हेतु अस्पताल ले जाया गया था जहां उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मामला संदिग्ध है बात कुछ और है जिसे छिपाया जा रहा है। आरोप है कि शव को चुपके से मेरे दरवाजे पर रखकर लोग चले गए। शनिवार को सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेज दिया। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर जांच-पड़ताल में जुट गये हैं।

## संक्षेप

### बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान की रैली




स्कूल चलो अभियान की रैली निकालते छात्र

**करंजाकला।** विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय सिद्दीकपुर में बच्चों ने स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर बच्चों ने अपने हाथों में स्कूल चलो अभियान के बैनर के पीछे जागरूकता का संदेश स्लोगन लेकर बाजे के साथ सिद्दीकपुर स्थित कांशीराम आवास कॉलोनी, चौहान बस्ती, मुस्लिम बस्ती आदि क्षेत्रों में भ्रमण किया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका वैदेही सखी ने घर-घर जाकर छोटे बड़े बच्चों को स्कूल चलो अभियान के तहत शासन की मंशा के अनुरूप अधिक से अधिक से नामांकन हो सके जागरूक कर अभिभावकों से स्कूल भेजने की अपील की। इस मौके पर सहायक अध्यापिका मनभावती वर्मा, सुनीता यादव, मधुलता यादव, विजय नंदिनी, कादंबरी, तरुण कुमार यादव, इंदु प्रकाश यादव समेत विद्यालय के बच्चे भी जागरूकता अभियान रैली में शामिल हुए।

### थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**शाहगंज।** कोतवाली परिसर में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें फरियादियों ने कुल 5 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें सभी राजस्व से सम्बंधित थे। मौके पर एक भी प्रार्थना पत्र का निस्तारण नहीं हो सका। दो मामले में निस्तारण हेतु टीम रवाना किया गया है। इस दौरान कोतवाली निरीक्षक सदानंद राय, अपराध निरीक्षक जनार्दन यादव, एसआई विजय सिंह गौड़, एसआई वरुणेन्द्र राय, एसआई प्रभुनाथ यादव, प्रशांत पांडे, रामनाथ यादव समेत राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

### पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत मड़वा दोदक गांव में सात अप्रैल की शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गाली-गलौज के साथ जमकर लाठी-डण्डे चलने लगे जिसमें एक पक्ष से तीन व दूसरे पक्ष से भी तीन लोगों को चोटें आयी। पुलिस घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया भेजवाया जहां चिकित्साधिकारी ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। पुलिस ने एक पक्ष के निर्मला देवी की तहरीर के आधार पर छोटेलाल, मालती, भुटका व छंगू व दूसरे पक्ष के मालती देवी की तहरीर के आधार पर मुन्ना गौतम, संजय, मंजय, निर्मल, सरिता, रानी व पिंकी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

### मारपीट में एक घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बड़गांव बाजार में रामकथा के दौरान एक युवक द्वारा गाली देने पर मना करने पर दबंग युवक ने पीटकर युवक गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर मौजूद परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। क्षेत्र के बड़गांव बाजार स्थित हनुमान मंदिर के समीप रामकथा का आयोजन चल रहा था। शुक्रवार की रात उक्त गांव निवासी 32वर्षीय अरविंद विश्वकर्मा पुत्र फागूलाल विश्वकर्मा ने गांव के ही एक युवक को रामकथा के दौरान गाली-गलौज करने का विरोध करने पर उक्त गांव निवासी सुगम पुत्र राजेश गौतम ने लाठी डंडे से पीटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर मौजूद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

# शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा को निकली शोभायात्रा

जनसंदेश न्यूज



शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शोभायात्रा निकालते अनुयायी

**खेतासराय।** नगर के मुडवखानी माता मन्दिर के पास नवनिर्मित शिव मंदिर में शनिवार को शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। विधि विधान से शिवलिंग की पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान हर हर महादेव के नारे से पूरा वातावरण गूंज उठा।

दोपहर में शिवलिंग के साथ शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ हुई। स्टेशन गली, मेंहदी मोहल्ला, खुटहन मार्ग, पुरानी बाजार समेत कई मोहल्लों में भ्रमण के बाद शोभायात्रा का समापन हुआ। पं. द्वारिका प्रसाद मिश्र और अनिल दीक्षित ने पूजन कराया। मंदिर में शिवलिंग स्थापना के साथ प्राण-प्रतिष्ठा कराया गया। पूजा संपन्न होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर पुजारी फलाहारी बाबा, बीजेपी नेता मनीष कुमार गुप्ता, मकुमार सोनी, अजय सोनी, राकेश कुमार गुप्ता, बृजनाथ जायसवाल, दीपक सोनी, शुभम जायसवाल, अनिल प्रजापति, आकाश सोनी समेत भारी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## दो के खिलाफ आईटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत सजईकला खुर्द गांव निवासी लाल बहादुर पुत्र जंग बहादुर ने थाने पर तहरीर दिया कि मैंने मोबाइल द्वारा बातचीत करके अंकित यादव पुत्र सतवीर सिंह यादव निवासी- सैदपुर ब्लाक पिलाना, बागपत (यू.पी.) से एक मोटरसाइकिल सत्तर हजार रुपये में खरीदा था जो अपने को आर्मी का हवलदार भी बताया था। विश्वास कर- के मैंने कई किस्तों में बैंक से रुपये भेजा लेकिन आज तक मुझे मोटरसाइकिल नहीं मिली। मुझे अंकित यादव के अलावा जोरा सिंह ने भी झांसे में लेकर कहा कई तरह के कागज बनवाने हैं तब जाकर पेपर ट्रान्सफर होगा और एक लाख नब्बे हजार रुपये जमा करवा लिये। मैंने कहा कि मुझसे ज्यादा रुपये ले लिए हैं तो दोनों ने कहा कि थाने में शिकायत किया तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। पुलिस तहरीर के आधार पर उपरोक्त दोनों के खिलाफ आईटी एक्ट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्जकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गयी है।

# अबूझ हाल में लगी आग, हजारों की गृहस्थी का सामान जला



जनसंदेश न्यूज

**खुटहन।** पिलकिछा गांव के सेमरहा मजरे में शुक्रवार की देर शाम अबूझ हाल में लगी आग से एक परिवार की तीन? छप्पर में रखी सारी गृहस्थी उजड़ गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों के अथक प्रयास से आग पर काबू पाया जा सका। अगलगी में एक लाख से अधिक का सामान जल गया। पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान नरेंद्र यादव ने पीड़ित परिवार को खाने पीने की त्वरित सहायता मुहैया करा दिया है। खबर लिखे जाने तक राजस्व विभाग का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा है।

गांव निवासी जीरा देवी पत्नी रमेश निषाद का परिवार शाम को खाना खाने के बाद बाहर द्वार पर सो गया। रात लगभग साढ़े दस बजे अचानक उनके छप्पर से आग की लपटे उठने लगी। जलते हुए बांस बल्ली की आवाज सुन स्वजनों की नींद खुल गई। वे शोरगुल करते हुए आग पर पानी फेंकने लगे। मौके पर तमाम ग्रामीण भी जुट गए तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। दूसरे दिन सुबह पहुंचे प्रधान ने तत्काल खाने पीने की व्यवस्था मुहैया कराई। पात्र होने के बाद भी पीड़ित को सरकारी आवास नहीं मिल सका है। प्रधान ने बताया कि नवीन सूची के लाभार्थियों में उसका नाम भेजा गया है जल्द ही उसे आवास मिल जायेगा।

# कार्यकर्ताओं का सम्मान ही सपा में सर्वप्रिय : लालजी वर्मा

**बैठक**

हिन्दी भवन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले राष्ट्रीय महासचिव

जनसंदेश न्यूज



राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत करते सपाजन

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी के 73 लोकसभा जौनपुर, 74 लोकसभा मछलीशहर के बूथ गठन हेतु हिन्दी भवन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि बूथ गठन प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव विधायक लालजी वर्मा ने बैठक को संम्बोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी का सबसे बड़ा नेता हमारा बूथ पर है जो समाजवादी पार्टी को वोट दिलाने और अपना बूथ जिताने का काम करता है और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का निर्देश है हमारे बूथों के कार्यकर्ता का सम्मान हमारे लिए सर्वप्रिय है। जो नेता उनका सम्मान नहीं करेगा उसे कभी सम्मान नहीं मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आप ही लोगों की बदौलत ही इस देश से भाजपा सरकार उखाड़ फेकने का काम किया जायेगा। भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। हर वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है। भ्रष्टाचार चरम पर है। पुलिस फर्जी एनकांउन्टर करती है।

लालजी वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने महंगाई, बेरोजगारी बढ़ायी है। सरकार के पास जनता से जुड़े मुद्दों का कोई जवाब नहीं है। जिलाध्यक्ष डा. अवधनाथ पाल ने कहा बूथ स्तर तक का गठन समाजवादी पार्टी हर जाति धर्म के लोगों को साथ जोड़ कर चलना ही समाजवादी पार्टी का लक्ष्य है। हमारे बूथ नेताओं का सम्मान ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य रूप से विधायक पंकज पटेल, पूर्व विधायक लंलन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव ललई, लाल बहादुर यादव, श्री राम यादव, राजनरायन बिन्द, अरशद खान, सुषमा पटेल, दीपचंद्र सोनकर, कैलाश सोनकर, बिरजू राम, राजबहादुर यादव, वरिष्ठ नेता सैयद आरिफ मोहम्मद, यशवता यादव, राकेश मौर्या, श्याम बहादुर पाल, राहुल त्रिपाठी, राजन यादव, शिवजीत यादव, नीरज पहलवान, सोचनराम विश्कर्मा, राजमूर्ति सरोज, अली मंजर डेजी, मालती निषाद, शबनम नाज आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

## सम्मेलन में कार्यकर्ताओं की हुई अनदेखी

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी की लोकसभा सदर एवं मछलीशहर के बूथ कमेटी के गठन एवं सुझाव हेतु हिंदी भवन में कार्यकर्ता बैठक आयोजित थी जिसमें मुख्य अतिथि प्रभारी लालजी वर्मा मौजूद थे। जिला अध्यक्ष डॉ. अवध नागपाल के आश्वासन के बाद भी कार्यकर्ताओं को मंच से बोलने नहीं दिया गया। जब वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र यादव टाइगर एवं अली मंजर डेजी ने सवाल उठाया तो उनके साथ धक्का मुक्की की गयी। इससे कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है।

## होटल व्यापारी की कार से उचक्कों ने उड़ाये दो लाख

**जौनपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला सिपाह तिराहे के पास चावल खरीद रहे होटल व्यापारी की कार से चोरों ने नकदी रुपए उड़ा दिया। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रिजवी का निवासी शौकत एजाज शनिवार दिन के लगभग 12 बजे सिपाह के पास अपनी फॉर्चूनर गाड़ी खड़ी करके चावल की दुकान पर गए हुए थे।

उन्होंने अपने फॉर्चूनर कार में जैकेट उतार कर रखा था। एक आदमी भाग कर आया कि आपकी कार से धुंआ निकल रहा है। जब वह अपनी कार के पास पहुंचे तो देखा कि नीचे जले हुए मोबिल से धुआं निकल रहा था। कार का दरवाजा खोल कर देखा तो उनकी जैकेट गायब थी जिसमें दो लाख रुपए थे जो कार में से गायब हो चुके थे। शौकत एजाज गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के चोरसंड में एक ढाबा चलाते हैं। घटना की जानकारी पुलिस चौकी सिपाह को दी गई है लेकिन इस होटल व्यापारी की अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

# विद्यारम्भ महोत्सव का हुआ आयोजन



महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्रायें

**कार्यक्रम**

छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम की अतिथियों ने की सराहना

जनसंदेश न्यूज

**खेतासराय।** नगर स्थित वासुदेव तपेश्वरी गर्ल्स इण्टर कॉलेज व आदर्श भारतीय महाविद्यालय में शनिवार को विद्यारम्भ महोसत्व का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसकी अतिथियों ने जमकर सराहना किया।

उक्त विद्यालय में आयोजित विद्यारंभ कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। विद्यालय के संरक्षक अनिल कुमार उपाध्याय ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन व मंत्रोच्चारण के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम से कार्यक्रम का आगाज किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिससे अतिथियों का मनमोह लिया। संरक्षक श्री उपाध्याय ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम बच्चियों के उचित शिक्षा व बौद्धिक विकास के हर सम्भव पहल करने का संकल्प लेने के साथ ही साथ बेटियों की उचित शिक्षा पर प्रोत्साहन करना चाहिए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप के उपस्थित हुए पूर्व चेयरमैन वसीम अहमद ने विद्यालय व्यबस्था की सराहना करते हुए बेटियों को आशीर्वाद प्रदान किया। कॉलेज की प्रधानाचार्या सुनीता मिश्रा ने विद्यालय की स्थापना से लेकर आज तक विद्यालय के प्रगति के बारे में विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य विनय मिश्रा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम के अंत में गृह वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य सफिया खान, सुरेंद्र मिश्रा, मनोज कुमार सिंह, राजेश कुमार राव, रत्न श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# दो अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पुलिस की हिरासत में अपहरणकर्ता

जनसंदेश न्यूज

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के सरोखनपुर अंडर पास हाइवे के पास से दो वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिनीत राय के नेतृत्व में घनश्यामपुर पुलिस चौकी प्रभारी अनिल कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर सरोखनपुर अंडर पास हाइवे के पास से दो अपहरणकर्ता वांछित अभियुक्त बिशाल गौतम पुत्र लालचंद उर्फ लाले निवासी बनगांव पट्टी और गुनाल कुमार गौतम उर्फ पंकज पुत्र चंद्रिका गौतम निवासी बनगांव भूमिहार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सरोखनपुर अंडर पास हाइवे के पास से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया है।

# सुंगुलपुर गांव के चर्चित मामले का हुआ निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** क्षेत्र के सुंगुलपुर गांव के एक चर्चित मामले का थाने पर समाधान दिवस पर निस्तारण करवाया गया इसे निस्तारित होने की खूब चर्चा है।

ज्ञात हो उक्त गांव निवासी सीमा सिंह तथा विपिन सिंह के बीच सड़क के खड़ंजे को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। एक पक्ष रास्ता बनवाने तथा दूसरा पक्ष उसे रोकवाने के जिद पर अड़ा था। दोनों पक्षों का यह मामला पुलिस के पास पहुंच चुका था। समाधान दिवस पर दोनों पक्षों को बुलाया गया था।

समाधान दिवस में मौजूद तहसीलदार सदर पवन कुमार सिंह व थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने लेखपाल को बुलवाकर सारी जानकारी ली। उसके बाद दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामले का निस्तारण कर दिया। इसके अलावा जमीन सम्बंधित तीन और मामलों का निस्तारण किया गया। कुछ मामलों के लिए लेखपाल को बुलवाया गया है।

## थाना समाधान दिवस में दो का निस्तारण

**बदलापुर।** शनिवार को कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार राजकुमार सोनकर और प्रभारी निरीक्षक बिनीत राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। वहीं विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 5 फरियादियों ने अपनी जन समस्याओं से संबंधित शिकायती पत्रों को उक्त अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें 2 शिकायती पत्र को मौके पर निस्तारण करते हुए शेष शिकायती पत्र को सम्बंधित बिभाग को देते हुए निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कानून-गो राधेश्याम पांडेय, क्राइम इंस्पेक्टर बिनोद कुमार यादव, उपनिरीक्षक द्वारिका नाथ यादव सहित राजस्व विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सांसद ने छात्र छात्राओं संग किया संवाद



संवाद कार्यक्रम में मौजूद मछलीशहर सांसद बीपी सरोज

**मड़ियाहूँ।** श्री जंगी सिंह गर्ल्स इंटरमीडिएट कालेज शिवपुर बेलवा के प्रांगण में मछलीशहर के सांसद बीपी सरोज का छात्राओं संग संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांसद से गांव समाज देश और शासन की नीतियों आदि के संदर्भ में की महत्वपूर्ण बिंदुओं पर बच्चों ने सवाल किया जैसे महिला सशक्तिकरण और महिलाओं की सुरक्षा के सन्दर्भ में, कृषि को उद्योग का दर्जा कैसे प्राप्त हो, स्वच्छता अभियान को और प्रभावी कैसे बनाया जाये, गरीबों के लिए सरकार द्वारा क्या योजनाएं चलाई जा रही है, आजादी के बाद देश पहली बार दुनिया के शक्तिशाली देशों में दिख रहा है। एक सांसद के नाते आप इसे किस नजरिए से देखते हैं आदि महत्वपूर्ण सवालों को बच्चों ने सांसद से पूछा जिसका सांसद ने बहुत ही प्रभावी ढंग से अपना बिषय रखा और बच्चों को उनके प्रश्नों का जबाव दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रबंधक डा. गोपाल सिंह और संस्थापिका कमला सिंह ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राज कृष्ण शर्मा, संजीव गुप्ता, प्रधानाचार्य चित्रा सिंह, पूर्व प्रधान राम जनक यादव ?सहित विद्यालय के बच्चे और अध्यापकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक देवनारायण पांडेय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# क्रय विक्रय समिति के चुनाव में पर्चा दाखिल नहीं कर सके कई उम्मीदवार

**खुटहन।** विभिन्न सहकारी समितियों से निर्वाचित व चयनित होकर क्रय विक्रय समिति के चुनाव में अपना दमखम आजमाने वालों की मंशा शनिवार को धरी की धरी रह गई। उनका आरोप है कि चुनाव अधिकारी बनाए गए खंड विकास अधिकारी वीरभानु सिंह ने पर्चा खरीदने की लाइन में लगे सभी एक दर्जन उम्मीदवारों में से आनन फानन में मात्र दो उम्मीदवारों को पर्चा थमा दिया। आरोप है कि पर्चा भरने के बाद भी सिर्फ एक उम्मीदवार का ही जमा कराया गया। बाकी ग्यारह लोग लाइन में खड़े खड़े अपनी बारी का इंतजार ही कर रहे थे कि बीडीओ उठकर चले गए। उम्मीदवार रामफेर, प्रखर यादव, शिवनारायण, अमर सिंह, फूलचंद आदि का आरोप है कि क्रय विक्रय समिति के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर शीतगृह पर बनाए गए चुनाव कार्यालय पर शनिवार की सुबह दस से चार बजे तक पर्चा खरीद और जमा होना था। चुनाव से वंचित कर दिए गए उम्मीदवारों का आरोप है कि चुनाव अधिकारी सुबह कुछ क्षणों के लिए यहां आये लेकिन पर्चा नहीं दिया। सायं चार बजने में पांच मिनट शेष रहते वह पुनः आये और दो? लोगों को पर्चा थमाते ही समय समाप्त हो जाने की घोषणा कर दी। आरोप है कि किसी उम्मीदवार का पर्चा जमा नहीं हो पाया था कि बीडीओ उठकर ब्लाक मुख्यालय चल दिए। इस बाबत में खंड विकास अधिकारी वीर बहादुर सिंह का फोन लगाया गया तो स्विच ऑफ बता रहा था। बार-बार उम्मीदवारों के द्वारा हो हल्ला करने पर मौके पर पुलिस बल भी बुलवा कर दहशत का माहौल भी बना दिया गया। वंचित उम्मीदवार न्यायालय जाने का मन बना रहे हैं।

## पुलिस ने पैदल गश्त कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**जलालपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा के निर्देश पर पुलिस ने शुक्रवार को कस्बे में पैदल गश्त करते हुए आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया और व्यापारियों से सड़क पर अतिक्रमण न करने की अपील की। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव ने देर शाम करीब एक दर्जन पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का आंकलन किया और व्यापारियों से सड़क पर अतिक्रमण न करने की अपील की।

# एसपी ने कोतवाली का किया औचक निरीक्षण

**दिशा निर्देश**

**बंद सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त करने का दिया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज



कोतवाली का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक

**मछलीशहर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा ने गुरुवार देर रात्रि कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई के साथ परिसर को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया।

कोतवाली पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले कार्यालय का निरीक्षण किया। कार्यालय में रखे अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव को लेकर वे गंभीर दिखे। उन्होंने एनसीआर रजिस्टर, दर्ज हुए मुकदमें की स्थिति के साथ मुकदमों के निस्तारण की स्थिति जानी। इसके बाद उनके द्वारा सीसीटीवी के चल रहे कैमरों की स्थिति देखी जो नही चल रहे उन्हें जल्द दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कोतवाली का सीसीटीएनएस कक्ष के साथ नवनिर्माण आवास के साथ पुराने आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिसर सहित पुराने आवासों के पास गंदगी देख उन्हें जल्द से जल्द साफ सफाई का निर्देश दिया।

परिसर के बाद उन्होंने महिला हेल्प डेस्क की शिकायत रजिस्टर को देखा और उसके निस्तारण को देख संतुष्टि जाहिर की। महिला हेल्प डेस्क के बाद उन्होंने मालखाने में रखे गन व राइफल की स्थिति देखी। अंत मे उन्होंने भोजनालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार को अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान इंस्पेक्टर हरिराम वर्मा, अरविंद चौहान के साथ सभी उपनिरीक्षक व कांस्टेबल मौजूद रहे।

# पिकअप के धक्के से टूटा रेलवे फाटक



**जौनपुर।** जंघई-प्रतापगढ़ रेल मार्ग के गरियांव स्थित गेट नं. 54 तेज रफ्तार पिकअप के धक्के से टूट गया। पिकअप चालक वाहन को बैक कर फरार हो गया। जबकि फाटक टूटने की जानकारी मिलने पर रेल कर्मियों में हड़कंप मच गया।

घटना शनिवार अपरान्ह 2:44 की है। मुंगराबादशाहपुर से जंघई की ओर आ रही पिकअप ने गरियांव 54 नम्बर गेट पर धक्का देकर तोड़ दिया। वह वाहन को उसी रास्ते वापस कर भाग गया जबकि वहीं तैनात गेट मैंन वाहन का नम्बर भी नहीं देख पाया। सूचना पर पहुंचे रेल पथ निरीक्षक व आरपीएफ इंस्पेक्टर अशोक कुमार ने रेल कर्मियों की मदद से उसे ठीक करा लिया।

## संक्षेप

### यूपीपीसीएस में बेटी के दूसरा स्थान लाने पर गांव में छाई खुशी



प्रतीक्षा पाण्डेय

**सुइथाकला।** शुक्रवार देर शाम आए यूपीपीसीएस 2022 के फाइनल रिजल्ट में दूसरा स्थान लाने वाली क्षेत्र की बेटी प्रतीक्षा पाण्डेय के पैतृक गांव अरसिया डिहवा में खुशी की लहर दौड़ गई। लोग एक दूसरे को बधाई देते नजर आए। गौरतलब हो कि प्रतीक्षा अपने माता-पिता के साथ लखनऊ में रहकर बीटेक तक की शिक्षा दीक्षा ग्रहण किया है। वह अपनी माता पिता की तीसरी सन्तान हैं। बड़ी बहन और बड़ा भाई भी इंजीनियर हैं। पिता इंजीनियर प्रभु नारायण पाण्डेय और माता आरती पाण्डेय के साथ ही उन्होंने बड़े पिता पूर्व शिक्षक संतोषी पाण्डेय, चाचा अनिरुद्ध पाण्डेय और गुरूजनों को सफलता का श्रेय दिया है। उन्होंने क्षेत्र की बेटियों के लिए सफलता का मूलमंत्र कड़ी मेहनत बताया। अभी आगे वह आईएएस बनना चाहती है।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक ने औराई थाने में सुनी जनसमस्याएं

**समाधान दिवस**

**गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश**

**जमीन व राजस्व विवादों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम कराये निस्तारण**

जनसंदेश न्यूज

**ज्ञानपुर।** सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मिजार्पुर आरपी सिंह ने औराई थाने पर समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा वहां मौजूद सम्बन्धित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी को मौके पर जाकर शिकायतों को शत-प्रतिशत व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरियें इसके लिए उनकी शिकायतों, समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन कर गुणवत्तापरक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। प्रदेश सरकार की मंशानुरूप जनता जनार्दन को अपने थाना स्तर पर ही उनकी शिकायतों का निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। जनता की शिकायतों को सुनते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन जनता दर्शन में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण कर-के समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुये सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न वरती जाये जिससे आम-जनमानस को बिना बजह परेशान न होना पड़े। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी औराई, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही, क्षेत्राधिकारी औराई सहित राजस्व व पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**भदोही।** थाना चौरी क्षेत्र अंतर्गत नाबालिग को आरोपी युवक द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की घटना के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं.-31/2023 धारा-363, 366 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा महिला सम्बंधित अपराधों में त्वरित कार्यवाही के निर्देश के क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा अपहृता को सकुशल बरामद करते हुए उक्त अभियोग से सम्बन्धित अभियुक्त गोलू पुत्र छोटेलाल उर्फ पुर्णवासी निवासी अमवां खुर्द थाना चौरी जनपद भदोही उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए चालान न्यायालय किया गया।

# सरकारी जमीन पर लगी मूर्ति को एसडीएम ने हटवाया

जनसंदेश न्यूज



अम्बेडकर की मूर्ति को हटवाने पहुंचे एसडीएम

**बरईपार।** तेजीबाजार थाना क्षेत्र के धनौवा गांव में सरकारी जमीन पर अनुसूचित जाति के लोगों द्वारा अंबेडकर जयंती मनाए जाने को लेकर शनिवार की सुबह में बाबा साहब की मूर्ति लगाई गई। गांव के किसी व्यक्ति द्वारा शिकायत की गई तो एसडीएम ने पहुंचकर वहां से मूर्ति को हटवा दिया।

उक्त गांव में अपनी मर्जी से ग्राम पंचायत की खाद गड्ढे की जमीन पर बाबा साहब आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के मामले का शनिवार दोपहर को पटाक्षेप हो गया। एसडीएम ने गांव वालों को समझाकर मूर्ति उस स्थान से हटावा दी। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की मूर्ति गांव के अनसुचित जाति के लोग पूर्व सुनियोजित ढंग से शनिवार की सुबह जाकर स्थापित कर दी थी। इसकी सूचना लगते ही एसडीएम राजेश चौरसिया एवं क्षेत्राधिकारी संत प्रसाद उपाध्याय मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंच गए। ग्रामीणों से मूर्ति हटाने की बात कही लेकिन ग्रामीण नहीं माने। सूचना पर तेजीबाजार, मछलीशहर, बक्शा सहित पीएसी बल को बुलाया गया। एसडीएम ने अपनी मौजूदगी में हल्का लेखपाल को टीम के साथ सरकारी जमीन की पैमाइश कराया। नियम कानून का दायरा बताते हुए एसडीएम ने उक्त प्रतिमा वहां से हटवा दी। ग्रामीण इस शर्त पर माने कि प्रशासनिक अनुमति के बाद वे दोबारा बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करेंगे।

## दुर्घटना में घायल कराह रही गाय का हुआ सफल आपरेशन

**खेतासराय।** क्षेत्र के लपरी बाजार स्थित पेट्रोल पम्प के पास एक गाय को ट्रक ने शनिवार को टक्कर मार दिया था जिससे गाय का पैर टूर गया वह सड़क पर ही गिरकर कराह रही थी। मामले की सूचना स्थानीय लोगों ने पशु चिकित्साधिकारी सोंधी विपिन सोनकर को दिया जिस पर मौके पर टीम के साथ पहुंचे उक्त डाक्टर ने इस घायल गाय का टूटा पैर काटकर गाय का सफल चीडफाड़ किया और उसे लपरी गौ-शाला में पहुंचा दिया जिसकी देखरेख डॉक्टर की टीम वहां कर रही है।

## थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय कोतवाली परिसर में समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार संतोष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर दो प्रार्थना पत्र राजस्व से संबंधित आये जिसका निस्तारण नहीं हो पाया। इस मौके पर कोतवाल ओम नारायण सिंह व राजस्व कर्मी उपस्थित रहे।

# चिलचिलाती धूप में बेसहारा पशु इधर-उधर भटकने को मजबूर

**समस्या**

**गंगौली गांव में किसानो की फसल को छुट्टा मवेशी कर रहे हैं बर्बाद**



**केराकत।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रदेश भर में एक भी छुट्टा मवेशी सड़क, खेत व खालियानों में नजर नहीं आने चाहिए अगर ऐसे छुट्टा मवेशी घूम रहे हैं तो उन्हें गौ-आश्रय तत्काल भेजा जाय पर लगता है कि जिले के अधिकारीगणों को योगी सरकार के कार्य रास नहीं आते दिख रहे हैं। कई बार छुट्टा मवेशियों की खबर अखबारों में प्रकाशित हो रही है बावजूद इसके भी सरकार के आदेशों की अवहेलना करते हुए अधिकारी व कर्मचारी अच्छे कार्यों का पतीला लगाने पर तुले हुए है।

गौरतलब हो कि एक तरफ जहां बेमौसम की बारिश का कहर किसानों पर टूटा तो वही छुट्टा मवेशियों का झुंड भी किसानों की पकी फसल को बर्बाद कर रहे है। ऐसा ही एक नजारा तहसील मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर दूर गंगौली गांव में छुट्टा मवेशियों का झुंड पकी फसल को बर्बाद करते हुए देखा गया। विडंबना तो देखिए कि लगभग हर रोज स्टेशन रोड से छुट्टा मवेशी बाजार की तरफ जाते हुए देखा जा रहा है। बाबजूद इसके भी भटक रहे छुट्टा मवेशियों को पकड़कर गौशाला नहीं भेजा जा रहा है। अधिकारी कर्मचारी तंदनिद्रा में सोए हुए हैं। गौशालाओं की बात करें तो उनकी दशा भी किसानों की तरह ही दयनीय है। मद डकारते हुए गौशालाओं के संचालक तो मस्त है वहीं पशु पस्त हैं। बहरहाल चिलचिलाती धूप में इधर उधर भटक रही गायों की इस दुर्दशा पर अधिकारी अपना कर्तव्य निभाएंगे? यह एक सोचनीय विषय है।

## संक्षेप

### नपा अध्यक्ष के चुनाव में दमदार प्रत्याशी उतारने की कांग्रेस ने की चर्चा

**भदोही।** नगर पालिका परिषद के चुनाव को लेकर कांग्रेसियो ने भदोही नगर में कांग्रेस नेता स्वालेह अंसारी के आवास पर बैठक की। बैठक में आगामी निकाय चुनाव के लिए दमदार प्रत्याशी की चर्चा की गयी। चुनाव आयोग द्वारा भदोही नगर पालिका परिषद को महिला पिछड़ा वर्ग घोषित किये जाने पर फिर से सभी राजनीतिक दल के लोगो ने अपनी-अपनी पार्टी मे प्रत्याशी चयन प्रक्रिया को अमली जामा पहनाना शूरू कर दिया है। इससे पहले घोषित आरक्षण मे भदोही नगर पालिका परिषद को अनारक्षित घोषित किया गया था। लेकिन पूरे प्रदेश में आरक्षण को लेकर लोगो मे घोर आपत्ति थी तथा न्यायालय में अपनी आपत्ति को दर्ज कराया। न्यायालय ने इसका संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग से आरक्षण पर पुनः विचार कर रिपोर्ट मांग लिया। इसबार के नये आरक्षण मे भदोही नगर पालिका परिषद को पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किया है। काग्रेस ने नये आरक्षण के मद्दे नजर बैठक कर दमदार प्रत्याशी उतारने की जिला काग्रेस कमेटी से मांग की। कांग्रेस नेता मुशीर इकबाल ने कहा कि भदोही जनपद मे दो नगर पालिका परिषद है एक भदोही और दूसरा गोपीगंज हैं। भदोही पिछड़ा वर्ग महिला और गोपीगंज अनारक्षित है। दोनो सीट बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस बार जनपद मे निकाय क्षेत्र बढ़ाये जाने से चुनाव बहुत ही रोचक होने वाला है। जिस प्रत्याशी का छवि साफ सुथरी और समाज मे लोकप्रिय होगा उसी की जीत होगी। बैठक मे प्रमुख रूप से परवेज अंसारी,दिनेश चौरसिया, अभिमन्यु यादव,अरशद मलिक ,उपेन्द्रं कुमार भारती, संदीप गुप्ता, मुश्ताक अंसारी, शमीम अंसारी, शम्शुल हक हाशमी, लाल मोहम्मद मंसूरी सहित अन्य मौजूद रहे।

### समाधान दिवस पर आये 25 मामले, निस्तारण एक का भी नहीं

**गोपीगंज।** कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस के दौरान एसपी डॉक्टर अनिल कुमार व एडीएम रविन्द्र कुमार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं, फरियादियों को पावती पर्ची भी दी गई, ताकि समयबद्ध तरीके से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। शनिवार को गोपीगंज कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस व आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अनिल कुमार व एडीएम रविन्द्र कुमार पहुंचे। अधिकारियों के समक्ष फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए, जिन्हें एसपी की पहल पर पावती पर्ची दी गई, साथ ही उन्होंने चार पर्ची को बनाने का निर्देश दिया। एक पर्ची शिकायतकर्ता को, दूसरी हल्का इंचार्ज, तीसरा संबंधित राजस्व विभाग को एक थाने पर रखने को ताकि शिकायतों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके और इसमें संबंधित अधिकारियों की लापरवाही पर उनकी जवाबदेही तय की जा सके। उन्होंने जल्द से जल्द शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिए हैं। एसपी व एडीएम ने थाना समाधान दिवस के रजिस्टर का भी अवलोकन करते हुए पूर्व में आई शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता की जांच की। उन्होनें कहा कि जरूरत पड़ने पर जिस मामले में बार बार शिकायते आ रही हो उनके विरुद्ध 107/116 की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। थाना दिवस पर कुल 25 मामले आए जिनमें एक थाना से संबंधित 24 मामले राजस्व के थे। मौके पर औराई ज्ञानपुर से संबंधित राजस्व के मुख्य रूप से अमरेश पांडेय, बेलाल अहमद अन्य कानूनगो, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

### अम्बेडकर जयंती व स्थापना दिवस धूमधाम से मनाएगी बसपा

**सुरियावां।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में भदोही विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत सुरियावां में बौद्ध विहार बावन बीघा तालाब सुरियावां पर बसपा पदाधिकारियों कार्यकताओं की बैठक की गई। जिसमें मुख्य रुप से आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जयंती बीएसपी के स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयागराज व मिर्जापुर मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज अमरेंद्र बहादुर भारतीय रहें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बसपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश चौधरी व जिला सचिव बसपा सुरेश चंद्र गौतम रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा सचिव अशोक कुमार बिंद ने की।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**

**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा** पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# अंतर्जनपदीय एटीएम फ्रॉड गैंग का पदार्फाश, पांच गिरफ्तार

**खुलासा**

**थाना कोईरौना व सर्विलांस की संयुक्त टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलता**

**विभिन्न बैंकों के कुल-34 चोरी के एटीएम कार्ड बरामद**

जनसंदेश न्यूज



अंतर्जनपदीय एटीएम फ्रॉड गैंग के पकड़े गए लोगों को मीडिया के सामने पेश करती पुलिस

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर प एटीएम कार्ड के माध्यम से धोखाधड़ी करके पैसा लूटने वाले गैंग का कोइरौना पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने पदार्फाश किया है। पुलिस की संयुक्त टीम ने सरगना सहित पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। एडिशनल एसपी राजेश भारती ने पुलिस लाइन में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मामलें का खुलासा किया।

23 मार्च को कोइरौना क्षेत्र में एटीएम फ्राड कर धोखाधड़ी की गयी थी इस मामलें में कोइरौना थाने में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। एसपी ने एटीएम कार्ड की घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमें गठित कर घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु निर्देश दिए गए।

थाना कोइरौना व सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा एटीएम के अंदर लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करते हुए शनिवार को औराई पुलिया के पास से एटीएम फ्रॉड करने वाले गैंग का पदार्फाश करते हुए सरगना सहित पाँच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपियों के कब्जे से विभिन्न बैंकों के चोरी के कुल 34 अदद एटीएम कार्ड, एटीएम फ्रॉड की घटनाओं से सम्बन्धित खर्च के उपरांत बचे हुए दो हजार नगद तथा दो तमंचा दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। फ्रॉड की घटना से पूर्व एटीएम की रेकी करने में प्रयुक्त तीन बाइक अपाचे, ग्लैमर व हीरो एचएफ डीलक्स भी बरामद किया गया है। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में थानाध्यक्ष कोइरौना मक्खन लाल, उपनिरीक्षक प्रमोद सिंह यादव, उपनिरीक्षक प्रवीण शेखर आदि शामिल रहें।

## फर्जी सूचना पर हलकान हुए अफसर

**ज्ञानपुर।** क्षेत्र के रोही पिलखना साधन सहकारी समिति पर पशु आहार रखे जाने की फर्जी सूचना पर महकमें में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुँची अधिकारियों की टीम ने मौके पर निरीक्षण किया।जाँच के दौरान सूचना फर्जी पाई गई। घटना के सम्बन्ध में मिली जानकारी के मुताबिक चुनाव आयोग को किसी व्यक्ति ने फर्जी सूचना भेज दिया की रोही पिलखना साधन सहकारी समिति पर पशु आहार रखा गया है, जिसका वितरण नहीं हुआ हैं। इसलिए रोही पिलखुना समिति चुनाव में भाग नहीं ले सकती। सूचना पर सहायक आयुक्त एवं निबंधक सहकारिता नें मौके पर पहुँचकर गोदाम का निरीक्षण किया, सचिव कमलेश मिश्रा, मिथलेश यादव प्रभारी, और विजय बिन्द के द्वारा गोदाम एवं ऑफिस का ताला खुलवाकर एवं विडिओ रिकार्डिंग कराया एवं निरिक्षण किया। जिसमें कुछ नहीं पाया गया, उन्होंने जनता के सामने आश्वासन दिया कि ऐसे फर्जी सूचना देने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कर्रवाई की जाएगी और उनको दण्डित किया जाएगा।

# देश व समाज के विकास में महिलाएं निभा रहीं अग्रणी भूमिका : यादवेंद्र राय

**चर्चा**

**आज या कल हो सकती है निकाय चुनाव की घोषणा बढ़ी सरगर्मी**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगर निकाय चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। चट्टी चौराहों में चुनावी चर्चा तेज हो गयी है। इन दिनो भावी प्रत्यासियों के लिए शोसल मिडिया अपनी बात रखने व प्रचार प्रसार का अच्छा माध्यम नजर आ रहा है। इस बार किस पार्टी से किसे टिकट मिलेगा यह तो समय आने पर ही पता चलेगा लेकिन विभिन्न पार्टी के टिकट पर चुनाव लड? के लिए दर्जन भर से अधिक भावी प्रत्यासी प्रयासरत है। दूसरी तरफ जनता चाहती है कि अध्यक्ष पद पर ऐसा जनप्रतिनिधि चुना जाय जो क्षेत्र के चौमुखी विकास बिना भेद भाव कर सके।

इन दिनो सोशल मिडिया पर सपा व भाजपा के टिकट पर चुनाव लड? के इच्छुक अधिक नजर आ रहे है। भदोही नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद का सीट ओबीसी महिला है। नगर के काका कार्पेट के चेयरमैन यादवेंद्र राय काका ने भदोही नगर पालिका अध्यक्ष पद का सीट ओबीसी महिला होने का स्वागत किया है। साथ ही कहा कि देश व समाज के विकास में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रही है। सरकार भी हर संभव महिला हित में योजनाएं चला रही है। प्रमुख समाज सेवक यादवेंद्र राय काका ने नगर के विकास पर चर्चा करते कहा कि यह क्षेत्र कालीन नगरी के नाम से विख्यात है।



यादवेंद्र राय काका

उस लिहाज से जिस तरह का विकास होना चाहिए उस तरह का विकास नजर नहीं आता है। पार्क, खेल ग्राउंड, सामुदायिक भवन, जल निकासी का सम्पूर्ण व्यवस्था आदि की आवश्यकता शिद्दत से महसूस की जारही है। हमारा नीजी विचार तो यही है कि इस बार नगर निकाय चुनाव अध्यक्ष पद के लिए वही महिला दावेदार चुन कर आये जो अपने निर्णय खुद ले सके।

# जीवनदीप हॉस्पिटल के रोजा इफ्तार पार्टी में दिखी गंगा जमुनी तहजीब

**बैठक**

**मांगी मुल्क में अमन चैन भाई चारगी की दुआएं**

जनसंदेश न्यूज



जीवनदीप हॉस्पिटल द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल लोग

**भदोही।** शहर के इंद्रामील ब्रीज के पास जौनपुर रोड स्थित जीवनदीप हॉस्पिटल के प्रांगण में शनिवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन जीवनदीप हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर अजीत कुमार गुप्ता की ओर से आयोजित किया गया। इफ्तार का वक्त होते ही एखलाक राइन ने अजान दी और मगरिब की नमाज हाफिज मो सादिक राइन ने पढ़ाई। रोजा इफ्तार पार्टी में सर्व समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत कर मुल्क में अमन-चैन और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।

इस दौरान गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। जीवनदीप हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर अजीत कुमार गुप्ता की ओर से आयोजित सामूहिक इफ्तार कार्यक्रम के दौरान गंगा जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिली। इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजर्ग, नौजवान के साथ बड़ी तादाद में हिन्दू भाइयों ने भी शिरकत की। इस अवसर पर अरविंद एक्सपोर्ट के जय प्रकाश गुप्ता ने आयोजन की सराहना किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्वेश यादव, डॉ. ए एच खान, डॉ. गुलाम ख्वाजा, फिरोज वजीरी, शमीम अंसारी, सेराज खान, मो.शमीम राइन, जाबिर बाबू, कमाल खान, खालिद अंसारी, कामिल अंसारी आदि रहे। हॉस्पिटल के उमाशंकर पाल और डॉ. राजीव कुमार लोगों के स्वागत में लगे रहे। अंत मे डॉ. ए के गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कुरआन के रूप में मिली है एक बहुत बड़ी नेमतः मौलाना अब्दुस्समद



तरावीह की नमाज मुकम्मल होने पर हाफिज का इस्तकबाल करते नमाजी



आर एम सी के बगल वाली मस्जिद में हाफिज वकार का इस्तकबाल करते नमाजी

**आयोजन**

**घमहापुर मोहल्ले के मस्जिद गूलशने मदीना में हाफिज एराफ ने मुकम्मल कराई तरावीह**

**आर एम सी के बगल वाली मस्जिद में हाफिज वकार ने कराई तरावीह की नमाज मुकम्मल**

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** नगर के घमहापुर मोहल्ले में स्थित मस्जिद गुलशने मदीना में शुक्रवार को हाफिज एराफ अंसारी ने तरावीह मुकम्मल कराई। उसके बाद मुक्तदियों ने उन्हें फूल मालाओं का हार पहनाकर मुबारकबाद दिया। अंत में सभी ने बारगाहे इलाही में दोनों हाथों को फैलाकर मुल्क में अमन-चैन कायम रखने की दुआएं मांगी।

इस दौरान मौलाना अब्दुस्समद जियाई ने आज के मुसलमानों के किरदार पर तफ्सील से बयान की और कहा कि आज मुसलमानों का यह हाल है कि अपने सगे भाई, रिश्तेदार, पड़ोसियों की तरक्की को देखकर इतना जलते है कि उनकी टांग खींच कर कैसे उन्हें पीछे करें, इसके बारे में सोचते रहते हैं। जबकि थानों और कोर्ट की हालातों पर नजर दौड़ाई जाए तो सबसे ज्यादा मामले मुसलमानों के चल रहे है। वैसे सभी मसलों का हल कुरआन में मौजूद है। उन्होंने कहा कि हमारे नबी ने हमे कुरआन के रूप में ऐसी बहुत बड़ नेमत दी है कि जिसमें दीन व दुनिया की सारे मसलों का हल मौजूद है। मुसलमान प्रतिदिन कुरआन के कुछ हिस्से की तिलावत करें और उसके मायने भी समझें। उस इंसान को कुरआन कभी गलत रास्ते पर जाने ही नहीं देगा। उसके बाद मुक्तदियों ने हाफिज एराफ अंसारी को फूल मालाओं से इस्तकबाल किया। इस मौके पर मस्जिद इमाम बेलाल रजा, कमाल खान, डॉ जावेद अंसारी, मो.हम्माद हुसैन, जमाल खां, अब्दुल मोहसिन, डॉ. ताजुद्दीन, एहसान अहमद, इमरान अंसारी, शहनवाज सेख, साहबजान हाशमी, आबिद अंसारी, खुर्शीद शाह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसी तरह आर एम सी के बगल वाली मस्जिद में हाफिज वकार ने तरावीह की नमाज मुकम्मल कराई। इस दौरान मोतवल्ली रियाज, हारून खान, गनी खान, मोअज्जिन बाबू भाई, हाफिज शेर अली और अरकान खान आदि ने फूल माला पहना कर हाफिज वकार का इस्तकबाल किया।

# भारत का पहला जनरल पोस्ट ऑफिस



## मशहूर-खूबसूरत इमारत की दांस्ता

कोलकाता में हुगली के किनारे नेताजी सुभाष रोड पर स्थापत्य की दृष्टि से लाजवाब यह सफेद इमारत भले वर्ष 1864 में बनी थी लेकिन महानगर में डाक सेवा उससे करीब 90 साल पहले वर्ष 1774 में ही शुरू हो गई थी। यह बात शायद कम लोगों को ही पता है कि यह इमारत जहां बनी है वहां कभी फोर्ट विलियम यानी अंग्रेजी सेना का मुख्यालय हुआ करता था। कोलकाता में 1774 में डाक सेवा शुरू करने का श्रेय वॉरेन हेस्टिंग्स को दिया जाता है। उनके दौर में जो पोस्ट ऑफिस शुरू हुआ था वह ओल्ड पोस्ट ऑफिस स्ट्रीट पर था। रेडफर्न नामक एक सज्जन यहां पहले पोस्ट मास्टर जनरल बने थे।



## बिग बेन बनाने वाले ने ही इस भवन पर लगाई थी घड़ी

इस दो-मंजिला भवन की निचली मंजिल का क्षेत्रफल 49,471 वर्ग फुट और पहली मंजिल का 29,713 वर्ग फुट है। फिलहाल यह भवन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की हेरिटेज सूची में शामिल है। वर्ष 1896 में इस भवन के गुंबद पर चमकदार डायल वाली एक घड़ी लगाई गई। इस घड़ी को लंदन की उसी घड़ीसाज कंपनी व्हाइटचैपल बेल फाउंड्री ने बनाया था जिसने वहां एलिजाबेथ टावर पर दूसरा बिग बेन बनाया।

## पार्सल कैफे: अपनी तरह का पहला कैफे

वर्ष 2018 में इस भवन के डेढ़ सौ साल पूरे होने कई कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। अभी बीते साल ही यहां एक पार्सल कैफे खोला गया था जो देश में अपनी तरह का पहला कैफे है। अपने कामकाज के सिलसिले में पोस्ट ऑफिस आने वाले लोग इसमें बैठ कर चाय-नाश्ता कर सकते हैं। इस कैफे में खाने-पीने के साथ ही पार्सल बुकिंग काउंटर की भी सुविधा है। इस मौके पर तत्कालीन पोस्ट मास्टर जनरल नीरज कुमार ने बताया था, इस कैफे की शुरूआत का मकसद मौजूदा पीढ़ी के साथ डाक विभाग संबंधों को मजबूत करना है। युवा पीढ़ी में से ज्यादातर को इस भवन और इसके समृद्ध इतिहास के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। कैफे के बहाने ही सही, लोग यहां आने लगे हैं। इस कैफे में पहुंचने वाले प्रेसिडेंसी के छात्र सुशांत कुमार दास बताते हैं, यहां कैफे में आया तो इस भवन के समृद्ध इतिहास के बारे में ऐसी बातें भी पता चलीं जो मैंने पहले नहीं सुनी थी। अब तो मैं अक्सर यहां आता हूं।

## देश के पहले जीपीओ का इतिहास

वर्ष 1864 में पुराने फोर्ट विलियम के अवशेषों पर बने इस जीपीओ भवन का डिजाइन वाल्टर बी ग्रेनविल (1819-1874) ने तैयार किया था।वो वर्ष 1863 से 1968 तक केंद्र सरकार के वास्तु सलाहकार रहे थे। ग्रेनविल एक मशहूर वास्तुकार थे। उन्होंने इंडियन म्यूजियम और कलकत्ता हाईकोर्ट के नक्शे भी बनाए थे। मौजूदा जीपीओ भवन का निर्माण वर्ष 1700 में बने पुराने फोर्ट विलियम की जगह पर किया गया है। फोर्ट विलियम के उस भवन को वर्ष 1756 के हमले में सिराजुद्दौला ने बर्बाद कर दिया था। जीपीओ भवन अपनी भव्य ऊंची गुंबद वाली छत (220 फुट से अधिक ऊँची) और लंबे आयोनिक-कोरिंथियन खम्भों के लिए मशहूर है। यहाँ एक डाक संग्रहालय भी है जिसे 1884 में बनाया गया था। उसमें कलाकृतियों और डाक टिकटों के संग्रह को प्रदर्शित किया गया है। इस भवन के निर्माण का जिम्मा महानगर की कंपनी मैकिनटोश बर्न लिमिटेड को सौंपा गया। वर्ष 1864 में निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इसे पूरा होने में करीब चार साल का समय लगा। उसी साल यानी 1868 में दो अक्तूबर को इसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। उस समय इस भवन के निर्माण में छह लाख रुपये से कुछ ज्यादा रकम खर्च हुई थी।

## क्यों शुरू की गई थी डाक व्यवस्था?

कोलकाता में डाक की व्यवस्था महज ईस्ट इंडिया कंपनी के पत्रों को भेजने के लिए शुरू हुई थी। लेकिन बाद में अंग्रेज अधिकारियों को भी मुफ़्त पत्र भेजने की सुविधा मुहैया करा दी गई। ब्रिटिश शासकों ने इसके बाद सोचा कि आखिर डाक को भेजने और लाने का खर्च कैसे निकलेगा? इस सवाल का जवाब तलाशते हुए आम लोगों के लिए भी पत्र भेजने की सुविधा खोल दी गई। लेकिन तब उसके लिए मामूली खर्च देना होता था। उसके बाद निजी पत्रों की तादाद और एक से दूसरे शहर तक सामान भेजने में तेजी आई। इसके साथ ही जीपीओ की आय भी बढ़ने लगी। आज के फोन, ईमेल और मोबाइल दौर में पत्र भेजने वालों की तादाद भले बहुत कम रह गई है, इस भवन का इतिहास अब भी बेहद चमकदार है। वरिष्ठ पत्रकार तापस मुखर्जी इस भवन के स्वर्णिम दिनों के गवाह रहे हैं। कोलकाता के सबसे बड़े अखबार समूह में करीब चार दशक की नौकरी के बाद अब गुड़गांव में रह रहे मुखर्जी बताते हैं, पत्रकारिता के शुरूआती दिनों में देश की विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में लेख और रिपोर्ट्स भेजने का जीपीओ ही अकेला जरिया था।वो कहते हैं, "सत्तर के दशक में तो यहां लंबी कतारें लगती थीं। डाक से संबंधित हर चीज यहां मिलती थी। तकनीकी विकास और खासकर इंटरनेट और मोबाइल फोन के बढ़ते प्रचलन ने यहां भीड़ बेशक घटा दी है लेकिन यह भवन एक जीता जागता धरोहर है। शुरूआती दौर में आम लोगों के पत्र या पार्सल उन तक पहुंचाने वालों को डाकिया नहीं, बल्कि रनर कहा जाता था। तब जो पोशाक वो पहनते थे वो, बैज और बेल्ट यहां बने म्यूजियम में संरक्षित हैं। यह भवन अब कोलकाता की प्रमुख पहचान बन चुका है। मध्य कोलकाता में इस भवन के स्थान पर ही कभी पहला फोर्ट विलियम बना था। तब हुगली नदी इसके एकदम करीब थी। पोस्ट ऑफिस भवन में लगी कुछ पुरानी तस्वीरों में भवन के ठीक पीछे जहाज के मस्तूल भी देखे जा सकते हैं।







# इतिहास से मुगलों का सफाया

## एनसीआरटी की किताबों में बदलाव पर बवाल क्यों?

*एनसीईआरटी ने कक्षा 12 के लिए इतिहास की किताब को 'थीम्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री' (भारतीय इतिहास के कुछ विषय) शीर्षक से तीन हिस्सों में प्रकाशित किया है। इसके दूसरे हिस्से के पाठ 9 राजा और इतिहास, मुगल दरबार को अब पुस्तक से हटा दिया गया है। एनसीईआरटी की वेबसाइट पर डाउनलोड करने के लिए इतिहास की जो नई किताबें उपलब्ध हैं उनसे 28 पन्नों का मुगल शासकों पर केंद्रित ये अध्याय गायब है। एनसीईआरटी की भारत के पूर्व मुसलमान शासकों को पाठ्यक्रम से हटाने के इस कदम को भारतीय इतिहास से मुगलों को हटाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। वहीं एनसीईआरटी का तर्क है कि ऐसा छात्रों पर पाठ्यक्रम के बोझ को कम करने के लिए किया गया है। हालांकि इतिहास की किताब में ऐसे अध्याय अभी भी हैं जिनमें मुगलों का ज़िक्र मिलता है। अध्याय पांच में यात्रियों के नजरिये से भारत को दिखाया गया है जिसमें दसवीं से सत्रहवीं सदी के भारत का ज़िक्र है। वहीं अध्याय छह भक्ति और सूफी परंपराओं पर केंद्रित है। इसमें भी मुगल काल की झलक मिलती है। अध्याय आठ का शीर्षक है किसान, जमींदार और राज्य, कृषि समाज और मुगल साम्राज्य। इसमें भी मुगल काल का ज़िक्र है।*

## 'आने वाली नस्ल को बर्बाद किया जा रहा है'

लेकिन बहुत से लोग ऐसे हैं जो किताबों में इन बदलावों को भारत से मुगल इतिहास को मिटाने के प्रयास के रूप में देख रहे हैं। इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस के सचिव और अलीगढ़ मुसलिम यूनिवर्सिटी में इतिहास के प्रोफेसर सैय्यद अली नदीम रेजावी कहते हैं, इतिहास बदलता रहता है, ऐसे में कुछ अर्से के बाद ये जरूरत महसूस होती है कि जो बच्चों को पढ़ाया जा रहा है उसमें बदलाव किया जाए। बदलाव करना कोई बड़ी बात नहीं है, ये होते रहते हैं। लेकिन ये बदलाव हमेशा से ही तथ्यों के आधार पर होते हैं, नई जानकारियों के आधार पर होते हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश पिछले कई सालों से अपने इतिहास को अपनी मजी मुताबिक लिखने की कोशिश की जा रही है। एक तरह से धीरे-धीरे इतिहास को मिटाकर उसकी जगह मिथकों को दी जा रही हैं। अली नदीम रेजावी कहते हैं, 2014 के बाद से बार-बार ये कोशिश की जा रही है कि इतिहास को एक अलग नजरिया दिया जाए। इससे पहले अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के दौरान भी इतिहास की किताबों में बदलाव की कोशिश की गई थी। लेकिन वो बदलाव तथ्यों और स्रोतों के आधार पर किया गया था। अब एक तरह से काल्पनिक इतिहास बनाने की कोशिश की जा रही है। प्रोफेसर रेजावी एनसीईआरटी के इस तर्क को खारिज करते हैं कि मुगलों को इतिहास की किताब से हटाया नहीं गया है बल्कि उनसे जुड़ी सामग्री को कम किया गाय है। वो कहते हैं, आप इतिहास से एक खास दौर को नहीं हटा सकते हैं। अगर आप ऐसा करते हैं तो आप बच्चों को गलत इतिहास पढ़ा रहे हैं और गलत जानकारी देंगे। अगर ऐसा होते है तो इसका समाज पर भी गहरा असर पड़ेगा। प्रोफेसर रेजावी के अनुसार, किताब में मुगलों से जुड़ा हिस्सा जो किताब में मौजूद है, उसको किसी खास उद्देश्य के तहत रखा गया है। वो कहते हैं, उन्होंने चुनिंदा हिस्सों को रखा है। जहां ये दिखाया जा सकता है कि मुगलों ने हिंदुओं से जंग की, उन हिस्सों को रखा है, लेकिन जहां ये दिखाया जा सकता है कि मुगलों ने इस समाज और देश को बनाने के लिए काम किया उसे हटा दिया गया है। प्रोफेसर अली नदीम रेजावी कहते हैं, महाराणा प्रताप को हीरो बनाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन महाराणा प्रताप को अकेले रखकर हीरो नहीं बनाया जा सकता। वहां अकबर की मौजूदगी जरूरी है, इसलिए वहां अकबर है। लेकिन अकबर ने आगे चलकर जो सांप्रदायिक सौहार्द के लिए काम किया और एक सहनशील समाज बनाया वो हटा दिया गया है।



## क्यों हुए बदलाव?

इतिहास की किताब में किए गए बदलाव का बचाव करते हुए मीडिया से बातचीत में एनसीईआरटी के प्रमुख दिनेश सकलानी ने कहा, मुगलों के इतिहास को हटाया नहीं गया है बल्कि छात्रों से पाठ्यक्रम के बोझ करके कुछ हिस्सों को कम किया गया है। सकलानी ने कहा, ये पाठ्यक्रम का रेशनलाइजेशन नहीं है, ये टेक्स्टबुक का रेशनलाइजेशन है। हम पिछले साल ये स्पष्टीकरण दे चुके हैं कि कोविड महामारी की वजह से छात्रों का बहुत नुकसान हुआ और उन पर दबाव बना। ये महसूस किया गया कि छात्रों पर पाठ्यक्रम के बोझ को कुछ कम किया जाए। विशेषज्ञों की सलाह पर ये बदलाव किए गए हैं। किताबों में बदलाव की इस प्रक्रिया में सिर्फ.इतिहास की किताब से मुगलों से जुड़े अध्याय को ही नहीं हटाया गया है। बल्कि राजनीति शास्त्र की किताब से उन वाक्यों को भी हटा दिया गया है जिनमें हिंदूवादियों के प्रति महात्मा गांधी की नापसंदीदगी और उनकी हत्या के बाद आरएसएस पर प्रतिबंध का ज़िक्र था। महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नथुराम गोडसे के बारे में लिखा वाक्य 'कि वो पुणे के ब्राह्मण थे' भी किताब से हटा दिया गया है। वहीं कक्षा 11 की समाजशास्त्र की किताब से 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े तीसरे और अंतिम संदर्भ को भी हटा दिया गया है। एनसीईआरटी की पुस्तकों में इन बदलावों की गैर-बीजेपी शासित राज्यों और विपक्षी दलों ने आलोचना की है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान, केरल और पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्रियों ने इन बदलावों का कड़ा विरोध किया है। वहीं आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा और तमिलनाडु के शिक्षा मंत्रियों ने कहा है कि राज्य में इन बदलावों को लागू करने से पहले इनकी गहन समीक्षा की जाएगी। लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार की सरकार ने इन बदलावों का समर्थन किया है। यूपी की शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा, नई शिक्षा नीति के आधार पर ये कार्य किया जा रहा है, एनसीईआरटी का जो पाठ्यक्रम है वही रहेगा, हमारी तरफ से कोई बदलाव नहीं है। उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सितंबर में एनसीईआरटी पुस्तक का आठवां अध्याय पढ़ाया जाएगा। इस अध्याय में मुगल साम्राज्य के दौरान भारत के कृषि समाज का ज़िक्र है। हालांकि अध्याय 9 जो पूरी तरह मुगलों पर है, वो पाठ्यक्रम की मासिक समय सारिणी से गायब है। यानी स्कूलों में इस शैक्षणिक वर्ष नई किताब से ही पढ़ाई होगी। सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा है कि सांप्रदायिक आधार पर इतिहास लेखन तेज हुआ है। वहीं सीपीआई के नेता डी राजा ने एनसीईआरटी को नेशनल काउंसिल फॉर इरेडिकेशन ऑफ रेशनेलिटी एंड ट्रुथ कहा है। डी राजा ने कहा, ये बदलाव इतिहास से छेड़छाड़ करने और इतिहास बदलने का आरएसएस का एक और प्रयास है। सरदार पटेल ने गांधी की हत्या के बाद आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था ताकि नफरत और हिंसा की शक्तियों को जड़ से उखाड़ फेंका जा सके। कोई भी झूठ इस तथ्य को छिपा नहीं पाएगा।

## बदलाव के पीछे का तर्क

एनसीईआरटी की नई किताबें जब बनकर स्कूलों में जाती हैं तो बहुत से बच्चों, परिजनों और शिक्षकों के सुझाव आते हैं। वो गलतियां बताते हैं और नए सुझाव देते हैं। आमतौर पर इन्हें ध्यान में रखकर ही पाठ्य पुस्तकों में बदलाव किए जाते हैं। विज्ञान के विषयों की किताबों में समय के हिसाब से बदलाव होते हैं क्योंकि नई जानकारियां सामने आती हैं। कई बार किताबों में उपलब्ध जानकारियां पुरानी हो जाती हैं और इन क्षेत्रों में नए विकास हो जाते हैं, ऐसे में ये बदलाव स्वभाविक होते हैं। इतिहास या अन्य विषयों की पुस्तकों में पहले भी बदलाव होते रहे हैं। इन बदलावों के लिए एनसीईआरटी के विशेषज्ञ चर्चा करते हैं और फिर पुस्तकों के लेखकों को बदलाव का सुझाव दिया जाता है। बीजेपी के करीब माने जाने वाले एनसीईआरटी के पूर्व चेयरमैन जेएस राजपूत कहते हैं, एनसीईआरटी एक बड़ी संस्था हैं जिसमें विशेषज्ञ हैं। एनसीईआरटी जो भी परिवर्तन करती है वो सामान्य तौर पर अकादमिक आधार पर ही होते हैं। इतिहास में अगर किसी ने अपनी विचारधारा डाली है तो उसको हटाया ही जाना चाहिए, लेकिन मुगल इतिहास वैश्विक इतिहास है, उसे पूरी तरह से हटाया नहीं जा सकता है। उसे रेशनलाइज किया गया होगा। राजपूत कहते हैं, किताबों में ये भी देखा जाता है कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि इतिहास के किसी कालखंड में क्या कुछ हिस्सों को छोड़ दिया गया है। मुझे भी लगा था कि मुगल काल के इतिहास को बहुत ज्यादा पढ़ाया गया है। उसे पढ़कर ऐसा लगता है कि सिर्फ.मुगल काल में ही हिंदुस्तान था उसके अलावा कभी कुछ था ही नहीं। अब नई शिक्षा नीति के आधार पर जो किताबें तैयार हो रही हैं उनमें इन सब बातों का ध्यान रखा जा रहा है। जेएस राजपूत मानते हैं कि मुगल भारतीय इतिहास का अहम हिस्सा हैं, उन्हें किताबों से हटाया नहीं जा सकता है, कुछ कम जरूर किया जा सकता है। 1999 से 2004 के बीच एनसीईआरटी के प्रमुख रहे जेएस राजपूत कहते हैं, 1970 के बाद वामपंथी विचारधारा के लोगों का संस्थानों पर प्रभाव हुआ। इस प्रभाव को कम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं। राजपूत कहते हैं, अपने कार्यकाल के दौरान मैंने भी किताबों को रेशनलाइज करने का प्रयास किया था। हालांकि उस समय हमने अंतिम फैसला किताब के लेखकों पर छोड़ दिया था। वो बदलाव के लिए तैयार नहीं थे, तब हमें नए लेखक खोजने पड़े। किताबों में हुए बदलावों पर विवाद के बाद एनसीईआरटी की साख पर भी सवाल उठ रहे हैं। ये आरोप लगाया जा रहा है कि एनसीईआरटी एक खास तरह की विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के बदलाव कर रही है। राजपूत कहते हैं, एनसीईआरटी की साख इतनी अधिक है कि उस पर इस तरह के विवादों का कोई असर नहीं होगा। एनसीईआरटी जो कर रही है सोच समझकर कर रही है। लोग ये जानते हैं कि भारत में वामपंथी विचारधारा का प्रभाव संस्थानों पर रहा है, अब उसे अगर कम किया जा रहा है तो जाहिर है इन प्रयासों को भी समर्थन मिलेगा। बहुत से लोग इन बदलावों का स्वागत भी कर रहे हैं।



# काशी वाली शीतला मां से प्यार हो गया..

### गायन, वादन व नृत्य का रहा अद्भुत संगम

### पांच दिवसीय शीतला महोत्सव की पांचवी निशा

**वाराणसी।** दशाश्वमेध घाट स्थित सिद्धपीठ बड़ी शीतला माता धाम में पांच दिवसीय शीतला महोत्सव के पांचवी और अंतिम निशा माता शीतला का भव्य श्रृंगार गायन वादन नृत्य के साथ मनाया गया। माता शीतला को पंचामृत स्नान कराकर षोडशोपचार विधि से पूजन पंडित पं अभिषेक पांडेय पं सतीश पांडेय ने किया। माता की आरती पं अविनाश पांडेय ने किया।

तत्पश्चात गीतकार कन्हैया दुबे केडी के संयोजन व संचालन में धीरज पांडेय व साथी कलाकारों के फ्लूट के मधुर धुन हे शंभू बाबा मेरे भोलेनाथ...वादन से कार्यक्रम की शुरुआत की। ख्यातिलब्ध कत्थक नृत्यांगना डॉ ममता टंडन की शिष्या मांडवी सिंह शांभवी सेठ व सौरव मिश्र ने देवी स्तुति या देवी सर्वभूतेषु... राधा कृष्ण पर आधारित मोरी छोड़ो डगरिया श्याम... गीत पर कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। गायन व हारमोनियम पर आनंद किशोर मिश्र तबले पर गौरव मिश्रा बांसुरी पर सुधीर गौतम ने संगत की। डॉ विजय कपूर ने जब भक्त नहीं होंगे भगवान कहां होगा... ज्योति माही ने तेरे दर पर ओ मेरी मैया तेरे दीवाने आए हैं... सुल्तानपुर के राजेश तिवारी रत्न ने शीतला के धाम बड़ा प्यारा हो... बड़ा नीक लागे हो सुहावन काशी नगरी... मयंक मिश्रा ने राग चारुकेश में जय जय भवानी... राग पहाड़ी में चैत मास बोलेली कोयलिया... 25 वर्षों से लगातार गोरखपुर से मां शीतला के दरबार में हाजिरी लगाने वाले



भजन सम्राट नंदू मिश्र ने पूरे पारंपरिक परिधान में श्री गणेश की स्तुति करते हुए गणपति राखो मेरी लाज... काशी वाली शीतला मां से प्यार हो गया सच्ची मुच्ची... माता वैष्णवी बसेली कश्मीरवा की काली कलकत्तवा ए हारी... सुनाते हुए देवी गीतों की झड़ी लगा दी। कलाकारों के साथ तबले पर दीपक सिंह ढोलक पर नसीम विशाल बेड पर साहिल बैंजो पर जियाराम आर्गन पर सावन में कुशल संगत किया। अन्य कलाकारों मे देर रात्रि तक अंशिका सिंह पिंकी मिश्रा वीरेंद्र वीर सुरेंद्र सिंह दीक्षा पटेल ने अपनी हाजिरी लगाई। कलाकारों का स्वागत महंत पं शिव प्रसाद पांडेय ने किया।

## गंगा पुष्कर मेले के संदर्भ में कई बिंदुओं पर चर्चा

**वाराणसी।** राम तारक आन्ध्रा आश्रम मानसरोवर के प्रांगण में शनिवार को काशी तेलगु समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें आगामी 22 से होने वाले गंगा पुष्कर मेले के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से राज्य सभा सांसदवीएल नरसिंम्हा राव को गंगा पुष्कर आर्गनाइजिंग कमेटी का अध्यक्ष, वीएस सुब्रह्मण्यम मणिजी उपाध्यक्ष, वीवी सुंदरशास्त्री सचिव, टी गजानन जोशी को संयुक्त सचिव चुना गया। सभा में मुख्य रूप से रामनाथ शर्मा, तुलसी मनोज जोशी, डी. वेंकटेश्वर राव, महेशजी,शास्त्री जी आदि मौजूद थे। सभा में गंगा पुष्कर मेले में तेलगु समाज के लोगों के लिए सुविधाजनक बनाने व भव्य रूप से इस आयोजन को करने का निर्णय लिया गया।